
किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो०: 9891706853

दैनिक

# समाज जागरण

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 3 अंक: 80 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) बुधवार 01 जनवरी 2025 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया


## 'आपको इससे परेशानी क्यों है ?': मनमोहन सिंह के शोक के दौरान राहुल गांधी की वियतनाम यात्रा पर भाजपा बनाम कांग्रेस



**दैनिक समाज जागरण**

नई दिल्लीः भाजपा द्वारा यह आरोप लगाए जाने के बाद कि पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के सात दिवसीय राष्ट्रीय शोक के दौरान राहुल गांधी वियतनाम की यात्रा कर रहे हैं, भाजपा और कांग्रेस के बीच वाकयुद्ध छिड़ गया। एक्स पर एक पोस्ट में, भाजपा आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने राहुल गांधी पर मनमोहन सिंह के निधन का राजनीतिकरण करने का आरोप लगाया।

"जबकि देश प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर शोक मना रहा है, राहुल गांधी नए साल का जश्न मनाने के लिए वियतनाम गए हैं। राहुल गांधी ने अपनी सुविधानुसार राजनीति के लिए डॉ. सिंह की मृत्यु का राजनीतिकरण किया और उसका फायदा उठाया, लेकिन उनके प्रति उनकी अवमानना को नजर-अंदाज नहीं किया जा सकता," मालवीय ने कहा।

"गांधी परिवार और कांग्रेस सिखों से नफरत करते हैं। यह कभी न भूलें कि इंदिरा गांधी ने दरबार साहिब का अपमान किया था," उन्होंने कहा।

कांग्रेस प्रतिनिधि मनचिकम टैगोर ने भाजपा के आरोपों का जवाब देते हुए कहा, "संघी लोग कब इस 'विचलन की राजनीति' को बंद करेंगे? जिस तरह से मोदी ने डॉ. साहब को यमुना तट पर दाह संस्कार के लिए जगह देने से इनकार किया और जिस तरह से उनके मंत्रियों ने डॉ. साहब के परिवार को किनारे लगाया, वह शर्मनाक है।" उन्होंने कहा, "अगर श्री गांधी निजी तौर पर यात्रा करते हैं, तो आपको इससे क्या परेशानी है? नए साल में स्वस्थ हो जाइए।"

## देवेंद्र फडणवीस का योगी अवतार,
### रंगदारी मांगने पर अपने ही मंत्री के करीबी की पकड़ी गर्दन, करना पड़ा सरेंडर

**दैनिक समाज जागरण**

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ की राह पर चल पड़े हैं. योगी की अपराध के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति को खूब पसंद किया जाता है. अब फडणवीस ने भी कुछ ऐसा किया है, जिसकी तारीफ हो रही है. बीड के चर्चित सरपंच संतोष देशमुख हत्याकांड और रंगदारी के एक मामले में अपने ही मंत्री धनंजय मुंडे के करीबी वाल्मीक कर-ाड पर आरोप लगा तो फडणवीस फायर हो गए. फिर ऐसी गर्दन पकड़ी कि वाल्मीक कराड को सरेंडर ही करना पड़ा.

वाल्मीक कराड के सरेंडर करने के बाद देवेंद्र फडणवीस ने कहा, प्रदेश में गुंडा राज नहीं चलने देंगे. यहां कोई भी फिरौती नहीं मांग सकता. कोई हिंसा नहीं कर सकता. सिस्टम काम कर रहा है, इसका सबूत लोगों को मिलना चाहिए. फडणवीस ने आक्रामक रुख अपनाते हुए कहा कि



हम किसी अपराधी को छोड़ने वाले नहीं है. हम सभी आरोपियों को खोजकर निकालेंगे. फडणवीस ने कहा, खुद मैंने देशमुख के भाई से फोन पर बात की है. मैंने उन्हें भरोसा दिया है कि जब तक दोषियों को ढूंढकर फांसी नहीं दी जाती, तब तक हम चुप बैठने वाले नहीं हैं. गैंगस्टर का राज नहीं चलने दिया जाएगा.

**पुलिस पर कोई दबाव नहीं**

वाल्मीक कराड के खिलाफ रंगदारी का मामला दर्ज किया गया है लेकिन क्या हत्या का मामला दर्ज किया जाएगा? जब इस बारे में फडणवीस से पूछा गया तो उन्होंने स्पष्ट किया कि मैं यह नहीं कह रहा हूं कि कौन सा मामला दर्ज किया जाएगा, इसके बारे में पुलिस बताएगी. सीआईडी पूरी तरह स्वतंत्र है, जांच कर रही है और उस पर किसी भी तरह का कोई दबाव नहीं है. उधर, वाल्मिक कराड ने पुणे पुलिस के सामने सरेंडर से पहले एक ऑडियो टेप जारी किया. इसमें उसने अपने ऊपर लगे आरोपों का खंडन किया. कराड ने कहा, संतोष देशमुख की हत्या के दोषियों को फांसी दी जानी चाहिए.

**मंत्री के इस्तीफे पर क्या बोले**

विपक्ष कराड के बॉस धनंजय मुंडे का इस्तीफा मांग रहा है. जब इस बारे में फडणवीस से पूछा गया तो उन्होंने कहा, मेरे लिए देशमुख को न्याय दिलाना जरूरी है. राजनीति से कुछ हासिल नहीं होगा. कुछ लोग राजनीति करना चाहते हैं, उनकी भूमिका उनके लिए फायदेमंद है. धनंजय मुंडे कैबिनेट में बने रहेंगे और उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी.

## महाकुम्भ में अखाड़ों-कल्पवासियों को 5 रुपए में आटा और 6 रुपए में चावल

**कल्पवासियों के लिए एक लाख बीस हजार सफेद राशन कार्ड बनाने का लक्ष्य**

**योगी सरकार के निर्देश पर मेला क्षेत्र में 138 दुकानों पर रहेगा विशेष इंतजाम**

**अखाड़ों और संस्थाओं के लिए 800 परमिट की भी है व्यवस्था**

**सभी सेक्टर में कल्पवासियों, अखाड़ों और संस्थाओं को गैस कनेक्शन की सुविधा**

महाकुम्भनगर, 31 दिसम्बर : महाकुम्भ में योगी सरकार ने अखाड़ों, संस्थाओं और कल्पवासियों के लिए बड़े पैमाने पर अन्न भंडार की व्यवस्था की है। ऐसा पहली बार है, जब महाकुम्भ में इतने बड़े पैमाने पर अखाड़ों, संस्थाओं और कल्पवासियों को नाम मात्र की कीमत पर राशन की सुविधा प्रदान की जा रही है। सीएम योगी के निर्देश पर अखाड़ों-संस्थाओं और कल्पवासियों को मात्र 5 रुपए में आटा और 6 रुपए में चावल उपलब्ध कराए जाने की व्यवस्था है। इसके लिए मेला क्षेत्र में 138 उचित मूल्य की दुकानों पर राशन उपलब्ध कराया गया है।

### 18 रुपए प्रति किलो की दर पर चीनी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस बार मह-ाकुम्भ को दिव्य, भव्य के साथ साथ नव्य रूप देने में लगे हैं। इसके लिए उन्होंने अफसरों को सभी जरूरी इंतजाम करने के निर्देश दिए हैं। खासकर श्रद्धालुओं के भोजन के लिए इस बार विशेष इंतजाम किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने महाकुम्भ में आने वालों के लिए अन्न भंडार खोल दिया है। यहां मेला क्षेत्र में उचित मूल्य की 138 दुकानें खोली गई हैं, जहां पर कल्पवासियों के लिए एक लाख बीस हजार सफेद राशन कार्ड बनाने की व्यवस्था की गई है। इस बार कल्पवासियों, अखाड़ों और संस्थाओं को राशन के लिहाज से बेहद कम कीमत पर राशन उपलब्ध कराया जा रहा हैं। महाकुम्भ में अखाड़ों-कल्पवासियों को 5 रुपए प्रति किलो की दर से आटा और 6 रुपए प्रति किलो के हिसाब से चावल उपलब्ध कराया जाना है। इसके अलावा कल्पवासियों को 18 रुपए प्रति किलो की दर से चीनी भी उपलब्ध कराई जाएगी। अखाड़ों और संस्थाओं को 800 परमिट की व्यवस्था है।

### भोजन पकाने के लिए गैस कनेक्शन की भी सुविधा

राशन देने के साथ ही मुख्यमंत्री योगी ने भोजन पकाने के लिए भी सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध कराई हैं। इस काम के लिए सभी 25 सेक्टर्स में एजेंसियां निर्धारित की गई हैं। ये एजेंसियां कल्पवासियों, अख-ाड़ों और संस्थाओं को नया गैस कनेक्शन प्रदान कर रही हैं। इसके साथ ही उन्हें रिफिल करने का भी पूरा इंतजाम है। इसके अलावा जिन कल्पवासियों के पास अपना खुद का खाली गैस सिलेंडर है, उन्हें भी यहां पर रीफिल करा सकते हैं। तीन विशेष प्रकार के सिलेंडर भरने की व्यवस्था महाकुम्भ में की गई है। इनमें 5 किलो, 14.2 किलो और 19 किलो के सिलेंडर भरे जा सकेंगे।

## झुग्गी में रहनेवाले नए साल में करेंगे गृह प्रवेश
### PM मोदी सौंपेंगे फ्लैट की चाबियां, 1645 मकान बनकर तैयार

नई दिल्ली. नए साल के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिल्ली की झुग्गियों में रहने वाले लोगों को एक बड़ी सौगात देने जा रहे हैं. वह 3 जनवरी को दिल्ली के अशोक विहार क्षेत्र के झुग्गी वासियों को नए फ्लैट की चाबियां सौंपेंगे.

दिल्ली के अशोक विहार में सभिमान फ्लैट्स के नाम से 1,645 नए मकान बनाए गए हैं. ये फ्लैट "जहां झुग्गी, वहीं मकान" योजना के तहत केंद्र सरकार द्वारा तैयार किए गए हैं. इस योजना का उद्देश्य झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले लोगों को सुरक्षित, पक्के घर उपलब्ध



कराना है, ताकि वे बेहतर जीवन यापन कर सकें. दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने ये फ्लैट तैयार किए हैं.

केंद्र सरकार वित्त वर्ष 2024-25 और वित्त वर्ष 2028-29 के बीच प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण (पीएमएवाई-जी) के तहत अतिरिक्त दो करोड़ आवास गरीबों को उपलब्ध कराएगी. ग्रामीण विकास मंत्रालय ने मंगलवार को जारी अपनी वार्षिक समीक्षा में यह बात कही.

आधिकारिक बयान के अनुसार, इस वर्ष 30 दिसंबर तक राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को 3.33 करोड़ मकान आवंटित करने का संचयी लक्ष्य दिया गया है, जिनमें से 3.22 करोड़ मकान स्वीकृत किए जा चुके हैं और 2.68 करोड़ मकान पूरे हो चुके हैं.

## पवित्र छड़ी यात्रा से सनातन धर्म की लौ प्रज्वलित करने हेतु प्रयागराज महाकुंभ

पवित्र डुबकी लगाने के लिए प्रयागराज महा कुंभ में शामिल होने वाले करोड़ों श्रद्धालु सनातन धर्म के जागरण का प्रतीक श्रद्धेय 'छड़ी' (पवित्र छड़ी) के भी साक्षी बनेंगे।

श्री पंच दशनाम आवाहन अखाड़े के सैकड़ों महात्मा पवित्र छड़ी को प्रयागराज ला रहे हैं। हरिद्वार से शुरू हुई छड़ी यात्रा का नेतृत्व आवाहन अखाड़े के दादाजी धूनीवाले श्री महंत गोपाल गिरी कर रहे हैं.

श्री महंत गोपाल गिरि के अनुसार, अखाड़े के निदेर्शानुसार छड़ी के चार श्री महंतों को उनके साथ आवाहन अखाड़े के साधुओं के एक समूह के साथ नियुक्त किया गया है।

यह पवित्र छड़ी यात्रा कल प्रयागराज महाकुंभ में पहुंचेगी, जहां विभिन्न अखाड़ों के संत और भक्त कई स्थानों पर गर्मजोशी से स्वागत करेंगे। छड़ी यात्रा अपनी स्थापना के बाद से 1220वां वर्ष मना रही है।






## मंत्री नरेंद्र कश्यप ने मुख्यमंत्री से भेंट कर विभागीय योजनाओं पर लिया मार्गदर्शन

लखनऊ। प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप ने मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री से आशीर्वाद प्राप्त किया और अपने विभागों से जुड़ी विकास योजनाओं एवं नई पहलों पर मार्गदर्शन प्राप्त किया।

मुलाकात के दौरान मंत्री नरेंद्र कश्यप ने विभाग की प्रमुख उपलब्धियों, प्रगति और आगामी योजनाओं की विस्तृत जानकारी



मुख्यमंत्री को दी। उन्होंने पिछड़ा वर्ग और दिव्यांगजन के सशक्तिकरण के लिए चलाई जा रही योजनाओं को और अधिक प्रभावी बनाने के सुझाव मांगे।










# नए साल में पुराने जख्म न कुरेदें आप

**दैनिक समाज जागरण**




नया साल हो या रूमाल तभी तक नया है जब तक कि वो आपके पास आया नहीं। नया होना पुराने का वजूद समाप्त नहीं करता ,बल्कि नयेपन की खुशबू बिखेरता आता है। नए का अहसास पुराने को मुकाबिल रखकर किया जा सकता है। नई कोंपल हो, नया अंकुर हो ,नया पैगाम हो या नया जाम हो सभी आल्हादित कर देते हैं। नया आखिर नया ही होता है ,लेकिन यदा रखिये कि नया भी ' पानी केरा बुदबुदा ' ही है ,पलक झपकते प्रभात के तारे की तरह छिप जाता है या पुराना हो जाता है।

आज हमारे पास जो है वो कल पुराना हो जाएगा और कल जो हमारे पास आएगा वो नया कहलायेगा। नए और पुराने के बीच एक महीन सी लकीर होती है। अदृश्य लकीर। नया अल्पजीवी होता है फिर भी सभी को नए की दरकार होती है। जड़ हो या चेतन नयेपन को लेकर सदैव उत्सुक रहता है।नया स्वाद, नया कपड़ा,नया मौसम ,नयी जगह, नया घर,नयी गाडी ,नयी नौकरी, नया -नया-नया। सब कुछ नया। किन्तु प्रकृति में एक तारीख और वर्ष संख्या ही ऐसी है जो नई कही जाती है ,बाकी सब 365 दिन में नया नहीं हो पाता।मनुष्यों को छोड़ शायद ही कोई नया साल मानता हो। आज जो 31 है कल वो 1 हो जाएगा। आज जो 2024 है ,कल से वो 2025 हो जाएगा,लेकिन बाकी सब कुछ पुराना होगा ,फिर भी सब नए साल का जश्न मानकर स्वागत करेंगे। नए संकल्प लेंगे, नए सपने देखेंगे, नए ठिकाने तलाशेंगे ,हालाँकि होगा सब कुछ पुराना है । जैसे नयी बोतल में पुरानी शराब। ये जुमला केवल जुमला नहीं है बल्कि एक हकीकत है। हम सनातनी तो जीवन और मृत्यु को भी इसी सिद्धांत के तहत लेकर चलते है। हमारी आत्मा अजर,अमर है। वो केवल देह बदलती है। हमेशा नई देह चाहिए आत्मा को। नए की तलाश ही हमें गतशील बनाये रखती है।

मजे की बात ये है कि हम एक तरफ नए की और भागते हैं और दूसरी तरफ पुराने के प्रति हमारी आशक्ति समाप्त नहीं होती। हम नया स्वीकार करने में हिचकिचाते हैं और पुराने को लगातार गले से लगाए रखना चाहते हैं। यादें इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। विरासत दूसरा बड़ा उदाहरण है। दुनिया में कोई ऐसा है जिसे नए के मुकाबिले पुराना अप्रिय लगता हो ! हम पुराने रिश्ते मरने नहीं देत। पुरानी तस्वीरें उठाकर फेंक नहीं देते। फिर आखिर क्यों हमें पुराने जख्म कुरेदने में मजा आता है। आखिर हम क्यों पुराने और गड़े हुए मुर्दे उखड़ते हैं ? ये बात अलग है कि हम पुराने से ऊबने लगते हैं। इसी ऊब से नयेपन की चाहत जन्म लेती है।

नए साल में भी हमारे साथ अधिकांश चीजें पुरानी ही रहने वाली है। न हम बदलेंगे और न हमरे आसपास के लोग । हम उसी घर में रहेंगे जहां वर्षों से रहते आए हैं ,लेकिन हम नयेपन का अहसास करने के लिए हफ्ते -दस दिन के लिए अपने ठिकाने बदल सकते हैं वो भी तब जब हमारे पास इसकी सामर्थ्य हो ,अन्यथा झोपडी में रहने वाला किसान,मजदूर नयेपन से हमेशा वंचित रहता है ,नया सभी को चाहिए किन्तु कुछ नया हो तब न ! ! बुधवार को जब नया साल आएगा तब भी हमारे पास न सरकार नई होगी और न अखबार, न टीवी चैनल नया होगा और न कोई स्वाद। हाँ हमारे पास नए कपड़े हो सकते हैं, नया घर हो सकता है , नया वाहन हो सकता है ,नया मोबाईल सेट हो सकता है ,लेकिन अलप समय के लिए। हम नए दौर में प्रवेश जरूर करते हैं किन्तु ये नयापन टिकाऊ नहीं होता । आप याद करके देखिये और बताइये कि आपके पास नया क्या है ? नए केवल संकल्प हो सकते है। नया केवल सपना हो सकता है। नया केवल व्यवहार हो सकता है। नयी केवल शैली हो सकती है। नया केवल स्वाद हो सकता है हालाँकि हर नए के गर्भ में पुराना ही छिपा होता है। यानि नयापन एक ' मृग मरीचिका ' है। जो कभी हाथ नहीं आती और यही वो चीज है जो हमें निरंतर गतिशील बनाये रखती है।

नया साल आप सभी को मुबारक हो ये कामना हम भी करते हैं ,क्योंकि आने वाले दिनों में कुछ तो नया हो। नए रिश्ते बनें, नयी सियासत शुरू हो। नया नेतृत्व सामने आये । नया भारत बने जिसमें संकीर्णता ,साम्प्रदायिकता, वैमनस्य की दुर्गन्ध न आती हो। एक ऐसी नई दुनिया हमारा सपना है जिसमें युद्ध न हो ,केवल और केवल शांति हो। एक ऐसी दुनिया और एक ऐसा देश हो जहाँ भूख,गरीब। गैर बराबरी न हो कोई नया अवतार न हो। लेकिन ये सब कैसे हो ,कोई नहीं जानता। आप अपने लिए अपना नया खुद तलाशिये,कोई सरकार आपको कुछ भी नया नहीं

दे सकती। दुनिया में हादसे और खुशियां समान रूप से नई और पुरानी होती आयीं है और होती रहेंगी।

मुझे हर साल नए साल के वक्त प्रेम धवन याद आते है। हम हिंदुस्तानी फिल्म याद आती है। मुकेश याद आते है। उषा खन्ना याद आतीं हैं क्योंकि उन्होंने जो आव्हान ,जो सलाह हम हिन्दुस्तानियों को दी है वो कोई और दे नहीं सकत। प्रेम धवन जी लिख गए हैं -

छोड़ो कल की बातें, कल की बात पुरानी
नए दौर में लिखेंगे, मिल कर नई कहानी
हम हिंदुस्तानी, हम हिंदुस्तानी

हम अपनी पुरानी जंजीरों को तोड़ चुके हैं , इसीलिए क्या देखें उस मंजिल को जो छोड़ चुके हैं ? क्योंकि चांद के दर पर जा पहुंचा है आज जमानानए जगत से हम भी नाता जोड़ चुके हैं। अब हमारे पास नया खून है नई उमंगें है ,नई जवानी है। हममें सोचना है की हम को कितने ताजमहल और बनाने हैं। हमें उन्हें खोदने की बात नहीं सोचना । हमें सोचना है कि कितने अजंता हम को और सजाने हैं। हमें तय करना है अभी कितने दरियाओं का रुख पलटना है , और कितने पर्वतों को राहों से हटाना है। हमें अपनी मेहनत को अपना ईमान बनाना है। हमें किसी अवतार की जरूरत नहीं है ,हमें अपने हाथों से अपना भगवान बनाना है। हमें राम,कृष्ण और गौतम की इस पुण्य भूमि पर ही सपनों से भी प्यारा हिंदुस्तान बनाना है ,न की कोई हिन्दू राष्ट्र।

? हमें नहीं भूलना चाहिए की हमने दाग गुलामी का धोया है जान लुटा के,हमें याद रखना है कि हमने दीप जलाए हैं, ये कितने दीप बुझा के। हमें याद रखना होगा कि हमने ली है आजादी तो फिर इस आजादी को रखना होगा ,हर दुश्मन से आज बचा के । ? हमें हकीकत को पहचानना होगा। क्योंकि हमारा हर जर्रा है मोती है ,जरा आँख उठाकर देखो। हमारी मिटटी केवल मिटटी नहीं है इसमें सोना है, हाथ बढ़ाकर देखो। हमारी गंगा भी सोने की है ,चांदी की जमुना है। इसकी मदद से चाहो तो पत्थर पे धान उगाकर देखो। किसी राज सत्ता या व्यक्ति के अंधभक्त बनकर हम ये सब नहीं कर सकत। नयापन हमारे लिए एक ख्वाब ही बनकर रह जाएगा। बहरहाल आप सब खुश रहें ,सुख-समृद्धि आपके कदम चूमे। यही नए वर्ष पर हमारी शुभ कामना है।

**@ राकेश अचल**

## दुनिया में जालिम लोग पड़े हैं...?

इस दुनिया में ऐसे जालिम
लोग भी पड़े हैं,
हमसे करवा ही लेते हैं
ऐसे बहुत सारे काम!
वे मेहनताना भी नहीं देते
और नोचने खड़े हैं।

क्या बात करें इनकी सर पे
ही आ के खड़े हैं,
हमको दिखा देते हैं बिना
यात्रा के चारों धाम!
हम जा रहे घर, रास्ता है
जाम वे रोकने खड़े हैं।

चित भी मेरी पट भी मेरी
की तर्ज पर ये अड़े हैं,
हमको ही दिखाते आँख,
ऊंची करते हैं नाक!
हमारी हस्ती मिटाने पूरी
ताकत झोंकने चले हैं।

धन की माया में गठरी
लेकर आकंठ डूब चले
हैं,
अब पूरे देश में हो गया है
इनका जबरदस्त नाम!
द्रोहियों के आगे सिर झुका
तलवे चाटने चले हैं।

**संजय एम. तराणेकर**

# पवित्र, धार्मिक व आध्यात्मिक महत्व का प्रतीक प्रयागराज का कुम्भ



**अजय अशोक "प्रवृद्ध"**

भारत में पवित्र नदियों के किनारे अवस्थित चार स्थानों - हरिद्वार, उज्जैन, नासिक और प्रयागराज में कुम्भ (कुंभ) मेला का पवित्र आयोजन सदियों से होता रहा है। खगोलीय गणनानुसार यह मेला मकर संक्रान्ति के दिन प्रारंभ होता है, जब सूर्य और चंद्रमा वृश्चिक राशि में और वृहस्पति, मेष राशि में प्रवेश करते हैं। यह समय आंतरिक रूप से आध्यात्मिक स्वच्छता और आत्मज्ञान के लिए शुभ अवधि का संकेत माना जाता है। हरिद्वार, उज्जैन, नासिक और प्रयागराज में से प्रत्येक स्थान पर प्रत्येक 12 वें वर्ष तथा प्रयाग में दो कुम्भ पर्वों के बीच छह वर्ष के अंतराल में अर्द्धकुम्भ का आयोजन भी होता है। भारतीय संस्कृति में प्रयागराज में अवस्थित गंगा, यमुना और पौराणिक गुप्त सरस्वती के संगम स्थल को अत्यंत पवित्र, धार्मिक व आध्यात्मिक महत्व का प्रतीक माना जाता रहा है। कुम्भ मेले के अवसर पर इस संगम स्थल में आयोजित होने वाले कुम्भ पर्व में करोड़ों श्रद्धालु एकत्र होते हैं और नदी में स्नान करते हैं, धार्मिक आयोजनों व आध्यात्मिक प्रवचनों में भाग लेते हैं। वर्ष 2013 का कुम्भ प्रयाग में हुआ था। फिर 2019 में प्रयाग में अर्द्धकुम्भ मेले का आयोजन हुआ था। अब 13 जनवरी से 26 फरवरी 2025 तक प्रयाग में महाकुम्भ का आयोजन होगा। इसके लिए प्रशासनिक स्तर पर व्यापक तैयारी की गई है।

ऐतिहासिक विवरणियों के अनुसार भारत में कुम्भ मेले की जड़ें सहस्त्राब्दियों वर्ष पुरानी हैं, जिसका प्रारंभिक उल्लेख वैदिक, पौराणिक ग्रंथों तथा चौथी शताब्दी ईसा पूर्व से छठी शताब्दी ईस्वी में भारत के शासक रहे मौर्य और गुप्त काल के दौरान मिलता है। इसमें पूरे भारतीय उपमहाद्वीप से तीर्थयात्री आते थे। गुप्तकाल के शासकों ने प्रतिष्ठित धार्मिक मंडली के रूप में इसकी स्थिति को और अधिक महत्व प्रदान किया। मध्य काल में कुम्भ मेले को विभिन्न शाही राजवंशों से संरक्षण प्राप्त हुआ, जिनमें दक्षिण में चोल और विजयनगर साम्राज्य, उत्तर में दिल्ली सल्तनत, राजपूत व मुगल मुगल शासकों का संरक्षण मिला। कहा जाता है कि अकबर ने भी धार्मिक सहिष्णुता की भावना को दशार्ते हुए कुम्भ समारोहों में भाग लिया था। ब्रिटिश प्रशासकों ने इस उत्सव को देखकर इसके विशाल पैमाने और इसमें आने वाले लोगों के विविध सभाओं में भाग लेने वाले श्रद्धालुओं वृहत संख्या को देख आश्चर्यचकित होकर इसका दस्तावेजीकरण किया। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद आवागमन के साधनों के विकसित होने से महाकुम्भ मेले को और भी अधिक महत्व प्राप्त हुआ, जो राष्ट्रीय एकता और भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। यूनेस्को द्वारा 2017 में कुम्भ को मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत के रूप में मान्यता प्राप्त है।

कुम्भ का शाब्दिक अर्थ घड़ा, सुराही, बर्तन है। पौराणिक ग्रंथों में इसका वर्णन जल अथवा अमरता अर्थात अमृत के लिए किया गया है। मेला शब्द का अर्थ है- किसी एक स्थान पर मिलना, एक साथ चलना, सभा में अथवा फिर विशेष रूप से सामुदायिक उत्सव में उपस्थित होना। इस प्रकार, कुम्भ मेले का अर्थ है -अमरत्व का मेला। ज्योतिष व खगोलीय गणनाओं के अनुसार कुम्भ मेला मकर संक्रान्ति के दिन प्रारंभ होता है, जब सूर्य और चन्द्रमा, वृश्चिक राशि में और वृहस्पति, मेष राशि में प्रवेश करते हैं। मकर संक्रान्ति के होने वाले इस योग को कुम्भ स्नानयोग कहते हैं और इस दिन को विशेष मंगलकारी माना जाता है। ऐसी मान्यता है कि इस दिन पृथ्वी से उच्च लोकों के द्वार खुलते हैं और इस प्रकार इस दिन स्नान करने से आत्मा को उच्च लोकों की प्राप्ति सहजता से हो जाती है। यहाँ स्नान करना साक्षात स्वर्ग दर्शन माना जाता है। भारतीय संस्कृति व हिन्दू धर्म में कुम्भ का अत्यधिक महत्व माना जाता है। पौराणिक मान्यताओं व ज्योतिषिय गणनानुसार कुम्भ का असाधारण महत्व बृहस्पति के कुम्भ राशि में प्रवेश तथा सूर्य के मेष राशि में प्रवेश के साथ जुड़ा है। ग्रहों की स्थिति हरिद्वार से बहती गंगा के किनारे पर स्थित हर की पौड़ी स्थान पर गंगा जल को औषधिकृत करती है तथा उन दिनों यह अमृतमय हो जाती है। यही कारण है कि अपनी अंतरात्मा की शुद्धि हेतु पवित्र स्नान करने लाखों श्रद्धालु यहाँ आते हैं। आध्यात्मिक दृष्टि से अर्ध कुम्भ के काल में ग्रहों की स्थिति एकाग्रता तथा ध्यान साधना के लिए उत्कृष्ट होती है। यही कारण है कि ऐसे अवसरों पर यहाँ अर्ध कुम्भ तथा कुम्भ मेले के लिए आने वाले श्रद्धालुओं व पर्यटकों की संख्या सर्वाधिक होती है।

कुम्भ पवायोजन को लेकर अनेक पौराणिक कथाएं प्रचलित हैं, जिनमें से एक सर्वाधिक मान्य कथा देवता व दानवों के सामूहिक प्रयत्न से संपादित समुद्र मंथन से प्राप्त अमृत कुम्भ से अमृत बूँदें गिरने से संबंधित है। इस पौराणिक कथा के अनुसार महर्षि दुवार्सा के शाप के कारण इन्द्र और अन्य देवता श्रीहीन हो गए। देवताओं के कमजोर हो जाने पर दैत्यों ने देवताओं पर आक्रमण कर उन्हें परास्त कर दिया। तब सब देवता मिलकर भगवान विष्णु के पास गए और उन्हें सारा वृतान्त सुनाया। तब भगवान विष्णु ने उन्हे दैत्यों के साथ मिलकर क्षीरसागर का मंथन करके अमृत निकालने की सलाह दी। भगवान विष्णु के सलाह पर सभी देवता दैत्यों के साथ सन्धि करके अमृत निकालने के यत्न में लग गए। उनके अथक प्रयास से उन्हें अमृत कलश प्राप्त हुआ, लेकिन अमृत कुम्भ के निकलते ही देवताओं के इशारे से इन्द्रपुत्र जयन्त अमृतकलश को लेकर आकाश में उड़ गया। उसके बाद दैत्यगुरु शुक्राचार्य के आदेशानुसार दैत्यों ने अमृत को वापस लेने के लिए जयन्त का पीछा किया। घोर परिश्रम के बाद दैत्यों ने बीच रास्ते में ही जयन्त को पकड़ लिया।

तत्पश्चात अमृत कलश पर अधिकार जमाने के लिए देवता व दानवों में बारह दिन तक अविराम युद्ध होता रहा। इस परस्पर संघर्ष के दौरान पृथ्वी के चार स्थानों -प्रयाग, हरिद्वार, उज्जैन, नासिक में जयन्त ने कलश को रखा जहां कलश से अमृत की बूंदें छलक कर गिर पड़ीं। उस समय चंद्रमा ने घट से प्रस्त्रवण होने से, सूर्य ने घट फूटने से, गुरु ने दैत्यों के अपहरण से एवं शनि ने देवेन्द्र के भय से घट की रक्षा की। कलह शान्त करने के लिए भगवान विष्णु ने मोहिनी रूप धारण कर यथाधिकार सबको अमृत बाँटकर पिला दिया। इस प्रकार देव-दानव युद्ध का अन्त किया गया। कथा के अनुसार अमृत प्राप्ति के लिए देव-दानवों में परस्पर बारह दिन तक निरंतर युद्ध हुआ था। देवताओं के बारह दिन मनुष्यों के बारह वर्ष के तुल्य होते हैं। इसलिए कुम्भ भी बारह होते हैं। उनमें से चार कुम्भ पृथ्वी पर होते हैं और शेष आठ कुम्भ देवलोक में होते हैं, जिन्हें देवगण ही प्राप्त कर सकते हैं, मनुष्यों की वहाँ पहुँच नहीं है। जिस समय में चन्द्रादिकों ने कलश की रक्षा की थी, उस समय की वर्तमान राशियों पर रक्षा करने वाले चंद्र -सूर्यादिक ग्रह जब आते हैं, उस समय कुम्भ का योग होता है अर्थात जिस वर्ष जिस राशि पर सूर्य, चंद्रमा और बृहस्पति का संयोग होता है, उसी वर्ष, उसी राशि के योग में, जहाँ-जहाँ अमृत बूँद गिरी थी, वहाँ-वहाँ कुम्भ पर्व का आयोजन होता है।

पृथ्वी पर होने वाले चार कुम्भ हैं- प्रथम उत्तराखंड की गंगा नदी पर हरिद्वार में, द्वितीय मध्यप्रदेश की शिप्रा नदी पर उज्जैन में, तृतीय महाराष्ट्र की गोदावरी नदी पर नासिक में और चतुर्थ उत्तर प्रदेश की गंगा यमुना और गुप्त सरस्वती नदियों के संगम पर। तीर्थराज प्रयाग पवित्र स्थलों में सबसे ऊपर माना जाता है। पवित्रता के प्रतीक के रूप में मान्यता प्राप्त गंगा नदी को पुण्यदायिनी कहा जाता है। पुण्य व धार्मिकता की दाता गंगा भक्ति की प्रतीकात्मक यमुना नदी से मिलती है, जिनसे अदृश्य स्वरूपिनी ज्ञान की प्रतीक सरस्वती मिलती है। तीर्थराज प्रयाग की त्रिवेणी के कुम्भ को शक्तिशाली कहा गया है। मान्यतानुसार पृथ्वी के विशालतम मानव समागम के कुम्भ मेला में स्नान, दान और दर्शन से मनुष्य को जीवन के अनंत चक्र से मुक्ति मिल जाती है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार प्रत्येक बारह वर्ष में मानव मोक्ष के द्वार खुलते हैं। 2025 में बृहस्पति मेष राशि में और सूर्य, चंद्र मकर राशि पर अमावस्या तिथि पर आने के कारण उस समय प्रयागराज में कुम्भ का योग बनेगा। और प्रयागराज के गंगा, यमुना और सरस्वती नदियों के संगम तट पर कुम्भ मेला आयोजित होगा। लाखों लोगों के द्वारा शांति पूर्ण ढंग से भागीदारी निभाने से सम्पन्न होने वाला यह रहस्यमय मेला कुम्भ कोई संगठित आयोजन नहीं, बल्कि एक स्वतः स्फूर्त, आंतरिक, प्राचीन और निरंतर घटना है। यह भारतीय उप-महाद्वीप का धार्मिक, सांस्कृतिक, पौराणिक और आर्थिक महत्व का विशालतम आयोजन है। इस आयोजन में मानव धार्मिक तीर्थ- आध्यात्मिक दर्शन करते हुए स्नान- दान, जीवन-मृत्यु के साथ मोक्ष को साक्षात साकार कर अपने को धन्य महसूस करता है।

# अपार संभावनाओं का साल 2025

साल का बदलना न कोई अजूबा है और न कोई नई बात । साल ही क्यों दशक और शताब्दियां तक बदल जाती हैं और इस बदलाव में कुछ अपने आप को दुनिया से आगे कर लेते हैं तो कुछ पीछे खड़े बिसूरते रह जाते हैं कभी भाग्य तो कभी परिस्थितियों तो कभी प्रतिद्वंदियों को दोष देते हुए ।लेकिन देखने वाली बात यह है कि हमसे चूक कहां हुई हम क्यों एक ह्यलीडरह्ल के रूप में आगे नहीं आ पाए और दूसरा कैसे लाइन में सबसे आगे जाकर खड़ा हो गया परिस्थितियां और भाग्य उसके भी रास्ते में थे। कर्म हमने भी किया और कर्म उसने भी किया मगर कहीं कुछ फर्क रहा और इसी फर्क को समझने का नाम है नए साल का आगमन । तो इस नव आगंतुक वर्ष का हर्ष के साथ स्वागत किया जाना चाहिए ।

कर्म की शपथ और उस शपथ को निभाने के दृढ़ संकल्प के साथ 2025 में व्यक्ति, समाज, देश और विश्व सब प्रवेश कर रहे हैं सबका अपना अलग-अलग लक्ष्य और स्वप्न रहेगा अपने लक्ष्यों एवं सपनों को पूरा करने के लिए जहां पसीना बहाना जरूरी है वही स्मार्ट तरीके से, सही दिशा और सही युक्ति का प्रयोग करते हुए नई सोच के साथ 2025 में प्रवेश करना है जो 1 जनवरी को एक शिशु के रूप में प्रकृति के गर्भ से बाहर आकर किलकारियां भरते हुए सबसे कह रहा है ह्लीजिए मैं आपके स्वागत में मुस्कान एवं मंजिल लेकर खड़ा हूं, आइए ,बढ़ते हैं नई मंजिल की ओर 2025 के आगमन के साथ।

हर साल नए वर्ष पर नए संकल्प एवं नए निश्चय किए जाते हैं पर देखने में आता है कि साल तो बदल जाता है लेकिन वही पुराने संकल्प और वही पुराने तौर तरीकों का निश्चय लेकर हम नए साल में प्रवेश करते हैं ।सोचने वाली बात यह है कि जब साल नया है परिस्थितियों नई हैं, परिवेश नया है, नया सूरज उगा है, नई किरण आई है तो फिर पुराने तरीके, पुराने संकल्प और निश्चय से कैसे काम चलेगा ? आइए, 2025 में प्रवेश करते हैं नए संकल्पों एवं नई तकनीकी परिस्थितियों से उभरते हुए खतरों एवं प्रगति के नए सोपनो को ध्यान में रखते हुए।

कड़ी मेहनत,पक्का इरादा, अनुशासन, लक्ष्य पर दृष्टि, नेक नीयत, सहयोग, सद्भावना, सबके कल्याण की सोचना , आत्म चिंतन , गलतियों से सबक लेना ,परिवार के साथ मिलजुल कर रहना, पुरानी रंजिशें खत्म करना, नए मित्र बनाना, पुराने को जोड़ कर रखना, खुश रहने का प्रयास करना और दूसरों को खुश रहने देनाव स्वास्थ्य को सर्वोच्च वरीयता देना और आस्था पूर्वक सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ अपने कार्य में लगे रहना कुछ ऐसे संकल्प हैं जो कभी पुराने नहीं पड़ते हैं और इन संकल्पों के पालन करने से निश्चित रूप से सफलता का सूर्य नए साल में भी आपके भाग्य ,घर तथा कार्यक्षेत्र में उगेगा इसमें कोई दो राय नहीं है लेकिन एक बार फिर से वही बात जब साल नया है तो कुछ नए तरीके से करना और सोचना तो पड़ेगा ही।

हर साल नई से नई तकनीकी सामने आ रही है जो पुरानी तकनीकी को काल के दर्द में गायब कर देती हैं ।तो इस साल का सबसे पहला संकल्प हो परिवर्तनों के साथ खुद को भी समायोजित करना । अब कृत्रिम बुद्धि लब्धि यानी ए आई का जमाना है इसका उपयोग करना हमें सीखना ही पड़ेगा। इसे किस तरीके से प्रयोग कर हम अपने जीवन को निखार सकते हैं इसके लिए हमें अपने ज्ञान को अपडेट करने के लिए सदैव सजग रखना होगा । साथ ही साथ ए आइ के खतरों से भी सावधान रहना होगा ।उनसे बचने के तरीके भी ढूंढने होंगे। उदाहरण के लिए लगातार चल रही डिजिटल अरेस्ट की खबरें मन परेशान करती हैं ।आपके मोबाइल पर तरह-तरह की ह्यफेक कॉलह्ल एवं धमकियां आ सकती हैं उनसे कैसे निपटना है, कैसे उनके जाल से बचना है इस बात को 2025 में उच्च वरीयता पर रखना होगा।

जहां डिजिटल अरेस्ट के माध्यम से फ्रॉड करने वाले लोग आपकी कमाई निगल जाते हैं और आपको तनाव दे जाते हैं वहीं आप नई तकनीकी का इस्तेमाल करके कमाई के नए रास्ते एवं जरिए ढूंढ सकते हैं ।बहुत सारे युटयुबर्स, ब्लॉगर्स एवं डिजिटल प्लेटफॉर्म पर नए-नए कार्य करने वाले लोग आजकल बहुत अच्छी कमाई कर रहे हैं यदि हम भी इसी प्रकार के कुछ नए कार्य कर सकें तो निश्चित रूप से आर्थिक समृद्धि के द्वार 2025 खोलकर तैयार खड़ा होगा।

अब यदि आप नई तकनीकी से बिल्कुल भी वाकिफ नहीं हैं तो मुश्किल तो होगी लेकिन यदि सृजनात्मक चिंतन आपके पास है तो आप नई तकनीकी वाले साथियों को अपने साथ ऑन पेमेंट या साझेदारी में जोड़ सकते हैं। उदाहरण स्वरुप जो गृहणियां बहुत अच्छा स्थानीय खाना बनाना जानती हैं वह घर पर बैठकर ही स्विगी, जोमैटो या इस तरह के दूसरे संस्थानों से जुड़कर अच्छी खासी कमाई कर सकती हैं ।आप अपने स्थानीय उत्पादन वोकल फॉर लोकल का इस्तेमाल करते हुए ऑनलाइन दूर-दूर तक बेचकर अपने लिए एक बाजार तैयार कर सकते हैं थोड़ी सी सावधानी युक्ति एवं बुद्धिमानी से यदि आप चलेंगे तो लक्ष्मी और कुबेर दोनों ही आपके घर 2025 में आने की इंतजार देख रहे हैं।

अब संकल्प कुछ भी हों ,कैसे भी हो मगर संकल्प लेने से पहले यह जरूर देख लें कि वे यथार्थपरक हों केवल कल्पना लोक में विचरने से कुछ नहीं होगा ।उनकी प्राथमिकता भी तय कर लीजिए कि कौन सा लक्ष्य आपको पहले और कौन सा बाद में प्राप्त करना है । कन्फ्यूजन यानि संभ्रम की स्थिति से बाहर निकलना भी इस साल का एक लक्ष्य हो सकता है ।

ऑफलाइन एवं ऑनलाइन का समन्वयन बहुत जरूरी है स्क्रीन टाइम ज्यादा होने का मतलब है आंखें और मानसिक स्वास्थ्य खराब करना तो इधर भी ध्यान देना होगा । हर समय ऑन स्क्रीन रहने से बचना भी जरूरी है लेकिन अपने चिंतन को ऑफ नहीं करना। यदि आपके पास समय एवं जरूरत है तो कुछ नए ऑनलाइन कॉर्स कर सकते हैं । किसी शोध कार्य या अविष्कार से खुद को जोड़ सकते हैं

और हां, सफलता के साथ-साथ यह भी भी जान लीजिए कि असफलता भी सफलता की एक सीढ़ी है तो यदि कहीं असफलता मिलती है तो उससे निराशा या तनाव ग्रस्त नहीं होना है अपितु उसे अगले कदम के लिए एक सीख के रूप में इस्तेमाल करना है।

कुल मिलाकर कह सकते हैं कि 2025 संभावनाओं का अपार संसार लेकर आ रहा है । अब यह आप पर है कि आप इस अपार खजाने में से कितना अपने नाम करते हैं। तो नई संभावनाओं के साथ 2025 का फिर से स्वागत करें ।

**डॉ घनश्याम बादल**


स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित। संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200



































# मुजफ्फरपुर में पूर्व सरपंच की गोली मारकर हत्या, फोन कर घर से बुलाकर अपराधियों ने की ताबड़तोड़ फायरिंग

बिहार के मुजफ्फरपुर में अपराधियों ने दिनदहाड़े पूर्व सरपंच सर राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष को गोली मारकर हत्या कर दी. अपराधियों ने करीब आधा दर्जन गोली मारकर पूर्व सरपंच की हत्या की है. जिसकी मौके पर ही मौत हो गई है.

मुजफ्फरपुर : बिहार के मुजफ्फरपुर में अपराधियों ने दिनदहाड़े पूर्व सरपंच सर राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष को गोली मारकर हत्या कर दी. अपराधियों ने करीब आधा दर्जन गोली मारकर पूर्व सरपंच की हत्या की है. जिसकी मौके पर ही मौत हो गई है. घटना के बाद अफरा-तफरी की माहौल उत्पन्न हो गई. सूचना के बाद एडिशनल एसपी शहरियार अख्तर मौके पर पहुंचकर पूरे मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है.



मृतक जिले के रामपुर हरी थाना क्षेत्र के कोइली पंचायत के पूर्व सरपंच और मीनापुर प्रखंड के राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष मनोज कुमार था. जिसे लकड़ी दिखाने के बहाने फोन कर घर से बुलाकर मोटरसाइकिल सवार दो अपराधियों ने आधा दर्जन गोली मार हत्या कर दी. जिसकी मौके पर ही उनकी मौत हो गई. हत्या की सूचना मिलते ही गांव में दहशत फैल गई. मृतक मनोज कुमार कोइली पंचायत के वर्ष 2016 से 2021 तक सरपंच रह चुके हैं. इसके साथ ही वर्तमान में राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष भी थे.

अभी वह लकड़ी का कारोबार करते थे. घटना गांव से ही सटे चक्की ढाब की बताई जा रही हैं. जो सीतामढ़ी के महिंदवाड़ा थाना क्षेत्र में पड़ता हैअपराधी ने फोन कर उन्हें वहां बुलाया और फिर गोली मार कर फरार हो गए. गोली मारने की सूचना मिलते ही परिजन घटनास्थल पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी. जिसके बाद घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एसकेएमसीएच भेज दिया.

मृतक के भाई राम सकल प्रसाद ने बताया कि मनोज लकड़ी का काम करता था और प्लाई वुड का कारखाना चलाता था. अक्सर लकड़ी के लिए अगल बगल के इलाके में आना जाना लगा रहता था. आज किसी ने मोबाइल पर फोन कर लकड़ी दिखाने के लिए चक्की ढाब बुलाया और वहीं पर गोली मार कर हत्या कर दी. जब तक परिजनों वहां पहुंचते तब तक उसकी मौत हो चुकी थी.

पूरे मामले को लेकर ग्रामीण एसपी विद्या सागर ने बताया कि रामपुर हरि थाना क्षेत्र के खरहर गांव के पूर्व सरपंच को गोली मारकर हत्या कर दी गई है. लेकिन गोली सीतामढ़ी जिला के महिंदवाड़ा थाना इलाके में मारी गई है. वहां की पुलिस को सूचित कर दिया गया है. घटनास्थल सीतामढ़ी जिले के महिंदवाड़ा थाने इलाके में पर रहा है, जहां गोली मारी गई है. इसलिए केस वही दर्ज होगा. वैसे मृतक मुजफ्फरपुर इलाके के रहने वाले हैं.

# बिहार पुलिस के डीएसपी रंजन कुमार ने पेश की मानवता की मिसाल

आमतौर पर पुलिस का नाम आते ही कड़क आवाज और रौबदार चेहरे का एहसास होता है, जो समाज से अक्सर दूर रहता हो. लेकिन, बिहार के पूर्वी चंपारण जिले के अरेराज के डीएसपी ने पुलिस के रूप में एक अनोखी तस्वीर पेश की है.

पूर्वी चंपारणः आमतौर पर पुलिस का नाम आते ही कड़क आवाज और रौबदार चेहरे का एहसास होता है, जो समाज से अक्सर दूर रहता हो. लेकिन, बिहार के पूर्वी चंपारण जिले के अरेराज के डीएसपी ने पुलिस के रूप में एक अनोखी तस्वीर पेश की है. दरअसल, डीएसपी रंजन कुमार ने मानवता की मिसाल पेश करते हुए सड़क हादसे में घायल एक माह के बच्चे और उसके परिजनों को अस्पताल पहुंचाकर उनकी जान बचाई. स्थानीय लोग भी पुलिस उपाधीक्षक के इस कदम की जमकर सराहना कर रहे हैं.

बताया गया कि अरेराज के दामोदरपुर निवासी जयप्रकाश शुक्ला अपनी पत्नी अमरीता देवी और छोटी पुत्री के साथ इलाज करवाने मोतिहारी गए थे. मोतिहारी से अपने एक माह के बच्चे का इलाज कराकर वापस घर लौट रहे थे, तभी उनकी कार पशुरामपुर चौक के पास अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई. इस हादसे में सभी तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. उसी समय मोतिहारी से अरेराज के डीएसपी रंजन कुमार वापस लौट रहे थे.

# नववर्ष पर मां खड्गेश्वरी महाकाली मंदिर में महाभोग, शंखध्वनि से हुआ भव्य स्वागत

**नेपाल सहित कई राज्यों से पहुंचे भक्त, महिला-पुरुष पुलिस बल की तैनाती, मां खड्गेश्वरी से सुख-समृद्धि की कामना**



**समाज जागरण**
**अररिया/डा. रूद्र किंकर वर्मा।** नववर्ष के अवसर पर मां खड्गेश्वरी महाकाली मंदिर में भव्य आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर मंदिर को आकर्षक रूप से सजाया गया और मां खड्गेश्वरी को महाभोग अर्पित किया गया। मंदिर के साधक नानू बाबा ने बताया कि एक जनवरी, बुधवार को भक्तों की सुख-समृद्धि और समृद्ध भविष्य के लिए मां खड्गेश्वरी महाकाली से विशेष प्रार्थना की जाएगी। नववर्ष के मौके पर, नेपाल समेत अन्य राज्यों से बड़ी संख्या में भक्तगण मां खड्गेश्वरी महाकाली के दर्शन और आशीर्वाद लेने के लिए मंदिर पहुंचे। भक्तों का विश्वास है कि नववर्ष के पहले दिन यहां आकर मां काली का आशीर्वाद लेने से उनका जीवन मंगलमय होता है। नानू बाबा ने रात 12 बजे लाउडस्पीकर के माध्यम से शंख बजाकर नववर्ष का स्वागत किया। इस अद्भुत क्षण में मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ थी, और सभी ने एक साथ मां काली से आशीर्वाद प्राप्त किया। मंदिर के भक्त हेमंत कुमार हीरा ने बताया कि एक जनवरी को मंदिर में हजारों की संख्या में भक्तगण मां खड्गेश्वरी महाकाली और नानू बाबा का आशीर्वाद लेने पहुंचे। इस दौरान भक्तों की सुविधा और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए मंदिर परिसर में महिला और पुरुष पुलिस बल तैनात किया गया था। पुलिस बल ने सुनिश्चित किया कि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न हो, और वे आराम से पूजा-अर्चना कर सकें। इस विशेष आयोजन ने मां खड्गेश्वरी महाकाली मंदिर का माहौल भक्तिमय बना दिया, और हर भक्त ने इस नववर्ष में सुख-समृद्धि की कामना करते हुए यहां से आशीर्वाद लिया।

# डायल 112 पुलिस टीम पर हमले के मामले में दो अभियुक्त गिरफ्तार

**बॉबी देवल कुमार और दीनानाथ सिंह को किया गिरफ्तार, शेष आरोपियों की तलाश जारी**

**समाज जागरण रानीगंज ।**
डायल 112 की पुलिस टीम पर कुछ दिन पहले हुए हमले के मामले में रानीगंज पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में बॉबी देवल कुमार (20 वर्ष), पिता वीरेंद्र सिंह, और दीनानाथ सिंह (40 वर्ष), पिता नारायण सिंह शामिल हैं। दोनों आरोपी ग्राम पचीरा वार्ड 11, थाना रानीगंज के निवासी हैं। यह घटना उस समय हुई जब डायल 112 की टीम को पचिरा गांव में अवैध खनन की सूचना मिली थी। सूचना मिलने के बाद, टीम के सदस्य रामजी मंडल, चालक मो. माज आदिल और महिला सिपाही अंजली कुमारी को अवैध खनन के मामले में कार्रवाई के



लिए बुलाया गया था। टीम के सदस्य जब वहां पहुंचे, तो आरोपियों ने साजिश के तहत उन पर जानलेवा हमला किया। इस हमले में पुलिस कर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए थे। रामजी मंडल ने रानीगंज थाना में इस घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उनके आवेदन में पवित्रर सिंह, वीरेंद्र सिंह, ललटू सिंह, सन्नी कुमार, बॉबी देवल कुमार, और रोशन सिंह को नामजद अभियुक्त बनाया गया था। पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए बॉबी देवल कुमार और दीनानाथ सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। थाना अध्यक्ष निर्मल यादवेंदू ने बताया कि शेष आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है, ताकि सभी आरोपियों को पकड़ा जा सके और मामले में सख्त कानूनी कार्रवाई की जा सके।

# किशनगंज में उर्दू पढ़ाने का विवादित फरमान, भाजपा ने किया तीव्र विरोध, निजी विद्यालयों में बढ़ी हलचल

**जिला शिक्षा पदाधिकारी का आदेश सीबीएसई नियमों की अनदेखी, भाजपा ने कार्रवाई की चेतावनी दी**



**समाज जागरण**
**किशनगंज/डा. रूद्र किंकर वर्मा।** मुस्लिम बहुल किशनगंज जिले में जिला शिक्षा पदाधिकारी नासिर हुसैन द्वारा निजी विद्यालयों में उर्दू भाषा पढ़ाने के फरमान के बाद जिले में भारी विरोध और विवाद खड़ा हो गया है। सीबीएसई से निबंधित सभी निजी विद्यालयों को यह निर्देश दिया गया है कि वे अपने छात्रों को उर्दू की पढ़ाई का विकल्प प्रदान करें। यह आदेश कांग्रेस विधायक इजहारुल हुसैन और सांसद डॉ. जावेद आजाद की पहल के बाद जारी किया गया, जिन्होंने जिले में उर्दू की पढ़ाई को लेकर अपनी चिंता जाहिर की थी। उनका कहना था कि किशनगंज जैसे अल्पसंख्यक बहुल जिले में उर्दू का अध्ययन सुनिश्चित नहीं किया जा रहा है, जबकि यह एक महत्वपूर्ण भाषा है। जिले के निजी विद्यालयों में उर्दू की पढ़ाई न होने के कारण इस आदेश का मसला उठाया गया था। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने अपने पत्र में कहा कि सीबीएसई से निबंधित सभी विद्यालयों को उर्दू की पढ़ाई के लिए आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करनी होगी और अनुपालन रिपोर्ट बिहार शिक्षा परियोजना कार्यालय को भेजनी होगी। इस आदेश के बाद से जिले के निजी विद्यालयों में घमासान मच गया है। भाजपा जिला अध्यक्ष सुशांत गोप ने इस आदेश पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि कोई भी बदलाव सीबीएसई द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम के तहत ही होना चाहिए, न कि किसी बाहरी दबाव के तहत। उन्होंने स्पष्ट रूप से चेतावनी दी कि अगर निजी विद्यालयों में जबरन उर्दू पढ़ाने की कोशिश की जाती है, तो भारतीय जनता पार्टी इसका कड़ा विरोध करेगी और इसके जवाब में वे गायत्री मंत्र के पाठ की मांग करेंगे। बाल मंदिर विद्यालय के सचिव त्रिलोकचंद जैन ने इस आदेश को असंभावित और अनुचित बताया। उनका कहना था कि कुछ बच्चों के लिए अलग से उर्दू पढ़ाने की व्यवस्था करना संभव नहीं है, और अगर सरकार उर्दू की पढ़ाई को बढ़ावा देना चाहती है, तो इसके लिए अलग से विद्यालय खोलने चाहिए। यह आदेश विवाद का कारण बन गया है, और अब यह देखना बाकी है कि जिला शिक्षा पदाधिकारी के आदेश का पालन होता है या निजी विद्यालय इसे चुनौती देंगे। भाजपा और अन्य विरोधी दल इस आदेश के खिलाफ खड़े हैं, और उनका कहना है कि यह सीबीएसई के नियमों का उल्लंघन हो सकता है। किशनगंज में इस मुद्दे पर दोनों पक्षों के बीच तीव्र टकराव और विरोध जारी रहने की संभावना है, जो आगे चलकर इस आदेश के क्रियान्वयन को प्रभावित कर सकता है।

# मानगो से जल्द कचड़ा नहीं उठा तो आजाद समाज पार्टी करेगी आंदोलन

**अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण, ब्यूरो चीफ, कोल्हान झारखंड**




जमशेदपुर (झारखंड)31 दिसंबर 2024:- जमशेदपुर के मानगो इलाके में पिछले कई दिनों से मानगो नगर निगम के द्वारा कचड़े को नही उठाया जा रहा है, जिस कारण से मानगो के सड़को, गली और मोहल्लों पर कचड़े का जमावड़ा देखा जा सकता है, जो अब इस हद तक बढ़ चुका है कि मेन रोड की सड़कें कचड़ों से आधी ढक चुकी है, कचड़ों की बदबू से आस आप की घरों में रहना मुश्किल हो गया है, अब यह स्थिति कुछ दिनों से और भयावह हो कर बीमारियों को जन्म देना शुरू कर सकती है, अगर इससे बीमारियां उत्पन्न होना शुरू हुई तो इसके सीधे जिम्मेदार मानगो नगर निगम, जिला अधिकारी, यहां के विधायक और सांसद होंगे, आजाद समाज पार्टी ने बढ़ रहे कचड़े को लेकर जगह जगह पर पोस्टर लगाया हैं और इन पोस्टर के माध्यम से यहाँ के आसंवेदनशील सांसद, विधायक और जिला प्रशासन जिन्दाबाद के साथ उन्हें जनता के प्रति उनकी जवाबदेही का एहसान दिलाने की कोशिश की है। चुनाव के पहले बड़े बड़े वादे और चुनाव खत्म होते ही मानगो की जनता के साथ यह सौतेला व्यवहार करना यह बताता है कि राजनैतिक पार्टियों के मंत्री और विधायक को केवल जनता के वोटों से मतलब है, वह चाहे मौजूदा सांसद, विधायक हों या फिर पूर्व मंत्री और विधायक। आजाद समाज पार्टी चुनाव के पहले भी जनता के मुद्दों के साथ खड़ी थी और आज भी खड़ी है, और पूरी ईमानदारी से जनता के समस्याओं को हल करने के लिए प्रयासरत है। आजाद समाज पार्टी इस प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से यह घोषणा करती है कि अगर अगले 3 दिनों में मानगो की सड़को पर फैले कचड़ों को नही उठाया गया तो हम आंदोलन को बाध्य होंगे और मानगो नगर निगम के कार्यालय के सामने सारे मानगो के कचड़े को फेकने का काम करेंगे और जनता के हित में उन्हें गंदगी और बीमारी से बचाने के लिए सड़क पर आंदोलन करेंगे। आज के इस प्रेस कांफ्रेंस में मुख्य रूप से जिला प्रभारी परवेज खालिद, जिला अध्यक्ष धीरज मुखी, प्रदेश उपाध्यक्ष मुमताज खान, प्रदेश संगठन सचिव नईम खान, प्रदेश सचिव संत लाल रविदास, प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी जिब्रान आजाद, जुला उपाध्यक्ष शमीम अकरम, जिला युवा अध्यक्ष मजहर खान, युवा उपाध्यक्ष फैय्याज अहमद, युवा सचिव वासिम अहमद, युवा सचिव कैफ, एजाज आलम, मौलाना अलाउद्दीन और अन्य उपस्थित थे।

# नेपाल में बम धमाकों के बाद भारत-नेपाल सीमा पर सुरक्षा बढ़ी, पर्यटकों के लिए खतरा

**राजावादी संगठन की धमकी के बाद इटहरी में हुए धमाके, सुरक्षा बलों ने सीमा पर कड़ी निगरानी बढ़ाई**




**समाज जागरण विराटनगर/डा. रूद्र किंकर वर्मा।**
नेपाल के सुनसरी जिले के इटहरी में मंगलवार को हुए सीरियल बम धमाकों के बाद भारत और नेपाल की सीमा पर सुरक्षा को कड़ा कर दिया गया है। सीमा पर तैनात भारत के सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) और नेपाल के आर्म्ड पुलिस फोर्स (एपीएफ) ने मिलकर गश्त और जांच तेज कर दी है। इन धमाकों के बाद नेपाल के इटहरी क्षेत्र में सुरक्षा के इंतजामों को भी मजबूत किया गया है, खासकर भारत-नेपाल सीमा के नजदीकी इलाकों में।

**राजावादी संगठन ने दी थी धमकी, फिर हुआ विस्फोट**

सुनसरी जिले के इटहरी में हुए इन बम धमाकों के बाद से इलाके में हड़कंप मच गया है। नेपाल के राजावादी संगठन ने नववर्ष के मौके पर इटहरी में बम विस्फोट की धमकी दी थी और इसके बाद मंगलवार सुबह तीन अलग-अलग स्थानों पर धमाके हुए। एक बम विस्फोट उस वक्त हुआ जब सेना की बम निरोधक टीम बम को निष्क्रिय करने में जुटी थी। हालांकि, दूसरे बम को डिफ्यूज करते समय भी विस्फोट हुआ, जिससे इलाके में भारी तनाव फैल गया।

**भारत-नेपाल सीमा पर बढ़ी सुरक्षा**

बम धमाकों के बाद नेपाल पुलिस और सेना ने इटहरी में सुरक्षा को कड़ा कर दिया है, वहीं भारत-नेपाल सीमा पर भी एसएसबी और नेपाल पुलिस के बीच गश्त और जांच को तेज कर दिया गया है। अररिया जिले से सटी नेपाल की सीमा पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। पुलिस और सेना संदिग्ध व्यक्तियों की जांच कर रहे हैं, और हर आने-जाने वाले को ध्यान से चेक किया जा रहा है। नववर्ष के मौके पर बड़ी संख्या में भारतीय पर्यटक नेपाल की हसीन वादियों में छुट्टियां मनाने के लिए पहुंचते हैं। इस दौरान इटहरी, विराटनगर और अन्य पर्यटन स्थलों पर भारतीयों का जमावड़ा रहता है। भारत-नेपाल सामाजिक सांस्कृतिक मंच के राजेश शर्मा ने बताया कि भारतीय पर्यटकों की सुरक्षा को लेकर नेपाल प्रशासन पूरी तरह सतर्क है, लेकिन बम धमाकों ने सुरक्षा चिंता को बढ़ा दिया है।

**सुरक्षा एजेंसियों का संयुक्त प्रयास**

नेपाल के एसपी सुमन तिमिस्ना के अनुसार, बम धमाकों के बाद पुलिस और सेना ने इलाके की सर्च ऑपरेशन शुरू कर दी है। नेपाल के मोरंग एसपी नारायण प्रशाद चिमारिया ने भी भारत-नेपाल सीमा पर सुरक्षा को कड़ा कर दिया है और विराटनगर से इटहरी जाने वाले रूट पर ट्रैफिक को रोक दिया गया है। भारतीय एसएसबी और नेपाल प्रहरी ने सीमा पर मिलकर गश्त बढ़ा दी है और किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर नजर रखी जा रही है।

**राजावादी संगठन की धमकियों से बढ़ी परेशानी**

राजावादी संगठन द्वारा दिए गए धमकी संदेश के बाद, बम धमाकों ने दोनों देशों की सुरक्षा एजेंसियों को अलर्ट कर दिया है। इटहरी के आसपास के क्षेत्रों में नेपाल पुलिस और सेना ने एक साथ मिलकर संदिग्ध क्षेत्रों की जांच शुरू कर दी है। साथ ही, विराटनगर में भी सुरक्षा को सख्त किया गया है, जहां से इटहरी जाने वाली सड़क पर यातायात को नियंत्रित किया गया है।

**नववर्ष पर पर्यटकों की सुरक्षा प्राथमिकता**

नववर्ष के अवसर पर नेपाल में भारतीय पर्यटकों की भारी संख्या में आवाजाही होती है। नेपाल पर्यटन विभाग और कला संस्कृति विभाग की ओर से पर्यटकों की सुरक्षा के लिए विशेष इंतजाम किए जाते हैं, लेकिन बम धमाकों के बाद इन सुरक्षा इंतजामों को और भी कड़ा किया गया है। नेपाल प्रशासन ने पर्यटकों से अपील की है कि वे इस समय अतिरिक्त सतर्कता बरतें। भारत-नेपाल सीमा पर बढ़ी सुरक्षा के बीच यह घटना दोनों देशों की सुरक्षा स्थिति पर सवाल खड़ा करती है। अब यह देखना होगा कि नेपाल प्रशासन और सुरक्षा बल इस स्थिति को कैसे संभालते हैं और सीमा पार से किसी भी तरह के खतरे को टालने में कितनी सफलता पाते हैं।

# नव वर्ष 2025 के मौके पर सांसद प्रदीप कुमार सिंह ने जिलेवासियों को दी शुभकामनाएं

**नव वर्ष को एक नई उम्मीद और सकारात्मकता के साथ मनाएं**



**समाज जागरण अररिया।**
नव वर्ष 2025 की शुरूआत के अवसर पर सांसद प्रदीप कुमार सिंह ने जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि वे इस नव वर्ष को एक नई उम्मीद और सकारात्मकता के साथ मनाएं और अपने जीवन में अच्छाईयों को अपनाएं। सांसद ने अपने संदेश में कहा, "नव वर्ष एक नया आरंभ है, जो हमें नए संकल्प लेने और अपने आसपास के समाज के लिए कुछ अच्छा करने का अवसर देता है। इस वर्ष हम सभी मिलकर जिले के चहुंमुखी विकास के लिए काम करेंगे।" उन्होंने जिलेवासियों से अपील की कि वे आपसी प्रेम, भाईचारे और सौहार्दपूर्ण माहौल में नव वर्ष मनाएं और समाज में शांति और समृद्धि की दिशा में योगदान दें। सांसद प्रदीप कुमार सिंह ने यह भी कहा, "नव वर्ष में मैं भगवान से प्रार्थना करता हूं कि यह वर्ष हमारे जिले के लिए समृद्धि, शांति और खुशियां लेकर आए। साथ ही, हम सब मिलकर जिले में विकास की नई गाथा लिखेंगे और हर क्षेत्र में प्रगति को बढ़ावा देंगे।" उन्होंने नव वर्ष के मौके पर सभी से यह भी निवेदन किया कि वे अपनी बुराईयों को छोड़कर अच्छाईयों को अपनाएं और जिले के विकास में सक्रिय भागीदारी निभाएं।

# "नव वर्ष सिर्फ बदलाव का नहीं, सामाजिक समृद्धि का मौका है" - विजय कुमार मंडल

**समाज जागरण सिकटी ।**
सिकटी विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक और सचेतक विजय कुमार मंडल ने नव वर्ष 2025 ने क्षेत्र वासियों को बधाई देते हुए कहा, "नव वर्ष केवल एक नया साल नहीं, बल्कि एक नई शुरूआत का संकेत है। यह समय है अपने दृष्टिकोण को बदलने का और खुद को नए संकल्पों के साथ समाज के लिए कुछ अलग करने का। हम सभी मिलकर न केवल अपने सपनों को पूरा करेंगे, बल्कि हमारे क्षेत्र और समाज को एक नई पहचान देंगे।" उन्होंने



अपील की, "यदि हम अपनी छोटी-छोटी नफरतों और भेदभावों को छोड़कर एकजुट हो जाएं, तो हम इस क्षेत्र को विकास की नयी ऊँचाई पर ले जा सकते हैं। इस नव वर्ष में हम अपने भीतर की अच्छाइयों को जागृत करें और उसे समाज के हित में लगाएं।" विधायक ने नव वर्ष में सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा, "हमारे क्षेत्र में अमन, शांति और समृद्धि का वातावरण बने, इसके लिए हम सभी को मिलकर काम करना होगा। नव वर्ष केवल एक कैलेंडर का बदलना नहीं है, यह एक नया अवसर है जहां हम अपने जीवन और समाज में सच्चे बदलाव ला सकते हैं।"

# राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान तिरुचिरापल्ली ग्लोबल एलुमनाई मीट 2025 का आयोजन 4 जनवरी 2025 को होगा



श्री एन. चंद्रशेखरन, डॉ. पलानीवेल त्यागराजन, टीवी नरेंद्रन, डॉ. वीरा मुथुवेल कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रमुख गणमान्य व्यक्तियों में शामिल राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान तिरुचिरापल्ली इस कार्यक्रम में अनुसंधान और नवाचार केंद्र आरंभ करेगा राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान तिरुचिरापल्ली (एनआईटी त्रिची) की निदेशक डॉ. जी. अघिला ने पूर्व छात्रों का वैश्विक सम्मेलन, ग्लोबल एलुमनाई मीट (जीएएम) 4 जनवरी, 2025 को चेन्नई में आयोजित किए जाने की घोषणा की है। इस कार्यक्रम का संचालन संस्थान के पूर्व छात्रों का समूह आरईसीएएल कर रहा है। पूर्व छात्र मिलन कार्यक्रम में आरईसी/एनआईटी त्रिची की समृद्ध विरासत कायम रखते हुए दुनिया भर से संस्थान के पूर्व छात्र जुटेंगे। पिछली बार ग्लोबल एलुमनाई मीट 2020 में आयोजित हुई थी। 930 से अधिक मुख्य कार्यकारी अधिकारियों और 1,300 कंपनी संस्थापकों सहित 48,000 से अधिक पूर्व सफल छात्रों के नेटवर्क वाला एनआईटी त्रिची, प्रतिभा और नवाचार का शक्ति केंद्र माना जाता है। 2025 के ग्लोबल एलुमनाई मीट में कई प्रतिष्ठित पूर्व छात्र भाग लेंगे जिनमें कई बड़े औद्योगिक नेता शामिल हैं। इसमें टाटा समूह के अध्यक्ष श्री एन. चंद्रशेखरन मुख्य अतिथि होंगे। तमिलनाडु के सूचना प्रौद्योगिकी और डिजिटल सेवा मंत्री डॉ. पलानीवेल त्यागराजन सम्मानित अतिथि के रूप में आयोजन में शामिल होंगे। गूगल में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के मुख्य व्यवसायिक रणनीतिकार श्री गोपी कल्लयिल मुख्य भाषण देंगे। चंद्रयान 3 के परियोजना निदेशक डॉ. पी वीरामुथुवेल और टाटा स्टील्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, टीवी नरेंद्रन सम्मानित अतिथि होंगे।व्यापारिक जगत के इन प्रमुख प्रणेताओं के साथ ही एनआईटी तिरुचिरापल्ली के कई पूर्व छात्र अपनी उपलब्धियां साझा करेंगे और आपस में सहयोग और प्रभावशाली संबंध स्थापित करेंगे।

**अनुसंधान एवं नवाचार केन्द्र का शुभारंभ**

पूर्व छात्र मिलन कार्यक्रम 2025 में एनआईटी तिरुचिरापल्ली 20 एकड़ क्षेत्र में अनुसंधान और नवाचार केंद्र का शुभारंभ करेगा जो उद्यमिता और अंतःविषय अनुसंधान को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण कदम है। इसमें एग्रीटेक, फिनटेक, स्पेसटेक, ग्रीनटेक, क्वांटम कंप्यूटिंग और आर्टिफिशयल इंटेलिजेंस/मशीन लर्निंग जैसे उभरते क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। इस केंद्र पर 150 करोड़ रूपए का अनुमानित निवेश किया जाएगा जिसका उद्देश्य श्रेणी-2 के शहरों में नवाचार को गति प्रदान करना है।

**छात्रों और पूर्व छात्रों की भागीदारी को सशक्त बनाना**

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान तिरुचिरापल्ली की अभी चल रही पहल में एडॉप्ट-ए-स्टूडेंट प्रोग्राम, यात्रा अनुदान और प्रतिभा (एंडोमेंट) फंड शामिल हैं जिसमें योग्य छात्रों को सहायता दी जाती है। वहां रॉकफोर्ट वेंचर्स, साइंट लैब (इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी में नवाचार केंद्र), और उद्यमिता विकास एवं ऊष्मायन केंद्र (सीईडीआई) है जो पूर्व छात्रों द्वारा संचालित कार्यक्रम है और उद्यमशील प्रतिभा को पोषित करने की एनआईटी त्रिची के समर्पण का उदाहरण है। संस्थान की चेयर प्रोफेसरशिप आरंभ करने और वैश्विक अनुसंधान सहयोग बढ़ाने की योजनाएं शैक्षणिक उत्कृष्टता और सतत विकास के प्रति संस्थान की प्रतिबद्धता दशार्ती हैं। एनआईटी त्रिची की निदेशक डॉ. जी. अघिला ने बताया कि अनुसंधान और नवाचार केंद्र पूर्व छात्र और संस्थान के विद्यार्थियों के बीच मेंटरशिप, उद्योग-आधारित परियोजनाएं और जीवंत स्टार्ट-अप पारिस्थितिकी तंत्र के लिए औपचारिक मंच प्रदान करेगा। यह अनुसंधान बढ़ाने और उद्यमिता प्रतिभा को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

संस्थान के पूर्व छात्रों के आधिकारिक संघ आरईसीएएल के अध्यक्ष श्री के. महालिंगम ने कहा कि हमारा विशाल और कुशल पूर्व छात्रों का नेटवर्क मार्गदर्शन, वित्तपोषण और नवाचार का भंडार है। वैश्विक पूर्व छात्र मिलन 2025 हमारे पूर्व संस्थान.और उसके छात्रों के साथ सहयोग की हमारी सामूहिक प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

**एनआईटी तिरुचिरापल्ली के बारे में**

एनआईटी तिरुचिरापल्ली को पहले रीजनल इंजीनियरिंग कॉलेज (आरईसी) के नाम से जाना जाता था। यह भारत के प्रमुख इंजीनियरिंग कॉलेजों में एक है और लगातार देश में शीर्ष स्थान पर रहा है। इसमें 17 विषयों में स्नातक, स्नातकोत्तर और डॉक्टरेट कार्यक्रम चलाए जाते हैं। यह संस्थान वैश्विक नवाचार और उद्योग नेतृत्व में महत्वपूर्ण योगदान देता रहा है।

# आयनों की उपस्थिति में लाइसोजाइम द्विपरतों का निर्माण, सम्मिलित प्रत्यारोपणों पर जैविक प्रोटीन अवशोषण की कर सकता है नकल

एक शोध समूह ने जीवित जीवों में वास्तविक प्रोटीन अवशोषण की नकल करने के लिए कमरे के तापमान पर घोल से हाइड्रोफिलिक और हाइड्रोफोबिक सिलिकॉन सतह पर लाइसोजाइम प्रोटीन अणुओं की द्विपरतों को स्थिर किया है।

यह सम्मिलित प्रत्यारोपण और बायोमटेरियल पर आयन-मध्यस्थ प्रोटीन अवशोषण की वास्तविक जैविक प्रक्रियाओं की नकल करने में मदद करेगा। गौरतलब है कि लाइसोजाइम एक मॉडल प्रोटीन है जिसमें चार डाइसल्फाइड बॉन्ड होते हैं और यह मानव आंसू, पसीने, दूध और लार में पाया जाता है। दूसरी ओर आयन जीवित शरीर का एक अभिन्न हिस्सा हैं और कई जैविक प्रक्रियाओं में शामिल होते हैं, जैसे कि इलेक्ट्रोकेमिकल क्षमता का विनियमन, द्रव-इलेक्ट्रोलाइट संतुलन, अतिरिक्त-कोशिकीय एसिड-बेस संतुलन, मांसपेशी संकुचन आदि। इस संदर्भ में, जीवित शरीर के अंदर प्रत्यारोपण की स्थापना से निस्संदेह आयन-मध्यस्थ प्रोटीन-सतह अंतःक्रियाएं उत्पन्न होंगी। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) के तहत पूर्वोत्तर भारत के एक स्वायत्त संस्थान, गुवाहाटी के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी उन्नत अध्ययन संस्थान (आईएएसएसटी) के वैज्ञानिकों के एक समूह ने आयनों की उपस्थिति में लाइसोजाइम बाइलेयर का निर्माण किया। इससे आयन-मध्यस्थ लाइसोजाइम अवशोषण को बढ़ावा मिला है जो वास्तविक जीवित शरीर में प्रोटीन के जैविक अवशोषण की नकल कर सकता है। लाइसोजाइम द्विपरत को मोनो-(ठं + ), डाइ-(उं 2+ ) और त्रिसंयोजक ( 3+) आयनों की उपस्थिति में स्थिर किया गया, जिसमें एक निचली परत में लाइसोजाइम अणु शामिल थे, जो पार्श्व अभिविन्यास को पसंद करते थे तथा अणुओं की एक अतिरिक्त ऊपरी परत थी, जो पार्श्व या झुके हुए अभिविन्यास को पसंद करते थे। शोधकताओं ने विभिन्न आयनों की अंतःक्रियाओं के माध्यम से नियंत्रित र सतह पर लाइसोजाइम की द्विपरतों के स्थिरीकरण की क्रियाविधि को समझाया है। एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. सारथी कुंडू, वरिष्ठ अनुसंधान फेलो श्री सानू सरकार और पोस्ट-डॉक्टरेट फेलो डॉ. अदिति सैकिया के नेतृत्व वाले समूह के अनुसार, लाइसोजाइम अणुओं के साथ परस्पर क्रिया करने वाले विघटित आयनों से र सतहों पर लाइसोजाइम द्विपरत की संपूर्ण स्थिरीकरण प्रक्रिया मुख्य रूप से आयनिक वातावरण में संशोधित हाइड्रोजन बंधन, हाइड्रोफोबिक और इलेक्ट्रोस्टैटिक अंतःक्रियाओं के माध्यम से साकार की गई थी। आयनिक वातावरण में लाइसोजाइम-सतह की परस्पर क्रिया के साथ प्रतिस्पर्धा करने वाली लाइसोजाइम-लाइसोजाइम अंतः क्रिया हाइड्रोफिलिक सतह पर अपने मूल गोलाकार रूप में प्रोटीन अवशोषण की ओर ले जाती है तो वहीं लंबी संरचना के साथ हाइड्रोफोबिक सतह। अधिक लाइसोजाइम अणुओं से भरी द्विपरत फिल्म एक उच्च संपर्क कोण को जन्म देती है।

कमरे के तापमान पर आयनों द्वारा लाइसोजाइम बाइलेयर्स का स्थिरीकरण, डाले गए प्रत्यारोपण और बायोमटेरियल पर आयन-मध्यस्थ प्रोटीन अवशोषण की वास्तविक जैविक प्रक्रियाओं की नकल करने में सहायक होगा। गौरतलब है कि यह शोध कार्य प्रतिष्ठित रॉयल सोसाइटी ऑफ केमिस्ट्री के तहत न्यू जर्नल ऑफ केमिस्ट्री में प्रकाशित हुआ था।

# *पर्यावरणविद ने अजमेर जा रहे यात्रियों को पौधा देकर उनके मंगलमय यात्रा की कामना करते हुए रवाना किया

अपने धर्म के साथ पर्यावरण धर्म अपनाने से ही खुलेगा जन्नत का दरवाजा: पर्यावरण धर्म गुरु

**समाज जागरण दीपक कुमार**

पलामू:छतरपुर अनुमंडल के डाली बाजार पंचायत मुख्यालय स्थित आजाद नगर में आयोजित सम्मान समारोह में विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद ट्री मैन डॉ कौशल किशोर जायसवाल ने अजमेर शरीफ में चादर चढ़ाने जा रहे पंचायत वासियों को फूल माला



के साथ ड्राई फूड और थाईलैंड प्रजाति का बारहमासी आम व कटहल का पौधा देकर उन्हें सम्मान पूर्वक रवाना किया। पर्यावरणविद ने सभी अकीदतमंदों की सुखद ,सुरक्षित व मंगलमय यात्रा की शुभकामनाएं दी। पर्यावरण धर्मगुरु डॉ कौशल ने कहा कि हिंदू भाइयों को स्वर्ग का और मुस्लिम भाइयों को जन्नत का दरवाजा खोलने के लिए खुदा का दिया हुआ प्रकृति को बचाने के लिए पौधरोपण कर उसे अपने बच्चे की तरह हिफाजत करना होगा। वन राखी मूवमेंट के प्रणेता डॉ कौशल ने कहा कि इस्लाम धर्म प्रकृति के हरे रंग से जुड़ा हुआ धर्म है। इतिहास गवाह है कि मक्का मदीने का रोजा का गुम्बद 14 सौ वर्ष से हरा है। जिसका रंग में कोई बदलाव आज तक नही हुआ है। प्रकृति के हरे रंग के अनुरूप ही इस्लामी झंडा और पगड़ी का रंग भी हरा रहता है। इसीलिए तो जन्नत का दरवाजा खोलने के लिए पर्यावरण प्रेमी होना जरूरी है। पूर्व उपमुखिया अफजल अंसारी ने कहा कि धन्य है डाली पंचायत बाजार की धरती जहां के विश्वस्तरीय पर्यावरणविद डॉ कौशल किशोर जायसवाल उनके धर्मपत्नी सह मुखिया श्रीमती पूनम जायसवाल व पुत्र सह छतरपुर पूर्वी से जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल जैसे लोग हर वर्ग समुदाय के लोगों के सुख दुःख में सदैव साथ खड़े रहते हैं। जिससे हिंदू मुस्लिम एकता व आपसी प्रेम एवं सद्भाव सदैव कायम रहता है। अजमेर जाने वाले प्रमुख यात्रियों में पंचायत डाली बाजार के उप मुखिया नगीना खातुन, पंचायत समिति शहाबुद्दीन अंसारी, इसराइल अंसारी, असिया बीबी, कनीजा बीबी,इसराफिल अंसारी नसरुद्दीन अंसारी, मुख्तार अंसारी, मुंतजिर अंसारी, वसीम अंसारी, खलील अंसारी, सरफुद्दीन अंसारी , अतुला अंसारी, युसुफ अंसारी, शेरअली अंसारी, अख्तर अंसारी, जसीम अंसारी, मैमुन बीबी शकीला बीबी सलमा बीबी आदि शामिल थे।

# प्रखंडकार्यालय मेहरमा में कार्यरत प्रदीप कुमार के सेवा निवृत होने पर प्रखंड कार्यालय में विदाई समारोह मनाया गया

**समाज जागरण मनोजकुमारसाह गोड्डा**



मेहरमा प्रखंड कार्यालय में कार्यरत झाड़दार प्रदीप कुमार के सेवानिवृत्ति होने पर मंगलवार को प्रखंड कार्यालय परिसर में समारोह आयोजित कर नम आंखो से उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी अभिनव कुमार सहित प्रखंड व अंचल कर्मियों ने केक काटकर तथा उन्हें माला पहनाकर और अंग वस्त्र व उपहार से सम्मानित करते हुए, ईश्वर से उनके स्वस्थ व दीर्घायु जीवन की मंगल कामना की। बीडीओ अभिनव कुमार ने कहा कि प्रदीप कुमार अपने कर्तव्य का निर्वहन पूरी ईमानदारी पूर्वक किया। कभी कोई शिकायत का मौका नहीं दिया। वह अपनी ड्यूटी के प्रति भी काफी वफादार रहे। अन्य कर्मियों के लिए उन्हें प्रेरणा स्रोत बताया। झाड़दार प्रदीप कुमार ने इतना सम्मान देने के लिए सभी का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर मनरेगा बीपीओ साहेब लाल हांसदा, अजीत कुमार, सीडीपीओ सरस्वती कुमारी, महिला पर्यवेक्षिका रीना गुप्ता, बेबी हेंब्रम,पुरुषोत्तम कुमार श्याम कुमार मंडल, प्रवीर मिश्रा, दीपा कुमारी, युधिष्ठिर पासवान, विधायक प्रतिनिधि के रूप में प्रवेज अख्तर, ड्राइवर मुकेश कुमार और योगेश कुमार सहित अन्य कर्मी मौजूद थे। विदाई समारोह के दौरान बीडीओ सह सीओ अभिनव कुमार ने झाड़दार प्रदीप कुमार का पैर छूकर आशीर्वाद लिया। इतना सम्मान पाकर प्रदीप कुमार अभिभूत तो हुए ही उनकी आंखें भी छलक पड़ी। मौजूद कर्मी भी इतने छोटे कर्मी को सामान मिलता देख अभिभूत हो गए,सभी की आंखें नम हो गई। इतना ही नहीं बीडीओ अभिनव कुमार ने एक कदम और आगे बढ़कर जालीदार प्रदीप कुमार का सम्मान किया कि उन्हें अपने वाहन में बिठाकर स्वयं सारथी बनकर उन्हें उनके सरकारी आवास तक पहुंचाया।

# विधायक,डीसी-एसपी ने शहीद पार्क का किया निरीक्षण, आवश्यक दिशा निर्देश किये जारी, श्रद्धांजलि देने पहुंचेंगे सीएम हेमंत सोरेन

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता खरसावां**

खरसावां में आयोजित होने वाली शहीद दिवस की तैयारी पूरी कर ली गयी है। खरसावां के शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिये राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन,पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा व मंत्री चंपई सोरेन,विधायक दशरथ गागराई समेत कई मंत्री,सांसद व विधायक खरसावां पहुंचेंगे। इसके मद्देनजर जिला के डीसी-एसपी लगातार खरसावां का दौरान कर तैयारी का जायजा ले रहे है। मंगलवार को विधायक दशरथ गागराई,उपायुक्त रविशंकर शुक्ला तथा पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार लुणायत ने खरसावां शहीद पार्क पहुंच कर किये जा रहे तैयारियों का जायजा लिया। बताया गया कि शहीद स्थल पर सुबह करीब आठ बजे देउरी द्वारा पूजा अर्चना किया जायेगा। देउरी



द्वारा पारंपरिक रुप से पूजा अर्चना के बाद ही श्रद्धांजलि देने का कार्यक्रम शुरू होगा। शहीद बेदी परश्रद्धांजलि देने का शिलसिला देर शाम तक चलेगा। विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा भी खरसावां के शहीदों को श्रद्धांजलि दी जायेगी। अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था के साथ साथ शहीद पार्क में प्रवेश व निकासी समेत सभी तैयारियों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला ने शहीद पार्क के शहीद स्थल,आवागम हेतू अलग-अलग गेट,शहीद पार्क एवं आस-पास में साफ-सफाई,जूता चप्पल स्टैंड,पार्किंग,गेस्ट,चांदनी चौक आदी पर किए जा रहें तैयारियों का जायजा लिया। आपसी तालमेल स्थापित कर शांतिपूर्ण वातावरण में स्थानीय रीति-रिवाज के तहत शहीद दिवस को संपन्न कराने पर बल दिया।

# नशे की हालत में दो गिरफ्तार भेजा गया जेल

**देनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) 31 दिसम्बर 2024 नबीनगर थाना क्षेत्र के तेतरिया गांव के समीप से नशे की हालत मे दो शराबियों को गिरफ्तार कर पुलिस द्वारा जेल भेज दिया गया है। गिरफ्तार व्यक्ति नबीनगर प्रखंड के एनटीपीसी खैरा थाना क्षेत्र के खदहा गांव निवासी सत्येंद्र सिंह के पुत्र मनोज कुमार और



नबीनगर थाना क्षेत्र के बाघा डाबर गांव निवासी विजय पासवान के पुत्र मोहन पासवान है। थानाध्यक्ष द्वारा बताया गया कि मेडिकल जांच के दौरान शराब पीने की पुष्टि के बाद मद्यनिषेध अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है । यह ।कारवाई पीएसआई सुधीर कुमार एवं सशस्त्र बल द्वारा पुलिस गश्ती के दौरान किया गया।

# छापेमारी में महुआ शराब बरामद महिला धंधेबाज फरार

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) 31 दिसम्बर 2024 नबीनगर प्रखंड के नरारी कला खुर्द थाना क्षेत्र के नरारी कला गांव मे शराब के विरुद्ध की गई छापेमारी मे 11 लीटर चुलाई महुआ शराब बरामद किया गया है ।वहीं महिला धंधेबाज पुलिस को चकमा देकर भाग निकली। मामले में थानाध्यक्ष प्रभुनाथ प्रकाश द्वारा बताया गया कि थाना क्षेत्र के नरारी कला गांव मे अवैध शराब के कारोबार की गुप्त सूचना पर महिला कारोबारी अनीता देवी अति अनील चौधरी के



घर पर छापेमारी किया गया जहां तलाशी के दौरान 11 लीटर चुलाई महुआ शराब बरामद किया गया ।वही महिला कारोबारी भागने मे सफल रही। थानाध्यक्ष ने कहा कि शराब को जप्त कर थाना लाया गया है और मामले में उक्त महिला के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर गिरफ्तारी के लिए पुलिस आगे की कारवाई कर रही है ।यह कारवाई पी एस आई अमरेश दास एवं सशस्त्र बल द्वारा किया गया।

# स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को 1 अप्रैल से मिलेगी प्रति यूनिट 35 पैसे सस्ती बिजली

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ सहित पूरे बिहार के स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को बिजली कंपनी नए साल में बड़ी सौगात देने जा रही है। बताया जा रहा है कि नए वित्तीय वर्ष यानी 1 अप्रैल 2025 से स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के लिए बिजली 25 पैसे प्रति यूनिट सस्ती होने वाली है। बताया जा रहा है कि साउथ और नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी ने 1 अप्रैल से स्मार्ट प्रीपेड मीटर के उपभोक्ताओं के लिए 25 पैसे प्रति यूनिट सस्ती बिजली देने का प्रस्ताव रखा है। इस प्रस्ताव पर जनसुनवाई खरमास समाप्त होने के बाद होगी। इसके अतिरिक्त, कंपनी ने कृषि और व्यावसायिक स्मार्ट प्रीपेड मीटर उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए कई प्रस्ताव दिए हैं। इनमें फैक्टर सरचार्ज समाप्त करने और स्वीकृत भार से अधिक खपत पर जुमार्ना नहीं लगाने का प्रावधान शामिल है। स्मार्ट प्रीपेड मीटर के 10 किलोवाट से अधिक लोड वाले उपभोक्ताओं को टाइम ऑफ डे (टीओडी) टैरिफ का लाभ मिलेगा। वहीं, ग्रामीण घरेलू उपभोक्ताओं को स्लैब सिस्टम से राहत दी जाएगी। बिजली कंपनी के अधिकारियों के अनुसार,



एचटीएसएस (औद्योगिक) श्रेणी को छोड़कर किसी भी श्रेणी में बिजली दरों में वृद्धि का प्रस्ताव नहीं है। नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए ग्रीन टैरिफ का प्रस्ताव भी दिया गया है, जिसमें प्रति यूनिट 1।17 रुपये अतिरिक्त शुल्क देना होगा। इस बीच, सोमवार को बिहार विद्युत विनियामक आयोग ने बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी, स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर, और पावर ग्रिड कंपनी के पक्षों को सुनने के बाद केस स्वीकार कर लिया। इन प्रस्तावों पर 19 फरवरी को आयोग के कोर्ट रूम में अंतिम जनसुनवाई होगी। स्मार्ट मीटर एक इलेक्ट्रॉनिक उपकरण है, जो बिजली की खपत, वोल्टेज, करंट, और पावर फैक्टर जैसी जानकारी को रिकॉर्ड करता है। यह जानकारी, उपभोक्ता और बिजली आपूर्तिकर्ता के बीच दो-तरफा संचार के जरिए शेयर की जाती है। स्मार्ट मीटर से जुड़ी कुछ खास बातें- स्मार्ट मीटर बिजली की खपत की जानकारी वास्तविक समय में देता है। इससे उपभोक्ता अपनी खपत पर नजर रख सकते हैं और ऊर्जा की बचत कर सकते हैं। स्मार्ट मीटर से बिजली चोरी रोकने में मदद मिलती है। स्मार्ट मीटर में लोड मैनेजमेंट की सुविधा होती है। ज्यादा बिजली खपत होने पर, स्मार्ट मीटर उपभोक्ता को अलर्ट कर देता है। स्मार्ट मीटर की मदद से बिजली बिल की स्वचालित गणना होती है, जिससे त्रुटि की संभावना कम हो जाती है। स्मार्ट मीटर से बिजली कटौती की जानकारी पहले से मिल जाती है।

# अंग्रेजी शराब बरामद बाइक सहित तस्कर फरार

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) 31 दिसम्बर 2024 नबीनगर थाना क्षेत्र के तेतरिया गांव के समीप से 30 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद किया गया है। वही शराब तस्कर बाइक सहित भागने मे कामयाब रहे। नए साल के आगमन को देखते हुए नबीनगर पुलिस द्वारा शराब धंधेबाजों और शराबियों के विरुद्ध तलाशी और छापेमारी अभियान जारी है। इसी क्रम मे अपर थानाध्यक्ष नरेंद्र प्रसाद




एवं सशस्त्र बल द्वारा थाना क्षेत्र के तेतरिया गांव के समीप गश्ती के दौरान सामने से आते बाइक को रोकना चाहा जिसपर पुलिस को देखते ही बाइक सवार भागने लगा लेकिन पुलिस द्वारा पीछा किए जाने पर बाइक सवार चालक सहित दोनों व्यक्ति शराब को बाइक से फेंकते हुए भागने में कामयाब रहे ।वही मौके से पुलिस द्वारा 750 एम एल के 10 पीस तथा 375 एम एल का 20 पीस रॉयल स्टैग अंग्रेजी शराब बरामद किया गया। मामले मे थानाध्यक्ष द्वारा बताया गया कि शराब को जप्त कर थाना लाया गया है और अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कारवाई की जा रही है।

# शिक्षकों को मिलेगी ऑनलाइन छुट्टियां, करनी होगी ईमेल से आवेदन

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ बिहार में शिक्षा व्यवस्था को सुधारने और इसे पारदर्शी बनाने के लिए शिक्षा विभाग ने एक बड़ा कदम उठाया है। अब राज्य के सभी सरकारी स्कूलों में शिक्षकों को अवकाश लेने के लिए ऑनलाइन माध्यम का उपयोग करना होगा। शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव ने इस संबंध में नया आदेश जारी किया है। अब तक शिक्षकों को अवकाश के लिए कागजी प्रक्रिया का पालन करना पड़ता था, लेकिन नई व्यवस्था के तहत यह पूरी तरह से बंद कर दिया जाएगा। शिक्षकों को अपने अवकाश के लिए संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) को ईमेल के माध्यम से आवेदन करना होगा। चाहे वह आकस्मिक अवकाश (ईएल), अध्ययन अवकाश, मातृत्व अवकाश या चिकित्सा अवकाश हो, हर तरह के अवकाश के लिए ईमेल द्वारा ही प्रक्रिया पूरी की जाएगी। अवकाश से लौटने के बाद शिक्षकों को अपनी ज्वाइनिंग की सूचना भी ईमेल के जरिए ही देनी होगी। इसके लिए सभी डीईओ को निर्देश दिया गया है कि



वे अपना ईमेल पता साझा करें और सुनिश्चित करें कि सभी शिक्षक इसी माध्यम से आवेदन और ज्वाइनिंग की जानकारी दें। शिक्षा विभाग ने इस नई प्रक्रिया को लागू करने का मुख्य कारण बताया है कि कागजी प्रक्रिया के माध्यम से शिक्षकों की अवकाश की जानकारी समय पर प्राप्त नहीं हो पाती थी। विभाग को यह पता लगाने में कठिनाई होती थी कि कितने शिक्षक कब अवकाश पर गए और कब वापस लौटे। इस वजह से विद्यालयों में व्यवस्था बाधित हो रही थी। इस नई प्रक्रिया से अवकाश के प्रबंधन में पारदर्शिता आएगी और शिक्षकों की अनुपस्थिति पर सटीक निगरानी रखी जा सकेगी। साथ ही, अवकाश स्वीकृति और ज्वाइनिंग की प्रक्रिया भी तेजी से पूरी होगी। इससे स्कूलों में शैक्षणिक व्यवस्था सुचारू रहेगी और छात्रों की पढ़ाई पर कोई असर नहीं पड़ेगा। हालांकि, इस नई व्यवस्था से शिक्षकों को कुछ प्रारंभिक दिक्कतें हो सकती हैं, खासकर उन शिक्षकों के लिए जो तकनीकी रूप से ज्यादा सक्षम नहीं हैं। इसके लिए विभाग द्वारा शिक्षकों को आवश्यक सहायता और प्रशिक्षण प्रदान करने की योजना बनाई जा रही है। शिक्षा विभाग का यह कदम शिक्षकों की अनुपस्थिति पर नियंत्रण और शिक्षा प्रणाली को अधिक सटीक और प्रभावी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगा। यह न केवल प्रशासनिक प्रक्रिया को सरल बनाएगा बल्कि राज्य के सरकारी स्कूलों में शैक्षणिक गुणवत्ता में भी सुधार लाएगा।

# पटना में युवक ने फांसी लगाकर किया आत्महत्या

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के खुसरूपुर में निमार्णाधीन मकान में सोमवार देर रात को एक युवक ने खुदकुशी कर ली। फंदे से लटका हुआ शव मिला है। भाई की मौत की खबर सुनकर बहन ने भी फांसी लगाकर जान दे दी। मृतक की पहचान मोसीमपुर पंचायत के वार्ड नंबर 6 निवासी गरिवन दास के पुत्र रौशन कुमार(26) और पुत्री रोशनी कुमारी(18) के तौर पर हुई है। परिजनों ने घरेलू विवाद से इंकार किया है। घरवालों का कहना है कि भाई की मौत की खबर बहन बर्दाश्त नहीं कर सकी और वो भी फांसी लगाकर जान दे दी। एक साल पहले ही युवक की शादी हुई थी। रौशन अखाड़ा रोड स्थित निमार्णाधीन मकान में मजदूर का काम करता था। यह मकान हरदास बीघा कुर्था निवासी रिटायर्ड सरकारी कर्मचारी कृष्णा प्रसाद की है। वहीं, मृतक के चाचा ने बताया कि रविवार को मेरा भतीजा काम करने गया था। देर रात घर नहीं लौटा तो, हमलोगों ने खोजबीन शुरू की। कुछ पता नहीं चलने पर ठेकेदार ठेकेदार अनुज कुमार से संपर्क किया। जब साइट पर पहुंचा तो देखा कि फंदे से लटका हुआ था। करीब डेढ़ साल से साइट पर काम चल रहा था। काम खत्म होने के बाद रौशन घर नहीं लौटा। काफी खोजबीन के बाद भी उसका कुछ पता नहीं चला। जिसके बाद परिजनों ने ठेकेदार ठेकेदार अनुज कुमार से संपर्क किया। अनुज के मुताबिक घटना वाले दिन वो साइट पर नहीं गया था। रौशन पानी पटाने के लिए गया था। उसके बाद क्या हुआ, कुछ नहीं पता। खुसरूपुर थानाध्यक्ष अंकिता कुमारी ने बताया कि सोमवार सुबह सूचना मिली थी कि अखाड़ा रोड स्थित कृष्ण प्रसाद के निमार्णाधीन मकान में मोसिमपुर निवासी रौशन कुमार ने फांसी लगा लिया है। उक्त सूचना पर यूडी कांड दर्ज किया गया है। भाई की मौत की खबर सुनने के बाद डिप्रेशन में आकर उसकी बहन रौशनी कुमारी ने फांसी लगा ली। इस मामले में अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# पटना में राजभवन मार्च कर रहे कॉंग्रेस तथा बामपंथी दलों के विधायको को पुलिस ने रोकी

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ बीपीएससी उम्मीदवारों का आंदोलन 14वें दिन भी जारी है। उम्मीदवार बीपीएससी परीक्षा रद्द करने और पुलिस लाठीचार्ज के विरोध में प्रदर्शन कर रहे हैं। इन छात्रों के समर्थन में मंगलवार को कांग्रेस और वामपंथी दलों के विधायक भी सड़क पर उतर आए। ये विधायक विधानसभा से राजभवन तक मार्च कर रहे थे, जहां उन्होंने अपने हाथों में विरोध के पोस्टर लिए हुए थे। इन पोस्टरों पर बीपीएससी परीक्षा रद्द करने और छात्रों पर हुए लाठीचार्ज की आलोचना लिखी गई थी।



राजभवन मार्च के दौरान पुलिस ने विधायकों को रोकने की कोशिश की। पुलिस द्वारा रोके जाने पर विधायकों ने सड़क पर बैठकर अपना विरोध जताया। उन्होंने मांग की कि उन्हें वह नियम दिखाया जाए जिसके तहत विधायकों को राज्यपाल से मिलने से रोका जा रहा है। इस पर पुलिस ने अंततः उन्हें आगे जाने की अनुमति दी, लेकिन इस दौरान मामूली झड़प भी हुई। इस पूरे मामले को लेकर राजनीतिक दलों के बीच बयानबाजी भी तेज हो गई है। सोमवार को वाम दलों और राजद ने बिहार बंद का आह्वान किया था। इस दौरान राज्य के अलग-अलग हिस्सों में विरोध-प्रदर्शन हुए। प्रदर्शनकारियों ने दो जगहों पर ट्रेनें रोकीं और छह शहरों में सड़कें जाम कर दीं। दूसरी ओर, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के बीच इस मुद्दे पर चर्चा हुई। बैठक के बाद उपमुख्यमंत्री ने बयान दिया कि बीपीएससी एक स्वतंत्र (ऑटोनोमस) संस्था है और इसे अपने फैसले खुद लेने चाहिए। उन्होंने कहा कि पहले की सरकारों में बीपीएससी के कार्यों में हस्तक्षेप किया जाता था, लेकिन अब ऐसा नहीं होना चाहिए। मार्च के दौरान विधायकों को विकास भवन के गेट के पास फिर से रोका गया। इन रुकावटों के बावजूद कांग्रेस और वाम दल के विधायक छात्रों के समर्थन में अपनी बात पर अडिग रहे। इस विरोध प्रदर्शन और राजनीतिक समर्थन ने बिहार की राजनीति में हलचल पैदा कर दी है। बीपीएससी उम्मीदवारों का आंदोलन और विधायकों का राजभवन मार्च छात्रों और विपक्षी दलों के आक्रोश को सामने ला रहा है। यह घटना केवल प्रशासन और छात्रों के बीच का मुद्दा नहीं है, बल्कि यह बिहार की राजनीति में सत्ता और विपक्ष के बीच की खाई को भी उजागर कर रही है। विपक्षी दल इस मुद्दे को भुनाने और सरकार पर दबाव बनाने की कोशिश कर रहे हैं, जबकि सरकार इसे स्वतंत्र संस्थाओं के कार्य में हस्तक्षेप न करने की नीति के रूप में देख रही है।

# शैलेंद्र सिंह को मानवाधिकार सहायता संघ आर आई टी मंडल के अध्यक्ष पद पर किया गया नियुक्त

**अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण, ब्यूरो चीफ, कोल्हान झारखंड**

सरायकेला खरसावां (झारखंड)31 दिसंबर 2024: आर आई टी थाना अंतर्गत आदित्यपुर-2 में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजन किया गया। जिसमें शैलेंद्र सिंह को मानवाधिकार सहायता संघ आर आई टी मंडल अध्यक्ष पद के लिए नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया ' बैठक में कोल्हान प्रमंडल के अध्यक्ष जवाहरलाल माहलि,जिला अध्यक्ष अमीन मंडल,गमरिया प्रखंड के अध्यक्ष चंद्रनाथ



महतो, जिला सचिव सत्य प्रकाश मौजूद थे '

# अब नही होगी बीपीएससी की दुबारा परीक्षा

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ बिहार लोक सेवा आयोग की परीक्षा में गड़बड़ी के विरोध में प्रदर्शन कर रहे अभ्यर्थियों की मांग को लेकर बातचीत करने मंगलवार सुबह सूबे के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी सीएम आवास पहुंचे। इस मुलाकात के बाद सम्राट चौधरी ने इस पुरे मामले को सरकार का रूख साफ कर दिया है। सम्राट ने बता दिया है कि री-एग्जाम होगा या नहीं। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि आयोग को सरकार ने फ्री हैंड दे रखा है। वह छात्रों के हित को देखते



हुए निर्णय लें,छात्रों के हित हो देखते हुए या छात्रों से जुड़ें किसी भी मामले के लिए आयोग पूरी तरह से फ्री हैं। वह किसी भी तरह का फैसला लेने के लिए फ्री हैं। उनको ही इस मामले पर निर्णय लेना है। लगभग 14 से ज्यादा दिनों से पटना में लगातार धरना प्रदर्शन और आंदोलन कर रहे बीपीएससी छात्रों पर नीतीश सरकार ने पहली बार अपनी चुप्पी तोड़ी है। 70वीं बीपीएससी पीटी रद्द करने की मांग को लेकर पटना में पिछले कुछ दिनों से अभ्यर्थी आंदोलन कर रहे हैं। प्रदर्शनकारी अभ्यर्थियों को कई राजनीतिक दलों और नेताओं का भी साथ इस मांग को लेकर मिला। वहीं प्रशांत किशोर के नेतृत्व में अभ्यर्थियों का हुजूम गांधी मैदान में जमा हो गया। उन्हें इसकी अनुमति प्रशासन नहीं दी गई थी। इसके बाद भी रात करीब साढ़े आठ बजे अभ्यर्थी जेपी गोलंबर पर जमे थे ।इनलोगों को प्रशासन इस जगह को खाली करने की वार्निंग दे रही थी। लेकिन जब प्रदर्शनकारी अभ्यर्थी नहीं माने तो पुलिस ने वाटर कैनन से पानी की बौछार की और फिर लाठीचार्ज कर दिया। इसके बाद इस मामले की राजनीति और गर्म हो गई और अब उपमुख्यमंत्री ने सरकार ने तरफ से पक्ष रख दिया है। अभ्यर्थियों पर लाठीचार्ज के बाद मीडिया से बात करते हुए बीपीएससी के सचिव सत्यप्रकाश शर्मा ने कहा कि अगर कानून व्यवस्था बिगड़ती है तो इसके लिए पुलिस को किसी भी तरह की कार्रवाई की छूट है। आयोग का विधि व्यवस्था से कोई लेना देना नहीं है। वहीं, इस दौरान उन्होंने कहा कि आयोग किसी भी तरह का री-एग्जाम करवाने नहीं जा रहा है। अभ्यर्थियों ने किसी भी तरह का पेपर लीक होने का सबूत नहीं दिया है। परीक्षा के दौरान पूरे प्रदेश से कही भी पेपर लीक की कोई खबर सामने नहीं आई।

# भाजपा जिलाध्यक्ष को लेकर धर्मेन्द्र शुक्ला की दावेदारी सबसे मजबूत

**दैनिक समाज जागरण**



सीधी। जिले में इन दिनों सियासी पार लगातार चढ़ता जा रहा है, इस बेतहाशा ठंड के बाद भी सीधी जिले में भाजपा जिलाध्यक्ष के निर्वाचन को लेकर फिजा में गर्म हवा दौड़ रही है। बता दें कि अभी हाल ही में भारतीय जनता पार्टी द्वारा सीधी जिले के निर्वाचन को लेकर नियुक्त किए गए जिला निर्वाचन अधिकारी लोकेंद्र परासर द्वारा जिलाध्यक्ष पद को लेकर रायसुमारी कर अध्यक्ष पद के दावेदारों की सूची प्रदेश कार्यालय में जमा कर दिए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी लोकेंद्र परासर के जाने के बाद से ही अब दावेदारों के समर्थक अपने अपने नेता को जिलाध्यक्ष बनने का दावा कर रहे हैं। हालांकि अपुष्ट सूत्रों की मानें तो पार्टी गाइडलाइन का अड़ंगा सामने नहीं आया तो देव कुमार सिंह फिर एक बार जिलाध्यक्ष बन सकते हैं, उनका पक्ष की काफी मजबूत बताया जा रहा है। दूसरी ओर यह भी कहा जा रहा है कि भाजपा हमेशा ऐसा काम करती हैं जिसके बारे में लोग अंदाजा तक नहीं लगा पाते। इसी बात को लेकर यह कहा जा रहा है कि पार्टी में लंबे समय से पूर्ण निष्ठा के साथ काम कर रहे एड. धर्मेन्द्र शुक्ला की भी दावेदारी भारी पड़ रही है। श्री शुक्ला भाजपा के पूर्व नगर मंडल अध्यक्ष एवं मीडिया प्रभारी सहित अधिवक्ता संघ के उपाध्यक्ष भी हैं। इसके अलावा उन्होंने बीते दो दशक से पार्टी द्वारा मिलने वाली कई अहम एवं महत्वपूर्ण जिम्मेवारियों का निर्वहन बखूबी निभा चुके है। हालांकि यह सिर्फ कयास हैं परिणाम जल्द ही आने वाला है।

खुशियों की दास्तां

# आर. बी. एस. के., योजना बनी नवजात के लिए वरदान

**दैनिक समाज जागरण**

शहडोल 31 दिसंबर 2024प्रदेश शासन द्वारा पोषित आर.बी.एस. के. योजना जिसके तहत जन्म से 18 वर्ष तक के बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण आर.बी.एस. के. टीम द्वारा चिकित्सक के साथ प्रसव केन्द्र एवं आंगनबाड़ी तथा स्कूल में भ्रमण कर बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाता है तथा कटे फटे होंठ, टेढ़े-मेढे पैर व अन्य जन्मजात बीमारियों का निदान शासन द्वारा चिन्हित अस्पतालों में कराया जाता है। इसी तारतम्य में कलेक्टर डॉ. केदार सिंह के मार्गदर्शन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश मिश्रा के निर्देशन में जिला प्रबंधक आर.बी. एस. के. कंचन पटेल एवं चिकित्सक डॉ. अजय गुप्ता की अगुवाई में



सिविल अस्पताल ब्यौहारी में 19 दिसंबर 2024 को जन्मे बच्ची, पुत्री श्रीमती लक्ष्मी साहू निवासी बोडिडहा ब्यौहारी जिसका जन्म के समय से ही पैर अंदर की ओर मुड़े हुए थे। डॉ. गुप्ता ने बच्ची के माता-पिता को समझाया कि घबराने की जरूरत नही है, आप अपने बच्ची को जिला अस्पताल ले जाकर अस्थि रोग विशेषज्ञ, डॉ. अरविंद अम्बेडकर को दिखायें। डॉ. अम्बेडकर के द्वारा बच्ची के पैर में प्लास्टर चढ़ाकर क्लब फुट ठीक किया गया। आज बच्ची पूर्णतः स्वस्थ्य है। बच्ची की माता श्रीमती लक्ष्मी साहू ने शासन की इस महत्वाकांक्षी योजना के लिए प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं जिला प्रशासन को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि शासन यह महत्वाकांक्षी योजना का लाभ सभी जरूरतमंदों को पहुंचे, जिससे सभी पात्र बच्चे-बच्ची निःशुल्क रूप से लाभान्वित हो सके।

# सार्वजनिक रोड की खुदाई करने से नपा कर्मियों ने किया मना तो दो लोगों ने कर्मचारियों के साथ की गाली गलौज, ईट उठाकर मारने का किया प्रयास

**दैनिक समाज जागरण**



शहडोल। नगर पालिका की सार्वजनिक रोड की खुदाई कर नाली का निर्माण हो रहा था, जिसकी शिकायत मिलने के बाद नपा कर्मचारी मौके पर पहुंचे और सार्वजनिक रोड की खुदाई करने से मना किया। जिससे निर्माण कर रहे लोगों ने नगर पालिका के कर्मचारियों के साथ गाली गलौज कर ईट उठाकर उन्हें मारने का प्रयास किया , जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया में वायरल हुआ है । इस मामले पर पुलिस ने दो लोगों के विरुद्ध गाली गलौज कर शासकीय कार्य में बाधा व अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड नंबर 17 के बाणगंगा मेला मैदान के पीछे सार्वजनिक रोड की खुदाई कर नाली का निर्माण हो रहा था, जिससे नपा को काफी नुकसान पहुंच रहा था, जिसकी शिकायत स्थानीय लोगों के द्वारा नगर पालिका के अधिकारियों से की गई । शिकायत मिलने के बाद नगर पालिका आर आई मयंक मिश्रा सहित रामचरण, धर्मेंद्र सोनी फायर वाहन चालक अफजल खान मौके पर पहुंचे और सार्वजनिक रोड की खुदाई करने से लोगों को मना किया जिससे विवाद हो गया। बताया गया कि आर पी तिवारी व अजीत त्रिपाठी नगरपालिका की सार्वजनिक रोड की खुदाई कर नाली का निर्माण कर रहे थे । जिसको लेकर नगर पालिका के कर्मचारियों ने उन्हें मना किया ,लेकिन दोनों लोग नगर पालिका कर्मचारियों पर हावी होकर गाली गलौज कर ईट उठाकर कर्मचारियों पर हमला बोल दिया। इसके बाद मौके से नगर पालिका कर्मचारी थाने पहुंचे, और थाने में लिखित शिकायत दी ,पुलिस ने मामले पर जांच की ,घटना का वीडियो भी नपा कर्मचारियों ने पुलिस के सामने प्रस्तुत किया। जिस पर पुलिस ने आर पी तिवारी व अजीत त्रिपाठी पर गाली गलौज कर शासकीय कार्य में बंधा जैसे कई धारों पर मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

# लगता है कलारी कर्मचारी ही बनेंगे उमरिया बीजेपी के जिला अध्यक्ष

लगभग आधा दर्जन कॉलरी कर्मचारी भाजपा जिला अध्यक्ष की दौड़ में

**दैनिक समाज जागरण**




भारतीय जनता पार्टी संगठन पर्व पर बूथ अध्यक्ष मंडल अध्यक्ष के चुनाव के उपरांत जिला अध्यक्ष निर्वाचन की सरगर्मी जिले में तेज हो चुकी है' पर्यवेक्षक द्वारा रायशुमारी भी की जा चुकी है' अब बस बहुत जल्द ही जिला अध्यक्ष का परिणाम आने वाला है' सभी दावेदार अपने आकाओं के चक्कर लगाने कुछ भोपाल कुछ दिल्ली कुछ छादा तो कुछ उमरिया में चक्कर लगा रहे हैं ' इस बार कॉलरी कर्मचारी अपने आप को जिला अध्यक्ष मान बैठे हैं ' स्थानीय नेताओं का भी उन्हें समर्थन प्राप्त है' स्थानीय नेता भी चाहते हैं कोई भी कर्मचारी जो अधिकतम समय अपनी नौकरी को दे उसी को जिला अध्यक्ष बनाया जाए जिससे किसी भी प्रकार का हस्तक्षेप किसी भी निर्णय में ना हो सके ऐसी स्थिति में स्थानीय नेताओं का भी समर्थन कालरी कर्मचारियों के साथ है' उमरिया जिला अध्यक्ष हेतु पूर्व जिला अध्यक्ष वर्तमान कॉलरी कर्मचारी कोऑपरेटिव सोसायटी अध्यक्ष मनीष सिंह प्रबल दावेदार हैं वहीं दूसरे कॉलरी कर्मचारी अशोक तिवारी प्रदीप शुक्ला रामनारायण प्यासी कालरी से ही रिटायर हुए धनुषधारी सिंह ने खुलकर पार्टी में आवेदन कर जिला अध्यक्ष बनने की इच्छा जताई है वहीं कुछ ऐसे भी कर्मचारी हैं जो दबी जुबान अपने आकाओं से समर्थन जुटाने में लगे हैं और यह कहते फिर रहे हैं कि इस बार तो कॉलरी कर्मचारी ही भाजपा का जिला अध्यक्ष बनेगा ' कॉलरी कर्मचारियों में खुशी का माहौल है और आपस में प्रतिस्पर्धा भी है जिला अध्यक्ष बनने की ' कुछ कैलरी कर्मचारी तो पूर्व सांसद ज्ञान सिंह जी के सहयोगी और शिवनारायण सिंह विधायक शिवनारायण सिंह जी के खासम खास मनीष सिंह को भाजपा का जिला अध्यक्ष मान चुके हैं और खुशियां भी मना रहे हैं वहीं रामनारायण प्यासी भी अपना समर्थन जताने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं इन सबसे हटके पूर्व जिला अध्यक्ष अरविंद बंसल आशुतोष अग्रवाल भी अपने पूर्व कार्यकाल में किए गए कार्यों के आधार पर अपना दावा दिखा रहे हैं' पूर्व जिला अध्यक्ष दिलीप पांडे जिन्होंने संगठन को 4 साल में स्थापित किया जिन्हें छोटे जमीनी कार्यकर्ता और युवाओं का समर्थन है उनके कयास भी लगाए जा रहे हैं, जहां उनके नेतृत्व में लोकसभा चुनाव में सर्वाधिक मत जिला पंचायत चुनाव में जीत विधानसभा में जीत नगर पालिका और जनपद में जीत वही कार्यालय निर्माण इन सब बातों की चर्चा लोग आपस में कर रहे हैं वहीं एक और नाम मानसिंह का आता है जिन्हें संघ का समर्थन प्राप्त है और यह संघ की तरफ से भाजपा के जिला अध्यक्ष पद के दावेदार हैं' वहीं दूसरी तरफ आदिवासी नेतृत्व की बात करें तो जिला महामंत्री अर्जुन सिंह सैयाम महिला नेत्री ज्ञानवती सिंह भी अपनी जोर आजमाइश कर रही हैं ' बहरहाल यह तो आने वाला वक्त बताएगा कि भाजपा का जिला अध्यक्ष कौन होगा? यह संगठन का निर्णय होगा लेकिन इन विगत चार वर्षों में जिस प्रकार से भाजपा का काम खड़ा हुआ है और जिला अध्यक्ष पद के लिए दावेदारों की सूची बढ़ी है इससे तो यह स्पष्ट होता है कि भाजपा संगठन का विस्तार तेजी से हो रहा है

# अतिक्रमण से सिकुड़ी सड़कें,आवागवन हो रहा बाधित यातायात विभाग सिर्फ वसूली तक सीमित, नहीं करती कार्यवाही

बाजार क्षेत्र में दिनों दिन फैलाता जा रहा अतिक्रमण

**दैनिक समाज जागरण**

सीधी। जिले मुख्यालय की सडकों में अतिक्रमण को लेकर यातायात विभाग सुस्त रवैया अपना रहा है। हालात यह है कि जगह-जगह अतिक्रमण सहित आवागवन में दिक्कतें हो रही हैं। शहर के गांधी चौक से लेकर लालता चौक तक आए दिन जाम लगने के कारण वाहन चालकों को परेशानी उठानी पड़ती है। इस पर यातायात विभाग कोई पहल नहीं कर रहा है। बल्कि चलान के नाम पर वसूली का हथकंडा अपनाते देखा जा सकता है। शहर के सराफा बाजार की सडक एकल होनें के बावजूद यहां वाहनों की भारी भीड़ रहती है। लिहाजा मार्ग में जाम की स्थिति बनी ही रहती है। जाम में फंसनें के बाद सबसे ज्यादा फजीहत दो पहिया वाहन सवारों की होती है। संकीर्ण सडक में बड़े वाहनों के आते ही जाम लगना तय है। एक बार जाम लगा तो आगे पीछे सैकड़ों दो पहिया वाहन फंस जाते हैं। मालूम रहे कि मुख्य बाजार क्षेत्र से सराफा बाजार मार्ग के संबद्ध होनें के कारण यहां लोगों की आवाजाही सुबह से लेकर देर शाम तक काफी ज्यादा रहती है। पुरानी गल्ला मंडी समेंत अधिकांश थोक व्यापारियों के गोदाम भी इसी इलाके में हैं। जिसके चलते यहां बडे वाहनों की आवाजाही बनी रहती है। सराफा बाजार के कई व्यापारियों नें चर्चा के दौरान बताया कि किसी जमानें में सराफा बाजार ही सीधी शहर का मुख्य बाजार था। जिसके चलते यहां की सभी सडके काफी संकीर्ण हैं। यहां महज दो पहिया वाहनों के आनें-जानें की ही अनुमति दी जानी चाहिए।

**बाक्स**

पुलिस व्यवस्था पर उठ रहे सवाल

पुलिस की व्यवस्था भी इस मार्ग में न होनें के कारण कोई भी वाहन संकीर्ण मार्ग में पहुंच जाता है। स्थिति यह है कि चार पहिया वाहनों के यहां से गुजरनें पर ही जाम लग जाता है। मिनी ट्रक एवं पिकअप वाहनों की आवाजाही मार्ग में काफी ज्यादा रहती है। अनावश्यक रूप से बड़े वाहनों के प्रवेश को सराफा बाजार में रोंकनें के लिए कुछ स्थानों पर लोहे के पिलर स्थाई रूप से लगानें चाहिए जिससे दो पहिया वाहनों के अलावा अन्य वाहनों की आवाजाही यहां से पूरी तरह से बंद हो जाए। हालांकि कुछ व्यापारियों नें पिलर लगानें पर आपत्ति जताते हुए कहा कि पुलिस को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि दिन के समय इस मार्ग में बड़े वाहनों की आवाजाही अनावश्यक रूप से न हो साथ ही सराफा बाजार क्षेत्र में स्थाई रूप से पुलिस कर्मियों की ड्यूटी भी लगाई जानी चाहिए। जिससे जाम की स्थिति यहां निर्मित न हो। साथ ही लोगों को भी जाम न लगानें के लिए समझाइश मिलती रहे। इस तरह की मांगे सराफा बाजार क्षेत्र के व्यापारियों द्वारा काफी अरसे से की जा रही है जिसका अभी तक कोई समाधान नहीं निकल सका है।

**बाक्स सिर्फ छोटे वाहन हो रहे कार्यवाही का शिकार**

यातायात विभाग द्वारा चेकिंग के दौरान देखा जाता है कि सडक के किनारे जो दुकानें रहती हैं उस पर चार पहिया वाहन खड़े हो जाते हैं उन पर कार्यवाही नहीं होती। जबकि ऑटो चालक तो लापरवाही करते हैं उन पर पुलिस कार्यवाही करती है। वहीं दो पहिया वाहनों पर भी कार्यवाही करती नजर आ रही है। सवाल यह है कि बड़े वाहन जो नियमों को दरकिनार कर सडकों के किनारे खड़े कर देते हैं जिससे आवागवन बाधित हो रहा है उस पर कार्यवाही करने की हिम्मत पुलिस अमले में नहीं देखी जा रही है।

# डोला स्थित मां कुदरगढ़ी माइनिंग कंपनी के खिलाफ युवा कांग्रेस जल्द करेगा आंदोलन - गुड्डू चौहान

**दैनिक समाज जागरण**

कोतमा विधानसभा क्षेत्र के डोला नगर परिषद स्थित माइनिंग का कार्य कर रही मां कुदरगढ़ी माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड कंपनी द्वारा कम्पनी में कार्यरत ड्राइवरों, मजदूरों के साथ किए जा रहे अन्याय के खिलाफ ड्राइवर एवं मजदूर अनन्या वाटिका डोला में धरने पर बैठे हुए थे पूर्व प्रधानमंत्री डां मनमोहन सिंह के निधन के उपरांत अपने प्रदर्शन को स्थगित किया था तथा युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष से फोन पर बात कर मिलने कि इच्छा जताई थी इसी क्रम मे आंदोलनरत ड्राइवरों व मजदूरों के बुलावे पर आज युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष गुड्डू चौहान अनन्या वाटिका पहुंचे और उनकी समस्याएं सुनी उक्त कर्मचारी मजदूरों ड्राइवरों ने बताया कि हमें हमारा वेतन समय पर भुगतान नहीं किया जाता, काम ज्यादा कराया जाता है और वेतन कम भुगतान किया जाता है तथा किसी प्रकार की कोई अन्य सुविधा भी नहीं प्रदान की जाती तथा एचपीसी नियम का पालन नहीं किया जा रहा है। हम पूरी ईमानदारी और मेहनत के काम करते है लेकिन मां कुदरगढ़ी माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड कंपनी द्वारा हमारा शोषण किया जा रहा है। कार्यरत मजदूरों एवं ड्राइवरों की समस्या सुन युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष गुड्डू चौहान ने जल्द ही उनकी सभी समस्याओं का निराकरण कराने का भरोसा दिलाया और यह भी कहा कि प्रबंधन व मां कुदरगढ़ी माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड कंपनी ने जल्द ही आपकी मांगों को पूरा नहीं किया गया तो युवा कांग्रेस एक बड़ा आंदोलन करेगा। इस दौरान युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष गुड्डू चौहान के साथ डोला के वरिष्ठ कांग्रेस नेता संतोष यादव, युवा कांग्रेस राजनगर ब्लॉक अध्यक्ष विजय साहू उपस्थित रहें।

# दो विभागों में फंसा जल संरक्षण का कार्य

चंदिया रेंजर के कारण अब किसान होगें हलाकान

**दैनिक समाज जागरण**

देश भर में जहां जल संरक्षण और संवर्धन के लिए नित नये उपाये किये जा रहे हैं, यहां तक कि जल संरक्षण के लिए केन्द्रीय सरकार और राज्य सरकार ने यह स्पष्ट किया है कि जल संरक्षण के लिए जहां भी प्रयास हो रहे हैं वहां पर सारे विभाग मिलकर सहयोग देगें, लेकिन उमरिया जिले में ठीक इसके उल्टा काम हो रहा है यहां वाटर सेट के तहत तालाब का निर्माण कराया जा रहा था, इस निर्माण से जहां सिंचाई का रकबा बढ़ेगा वहीं जंगली जानवर और मवेशी अपनी प्यास बुझा सकेगें, मगर वन विभाग के चंदिया रेंजर ने जल संवर्धन पर रोक लगा दी है, उनका कहना है कि यह भूमि वन विभाग की है और राजस्व विभाग का कहना है कि यह भूमि और रकबा हमारा है,



वहीं अब किसानों का कहना है कि इस भूमि पर हम वर्षों से काबिज हैं और खेती किसानी करते आ रहे हैं पर वन विभाग द्वारा पैसों को लेकर यहां का काम बंद करा दिया गया है, जिससे जल संरक्षण का काम अब विवादों में आ गया है और इन दो विभागों के कारण वहां किसान परेशान होगा। हालांकि इस पूरे मामले में जल संरक्षण का काम बंद हो गया है और सरकार के सपनों पर पानी फिर गया है वहीं इस पूरे मसले पर वन विभाग के रेंजर की भूमिका अहम मानी जा रही है। बताया जा रहा कि पहले तो अपनी भूमि बताकर वन विभाग ने पोकलेन मशीन और ट्रेक्टर वाहन जब्त कर दिये, लेकिन रेंजर को जैसे ही पता चला कि यह भूमि राजस्व और किसानों की है तो वह बिलबिला गये और अब नाप जोख होने के बाद भी रेंजर ने अब पैसों के लिए दबाव बनाये जा रहे हैं। बहरहाल बीते चार दिनों से नाप जोख का काम चला और पूरी रिपोर्ट कोड़ियां नायब तहसीलदार द्वार बांधवगढ़ एसडीएम को सौंपी जाएगी, जिसके बाद तय होगा कि किस करवट ऊंट बैठेगा साथ ही सरकार का जल संरक्षण का कार्य भी रेंजर के हस्तक्षेप के बाद रुक गया है, जिससे यह सिद्ध होता है कि रेंजर स्वयं ही सरकार की मंशा पर पानी फेर रहे हैं।

# शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खैरहा के व्यावसायिक पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों को कराया गया औद्योगिक भ्रमण

**दैनिक समाज जागरण**

शहडोल।खैरहा - शासकीय उच्च माध्य विद्यालय खैरहा में संचालित व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत आईटी एवं कृषि ट्रेड के विद्यार्थियों को शनिवार को इंडस्ट्रियल विजिट कराया गया। व्यवसायिक प्रशिक्षक आईटी ट्रेड, अल्ताफ रजा एवं कृषि ट्रेड व्यावसायिक प्रशिक्षक रमाकांत सिंह जोधावत द्वारा सभी छात्र एवं छात्राओं को इंडस्ट्रियल विजिट के लिए IGM इंस्टीट्यूट ऑफ आई टी टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट शहडोल एवं कृषि विज्ञान केंद्र शहडोल का भ्रमण कराया गया। जहां पर सभी छात्र-छात्राओं ने अनुभवी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं के मार्गदर्शन में पूरे इंस्टीट्यूट एवं विज्ञान केंद्र का भ्रमण किया गया, जिसमें कॉलेज प्रबंधन द्वारा पूरे परिसर में संचालित कोर्स,लाइब्रेरी एवं कंप्यूटर लैब के बारे में विस्तृत रूप से छात्र एवं छात्राओं को बारीकी से अध्ययन कराया गया। तथा कॉलेज में संचालित पाठ्यक्रमों के बारे में जानकारी दी गई एवं छात्र छात्राओं को पढ़ाई के साथ साथ स्वरोजगार स्थापित करने के नए नए तरीके बताए गए नवीन शिक्षा नीति के बारे में छात्र एवं छात्राओं को विस्तृत रूप से बताया गया एवं नई शिक्षा नीति के फायदे बताए गए। इस अवसर पर IGM इंस्टीट्यूट ऑफ आई टी टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट शहडोल के प्रबंध संचालक राहुल निगम, एवं कृषि विज्ञान केंद्र में भ्रमण के दौरान डॉ. दीपक चौहान (वैज्ञानिक) व्यावसायिक प्रशिक्षक अल्ताफ रजा,रमाकांत सिंह जोधावत,शिक्षिका लक्ष्मी पटेल,विनोद शर्मा,पद्मेश पाण्डेय,शैलेश गौतम उपस्थित रहे,एवं संस्था के प्राचार्य रमाकांत मिश्रा,एवं विद्यालय के नोडल प्रभारी बी .पी. पाण्डेय द्वारा सभी छात्र एवं छात्राओं का मार्गदर्शन किया गया।

# नववर्ष मनाने पुलिस अधीक्षक अनूपपुर ने जारी की एडवाइजरी

शरारती तत्वों एवं हुड़दंग बाजियों पर पुलिस की रहेगी नजर

**दैनिक समाज जागरण**



अनूपपुर। जिले भर में नववर्ष 2025 हर्षोल्लास के साथ शांति पूर्ण तरीके से मनाए जाने के लिए पुलिस अधीक्षक मोतीउर्र रहमान एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक इसरार मन्सूरी ने आमजनों के लिए निर्देश जारी किए है। ज्हां जश्न मनाने के लिए आमजनों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया गया है। जिसके लिए एसपी के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक इसरार मन्सूरी द्वारा जिले के समस्त थाना एवं चौकी प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र में चौकस बढ़ाने के निर्देश दिए गए है। पुलिस अधीक्षक मोतीउर्र रहमान ने कई बिन्दुओं पर पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को इस दौरान नियमों के उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही के निर्देश दिए है, जिनमें सभी आयोजकों के निर्धारित समय तक आयोजित कार्यक्रम स्वयं बंद करने, सभी आयोजक डीजे एवं लाउडस्पीकर का उपयोग सुप्रीम कोट एवं शासन द्वारा जारी गाइडलाईन के अनुसार सुनिश्चित करने, नववर्ष की पूर्व संध्या पर पुलिस द्वारा विभिन्न स्थानों पर चेकिंग एवं पेट्रोलिंग कर नशे में वाहन चलाने वाले, तेज रफ्तार वाहन चलाने वाले चालको के विरूद्ध सख्त वैधानिक कार्यवाही किए जाने, शरारती तत्वों द्वारा शराब पीकर सार्वजनिक स्थानों एवं मार्गो पर की जाने वाली हुड़दंग बाजी और गतिविधियों को नियंत्रित करे के उद्देश्य से भीड़भाड़ इलाके में चौकस बढ़ाए जाने, नववर्ष के उपलक्ष्य पर जिला अंतर्गत संचालित होटल, रेस्टोरेंट, ढ़ाबों पर निगरानी रखने के साथ असामाजिक तत्वों की प्रत्येक गतिविधियों पर पैनी नजर रखने, किसी भी आयोजन के संबंध में पूर्व से संबंधित कार्यपालिक मजिस्ट्रेट से अनुमति प्राप्त कर निर्धारित मापदंडों का पालन सुनिश्चित करने के साथ ही नववर्ष के उपलक्ष्य में अफवाहों पर ध्यान न देने और यदि कोई अफवाह फैलती है तो उसकी सूचना तुरंत पुलिस को देने संबंधी निर्देश जारी किए है। उन्होने बताया है कि पुलिस सोशल मीडिया पर पैन नजर बनी हुई है। नववर्ष की आड़ में असामजिक गतिविधियों को अंजाम देने वालो के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जाएगी। एसपी मोतीउर्र रहमान ने अपील की है कि जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने के साथ ही आयोजनकर्ता कानून व्यवस्था बनाये रखने में पुलिस का सहयोग करे अगर किसी भी व्यक्ति द्वारा नियमों का उल्लंघन करते पाया गया तो कार्यवाही की जाएगी।

# ट्रेन की चपेट में आने से शख्स की मौत, शव के ऊपर से गुजरी कई ट्रेनें, परिजनों ने किया हंगामा

**दैनिक समाज जागरण**



शहडोल। इंसानियत को शर्मसार कर देने वाला मामला शहडोल में सामने आया है,जहां एक व्यक्ति की ट्रेन से कटकर मौत हो गई, जिसके बाद इसकी जानकारी जीआरपी व संबंधित थाना पुलिस को दी गई। लेकिन पुलिस को पहुंचने में देरी हो गई, इस बीच 5 घंटे के भीतर कई ट्रेन उस शव के ऊपर से गुजर गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंचे परिजनों ने देखा कि शव के ऊपर से कई ट्रेन गुजर रही हैं, जिसके बाद परिजनों ने हंगामा शुरू किया, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा कार्यवाही कर शव को मौके से उठवा गया है। जिसके बाद मामला शांत हुआ है। घटना बुढार रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक की है। बुढार स्टेशन के प्लेट फार्म नम्बर एक में सुबह 6 बजकर 34 मिनट पर यह हादसा कानपुर से दुर्ग जाने वाली बेतवा एक्सप्रेस से हुआ । मृतक रायपुर का रहने वाला बताया जा रहा है । इस हादसे के बाद मानवता को शर्मसार करने वाला वाक्या पेश आया । सुबह साढ़े 6 बजे से लेकर दोपहर 12 बजे तक शव रेल ट्रैक पर ही खुला हुआ पड़ा रहा । इस बीच लाश के ऊपर से एक एक करके तीन यात्री ट्रेन धड़ाधड़ गुजरते चली गयी ,जिससे शव और अधिक क्षत विक्षत होता चला गया । रेल पुलिस और स्टेशन मास्टर की जानकारी के बाद भी वैकल्पिक रेल ट्रैक बुढार स्टेशन में होने के बाद भी लाश के ऊपर से ट्रेने गुजरने के कारण परिजनों का गुस्सा फूट पड़ा । जिसके बाद बुढार स्टेशन में जमकर हंगामा हुआ । इस दौरान स्टेशन में काफी यात्री भी मौजूद रहे ,जिन्होंने रेल प्रबन्धन और रेल पुलिस की इस लापरवाही की कड़ी निंदा करते हुए मानव संवेदनशीलता के विपरीत बताया । जानकारी के अनुसार कानपुर सेंट्रल से दुर्ग तक जाने वाली बेतवा एक्सप्रेस ट्रेन नम्बर 18204 सुबह करीब 6 बजकर 34 मिनट पर बुढार स्टेशन के प्लेटफार्म नम्बर 1 से गुजर रही थी ,इस बीच उसमे सवार एक यात्री ट्रेन से नीचे पटरी पर गिर गया । इससे पहले वहाँ मौजूद अन्य यात्री उसे बचा पाते ट्रेन उसके ऊपर से गुजरते चली गयी ट्रेन आगे जाने के बाद जब लोगों ने पटरी के पास जाकर देखा तो यात्री के शरीर के तीन टुकड़े हो गये थे । जिसमे सिर और एक पैर पटरियों के बीच था ,जबकि धड़ प्लेटफार्म से सटा हुआ पड़ा था । ऐसा कयास लगाया जा रहा है कि बेतवा एक्सप्रेस का बुढार में स्टापेज नहीं होने के कारण यात्री उतरने की हडबडाहट में वहाँ गिर गया होगा ।

**एक- एक कर शव के ऊपर गुजरती गयी ट्रेन**

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसा सुबह साढ़े 6 बजे के आसपास प्लेट फार्म नम्बर 1 में हुआ ,उस समय स्टेशन में एक जीआर पीआरक्षक भी ड्यूटी पर मौजूद था ,साथ ही पोर्टर भी मौके पर कुछ देर में पहुँच गया । इसकी जानकारी उस समय स्टेशन में मौजूद स्टेशन मास्टर तक भी पहुँच गयी ,लेकिन स्टेशन मास्टर व रेल पुलिस की लापरवाही का नतीजा यह निकला कि हादसे के करीब 15 मिनट बाद उसी ट्रैक से भोपाल से दुर्ग जाने वाली अमरकंटक एक्सप्रेस को गुजार दिया गया ,जबकि रेल सूत्रों के अनुसार स्टेशन में वैकल्पिक रेल ट्रैक होने की स्थिति में मानवीय संवेदनशीलता को देखते हुए वहाँ से गुजरने वाली ट्रेन को अन्य रेल ट्रैक से गुजारा जाना चाहिए ताकि शव और अधिक क्षत विक्षत न होने पाए । इसके विपरीत हादसे के बाद सबसे पहले अमरकंटक एक्सप्रेस को उसी ट्रैक से आगे रवाना किया गया । इसके बाद भी शव ट्रैक में ही खुला पड़ा रहा । घटना के करीब चार घंटे बाद सुबह साढ़े 9 से 10 बजे के आसपास एक बार फिर बरौनी-गोंदिया एक्सप्रेस एवं शहडोल -बिलासपुर पैसेंजर ट्रेन को उसी ट्रैक से शव के ऊपर से गुजार दिया गया । जिससे शव से सिर और अलग होकर दूर चला गया । स्टेशन मास्टर एवं रेल पुलिस की इस मानवीय संवेदनहीनता के बाद मौके पर पहुँचे मृतक के परिजनों का गुस्सा फूट पड़ा ।कुछ देर के लिए स्टेशन में हंगामे की स्थिति निर्मित हो गयी । किसी तरह पुलिस ने मामला शांत कराया । इस प्रकार घटना के करीब 6 घंटे तक स्टेशन में क्षत विक्षत शव खुले में पड़ा रहा और उसके ऊपर से ट्रेने गुजरती रहीं । इस सम्बन्ध में जब शहडोल जीआरपी थाना प्रभारी आर एम झरिया ने कहा कि जब हमें जानकारी मिली तो हमारी टीम मौके पर पहुंची थी, मर्ग कायम कर विवेचना की जा रही है। शव के ऊपर से ट्रेन गुजरने की बात सामने आई है, हमें देरी नहीं हुई है।

# नये वर्ष में सुरक्षा को लेकर जिले में 400 से अधिक पुलिस बल तैनात - पुलिस अधीक्षक

**दैनिक समाज जागरण**

उमरिया - जिले में नव वर्ष को लेकर पुलिस ने चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था की है। जिले के 25 से अधिक ट्रैफिक चेक प्वाइंट के साथ 15 से अधिक कार्यक्रम स्थलों पर पुलिस बल तैनात किया गया है। थाना क्षेत्रों में थाना मोबाइल वाहन से गश्त की जाएगी। पुलिस ने नये वर्ष पर हुड़दंग और शरारती तत्वों को लेकर भी सतर्क है। पुलिस ने 31 दिसम्बर से ही क्षेत्र में गश्त शुरू कर दी है। जिला मुख्यालय सहित पूरे जिले में चौराहों में पुलिस बल तैनात हैं। पुलिस अधीक्षक सहित पुलिस के अधिकारी सुरक्षा को लेकर निगरानी में जुटे हैं। पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू ने बताया कि पूरे जिले में 400 से अधिक पुलिस बल तैनात हैं। 25 ट्रैफिक चेकिंग पॉइंट बनाए गए हैं सुरक्षा को लेकर पुलिस गश्त में जुटी हुई है । जिले के पाली में स्थित मां बिरासनी शक्तिपीठ में मां बिरासिनी और उचेहरा में ज्वाला माता के दर्शन के लिए श्रद्धालु पहुंचते हैं। श्रद्धालुओं को परेशानी ना हो। इसके लिए जिला प्रशासन और मंदिर समिति ने भी व्यवस्था कर रखी है। पर्यटन स्थलों पर पुलिस के विशेष बल तैनात है।

# श्रमिक ने ट्रेन के शौचालय में बेल्ट से फांसी लगाकर दी जान

**दैनिक समाज जागरण**

संवाददाता हलिया (मीरजापुर) :स्थानीय थाना क्षेत्र के पोखरौड गांव निवासी श्रमिक ने ट्रेन के शौचालय में बेल्ट के सहारे फांसी लगाकर अपनी जान दे दिया साथियो ने शौचालय की तरफ गये तो नजारा देखकर परिजनों को सूचना दिया है परिजन घर से शव को लेने के लिए निकल पडे है !हलिया थाना क्षेत्र के पोखरौड गांव निवासी 36 वर्षीय बबलू गोरखपुर में मजदूरी कर परिवार का जीविकोपार्जन करता था वापस घर लौट रहा था की शहदपुर रेलवे स्टेशन पर ट्रेन के शौचालय में अपने मोबाइल फोन पर किसी से वीडियों कालिंग करते समय किसी बात को लेकर अपने बेल्ट से शौचालय में फांसी लगाकर जान दे दिया है काफी देर तक शौचालय से श्रमिक के वापस नहीं लौटने पर मौके पर पहुंचे साथियो ने श्रमिक को फांसी पर लटकता हुआ देखकर रेलवे पुलिस को सूचना देते हुए परिजनों को इसकी सूचना दिया मौके पर पहुंचे रेलवे पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है घटना की सूचना मिलने पर परिजनों ने घटना की सूचना ग्राम प्रधान शिवबाबू सेठ को दिया जिस पर ग्राम प्रधान ने शव को घर लाने के लिए श्रमिक के परिजनों को वाहन मुहैया कराया है जिससे शव को घर लाया जा सके मृत श्रमिक को तीन पुत्र है पत्नी शिला का रो रोकर बुरा हाल है श्रमिक तीन भाइयो में बड़ा था

# असंतुलित बाइक सवार पेड से टकरा कर हुआ घायल।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा उपचार।

**दैनिक समाज जागरण**

संवाददाता हलिया (मीरजापुर): स्थानीय थाना क्षेत्र के हलिया पिपरा रोड पर मुडपेली गाँव में मंगलवार को दो बजे दिन घर से बाजार जा रहा था कि बाइक से असंतुलित हो कर सडक किनारे पेड से टकरा गिरने से घायल हो गया ग्रामीणों की मदद से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहाँ उपचार चल रहा है। थाना क्षेत्र के मुडपेली गाँव के सुकतरवा मजरा निवासी कमलाशंकर का 22 वर्षीय पुत्र किसन लाल किसी कार्य से हलिया बाजार जा रहा था कि जैसे ही मुडपेली गाँव स्थित पंडित राजनारायण इंटर कालेज के पास पहुचा कि बाइक से असंतुलित हो कर सडक किनारे लगे पेड मे टकरा गया जिससे उसके सर व पैर में चोटें आई व बाइक भी छतिग्रस्त हो गई। ग्रामीणों ने घायल को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहाँ उपचार चल रहा है। इस संबंध में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी अवधेश कुमार ने बताया कि बाइक से गिरने से घायल का उपचार किया जा रहा है।

# पुरानी रंजिश को लेकर हुई मारपीट में एक घायल तीन पर मुकदमा दर्ज।

**दैनिक समाज जागरण**

संवाददाता हलिया (मीरजापुर): स्थानीय थाना क्षेत्र के हलिया के महादेव मजरा निवासी एक व्यक्ति को सोमवार देर शाम लाठी डंडे से मारपीट दिया। पीड़ित ने तीन लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है।थाना क्षेत्र के हलिया गाँव के महादेव मजरा निवासी रामविलास मौर्य ने मंगलवार को थाने में दी गयी तहरीर में कहा है कि सब्जी बेच कर वापस आ रहा था कि गाँव निवासी दीनानाथ ने पुरानी रंजिश को लेकर सोमवार शाम नौ बजे के करीब घर से डेढ़ सौ मीटर पहले दो अज्ञात साथियों के साथ आ कर गाली गलौज देते हुए मारपीट कर घायल कर दिया शोरगुल पर लोगों के जुटते ही मौके से भाग निकले। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने एक नाम जद तथा दो अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल में जुट गयी है। इस संबंध में थानाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह ने बताया कि मारपीट करने वाले एक नाम जद सहित दो अज्ञात के विरुद्ध पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# बाइक सवार युवक ने युवक को मारा धक्का दोनों रेफर

**दैनिक समाज जागरण**

संवाददाता हलिया (मीरजापुर):स्थानीय थाना क्षेत्र के भटवारी चौराहा पर मंगलवार की शाम बाइक सवार युवक ने अज्ञात युवक को धक्का मार दिया जिससे बाइक सवार युवक व अधेड़ गंभीर रूप से घायल हो गये दोनों घायलों को ग्रामीणों ने उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये जंहा पर प्राथमिक उपचार के बाद दोनों की हालत गंभीर देखकर मण्डलीय चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया है !हलिया थाना क्षेत्र के रामपुर नौडिहवा गांव निवासी 20 वर्षीय सदानंद पाल बाइक से हलिया बाजार से चुरा कुटाने के बाद वापस घर लौट रहा था की जैसे ही भटवारी चौराहा पर पहुंचा की अचानक बाइक के सामने एक अज्ञात युवक आ गया जिससे बाइक सवार के धक्के से अधेड़ व बाइक सवार युवक गिरकर घायल हो गये मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने घायलों को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये जंहा पर प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को मण्डलीय चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया है इस संबंध में प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार ने बताया की बाइक की टक्कर से अधेड़ व बाइक सवार घायल होकर उपचार के लिए आये थे प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को मण्डलीय चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया गया है

# बाइक सवार महिला की गिरकर हुई मौत

**दैनिक समाज जागरण**

संवाददाता हलिया (मीरजापुर):ड्रमण्डगंज थाना क्षेत्र के रतेह चौराहा पर मंगलवार की शाम बाइक सवार महिला बाइक से नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई सूचना पर मौके पर पहुंची एम्बुलेंस सेवा वाहन 108 के कर्मियों ने महिला को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये जंहा पर चिकित्सक ने महिला को मृत घोषित कर दिया है मौके पर पहुंचे परिजनों में कोहराम मच गया है परिजनो ने पुलिस को बिना सूचना दिए शव को घर लेकर चले गये है !ड्रमण्डगंज थाना क्षेत्र के बंजारी कला गांव निवासी क्लक्टर पाल की 28 वर्षीय पत्नी सुशीला पाल अपने देवर पंचू के साथ बाइक से अपनी भांजी व दो पुत्रियों के साथ अपने मायके लालगंज थाना क्षेत्र के चरकी दुबार गांव जा रही थी की जैसे ही रतेह चौराहा पर पहुंची की अचनाक बाइक के सामने बकरी आ जाने के कारण बाइक अनियंत्रित हो गई जिससे बाइक सवार महिला बाइक से नीचे गिर पड़ी और महिला के सिर में गंभीर रूप से चोट लगने से महिला गंभीर रूप से घायल हो गई मौके पर पहुँचे ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस सेवा वाहन 108 के कर्मियों ने गंभीर रूप से घायल महिला को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आयी जंहा पर प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार ने महिला को मृत घोषित कर दिया सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे महिला के परिजनो में कोहराम मच गया है परिजनों ने पुलिस को बिना सूचना दिए शव को घर लेकर चले गये मृत महिला को दो अबोध पुत्रिया है इस संबंध में प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार ने बताया है की बाइक सवार महिला बाइक से गिरकर मृत अवस्था में एम्बुलेंस सेवा वाहन 108 से उपचार के लिए आयी थी मृत घोषित कर दिया गया परिजन पोस्टमार्टम नहीं कराना चाहते थे शव को घर लेकर चले गए है

# प्रतियोगी परीक्षाओं में भाग लेने से प्रतिभा में निखार आता है-विधायक रिंकी पटेल

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो मीरजापुरः**

पुरस्कारों की बरसात के बीच वेक्सला इण्डिया ग्रुप द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में छानबे की विधायक रिंकी कोल ने कहा छात्र-छात्राओं को लगन के साथ अध्ययन करना चाहिए, इससे उनका भविष्य उज्ज्वल होगा। कोल ने सामान्य ज्ञान में भाग लेने वाले प्रतिभागियों से कहा कि कि उनका ज्ञान-रथ का अश्व (घोड़ा) निरंतर दौड़ते रहना चाहिए।कार्यक्रम का आयोजन लालगंज के सावित्री बाई फूले इंटर कालेज में किया गया था। 'प्रतिभा खोज परीक्षा' में सफल हुए छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत एवं सम्मानित करने के लिए 29 दिसंबर, रविवार को यह कार्यक्रम किया गया था। कार्यक्रम में उत्साह की आंधी चल रही थी। क्षेत्र के ढेरों मानिंद लोगों के अलावा जनप्रतिनिधिगण, डॉक्टर, अभिभावक तथा खबरनवीस भारी संख्या में मौजूद थे। कार्यकम का संचालन अंकित दुबे एवं वैष्णवी सिंह नेबइतने सधे और आकर्षक ढंग से किया कि मंच पर आते वक्ताओं में जोश-खरोश उत्पन्न हो जा रहा था। जब पुरस्कारों की बारी आई और 'प्रतिभा खोज प्रतियोगिता' में सफल रहे प्रथम प्रतियोगी को लैपटॉप, द्वितीय को टैबलेट, इसी तरह आधे कलाई घड़ी, दर्जन भर प्रतियोगियों को स्मार्ट फोन, उसके बाद अति आधुनिक किस्म की साईकिल के साथ लगभग डेढ़ सौ प्रतिभागियों को उन्नत किस्म का स्कूल बैग दिया जा रहा था तब वहां उपस्थित लोगों की प्रतिक्रिया सुनने को मिली कि पिछले पचास सालों में इस स्तर का पुरस्कार किसी स्वयंसेवी संस्था ने नहीं दिया है। बहुत अधिक यदि दिया तो शील्ड, कप या प्लास्टिक आदि के डिब्बे ही दिए गए होंगे। जबकि यहां सभी पुरस्कार प्रतिभागियों के लिए उपयोगी थे। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य विष्णु सिंह , डा. महानारायण भारती , डा. एस . के. द्विवेदी, (इंद्रावती हास्पिटल), कैंसर सर्जन डॉ आशिष पाण्डेय, निर्मला राय, संजय मौर्या ,सेराज, सभी ने सैकड़ों छात्रों को सर्टिफिकेट और पुरस्कार वितरण कर प्रोत्साहित किया। वरिष्ठ पत्रकार श्री सलिल पाण्डेय, रामलाल साहनी, अजय मिश्रा, रोहित त्रिपाठी, श्याम मोहन उपाध्याय, राकेश त्रिपाठी, विश्वजीत दूबे ,भूपनारायन मौर्या, चक्रम और सभी पत्रकारों ने वेक्सला इण्डिया ट्रस्ट के कार्यों को सराहा ।विद्यालयो के प्राधानाचार्य एववशिक्षक गणो ने ट्रस्ट के संस्थापक /ट्रस्टी सत्यकाम दूबे( अंकित) राष्ट्रीय अध्यक्ष सूरज दुबे, राष्ट्रीय सचीव तरूण गुप्ता , ट्रस्ट के सदस्य रोशनी त्रिपाठी, वैष्णवी सिंह, रिचा दुबे, आलोक गुप्ता, महेश सिंह , आर.बी. सिंह, संजय मिश्रा,सौरभ पाण्डेय, सभी का ऐसे महान कार्य के लिए अभिवादन किया। कार्यक्रम में विशेष सहयोगी रहे मां साबित्री बाई फूले आदर्श इंटर कालेज के प्राधानाचार्या श्री सुरेन्द्र सिंह पटेल,रमेश अग्रहरी सभी ने सहयोग कर कार्यक्रम को सफल बनाया

# जिलाधिकारी ने संकट मोचन पहुंचकर जरूरतमंद और गरीबों व्यक्तियों को किया कंबल का वितरण

## नगर में जलाएं गये अलाव का भी निरीक्षण कर सम्बंधित अधिकारियों को दिया आवश्यक दिशा-निर्देश

**दैनिक समाज जागरण**
**ब्यूरो रणविजय सिंह मीरजापुरः**



जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने नगरपालिका क्षेत्रांतर्गत संकट मोचन मंदिर के पास पहुंच कर जरूरतमंद व गरीब व्यक्तियों को कड़ाके की ठंड व शीतलहर से बचाव के दृष्टिगत कम्बल वितरण किया। उन्होंने ने बताया कि शासन के निर्देश के क्रम में निर्धारित रूपरेखा के तहत जरूरत मद व गरीब लोगों को कम्बल प्रदान किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद के सभी तहसीलों में उपजिलाधिकारी व राजस्व अधिकारीयों के द्वारा जरुरत मद लोगों को कम्बल वितरण किया जा रहा है। जिलाधिकारी द्वारा संकटमोचन, कचहरी पेट्रोल पम्प तिराहा पर अलाव का भी निरीक्षण किया, मौके पर उपस्थित अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को निर्देशित किया कि अलाव के लिए भीड़ वाले प्रत्येक चौराहों, रोडवेज, रेलवे आदि स्थानों पर पर्याप्त लकड़ी उपलब्ध कराई जाए ताकि लोग ठंड से बचाव कर सकें। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी सदर गुलाब चंद्र, जिला सूचना अधिकारी ओम प्रकाश उपाध्याय, तहसीलदार सदर हेमंत कुमार सिंह,अधिशासी अधिकारी नगर पालिका जी लाल के अलावा अन्य राजस्व कर्मी उपस्थित रहे।

# हृदय गति रुकने से वाचमैन की ड्यूटी के दौरान हुई मौत।

## मंगवाकर को शव घर पंहुचते ही परिजनों में मचा कोहराम।

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता हलिया (मीरजापुर):**

स्थानीय थाना क्षेत्र के महुगढ़ गांव निवासी 42 वर्षीय अकरम अली की मुंबई के गोरे गांव में मोबी स्टार में वाचमैनी करते समय ड्यूटी के दौरान बीते शनिवार को हृदय गति रुकने से वाचमैन की मौत हो गई पुलिस ने वाचमैन के शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद शव को घर भेजवा दिया वाचमैन का शव मंगलवार की सुबह उसके घर पंहुचते ही वाचमैन के परिजनों में कोहराम मच गया । वाचमैन मुम्बई में वाचमैनी कर परिवार का जीविकोपार्जन करता था वाचनमैन को दो पुत्र व दो पुत्री है पत्नी हफीजु निशा का रोरोकर बुरा हाल है। मृत वाचमैन चार भाईयों में छोटा था। अचानक कमाने वाले की मौत से परिजन हतप्रभ है मौके पर पहुचे ग्राम प्रधान पति विजेंद्र पांडे ने परिजनों ढाढस बधाते हुए आर्थिक मदद दिलाने का आश्वासन दिया है।

# नाले की तरफ शौच करने के लिए गये दिव्यांग युवक को मिर्गी आने से युवक नाले में गिरकर हुई मौत

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता हलिया (मीरजापुर):**

स्थानीय थाना क्षेत्र के बसकुड़िया गांव स्थित नाले के पास मंगलवार की सुबह शौच के लिए गये दिव्यांग युवक को मिर्गी का दौरा आने से युवक नाले में गिर पड़ा रहा उधर से गुजर रहे स्कूली बच्चों ने दिब्यांग को नाला में गिरा देखकर परिजनों को सूचना दिया मौके पर पहुंचे परिजनों ने इसकी सूचना एम्बुलेंस सेवा वाहन 108 पर दिया मौके पर पहुंचे एम्बुलेंस सेवा वाहन के ईएमटी संतोष भारतीय व पाललट ने घायल दिव्यांग युवक को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये जहा पर दिव्यांग युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई दिव्यांग युवक की मौत की सूचना मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया है !हलिया थाना क्षेत्र के बसकुड़िया गांव निवासी 27 वर्षीय दिनेश कुमार हाँथ व पैर से दिब्यांग है घर से मंगलवार की सुबह शौच के लिए नाले की तरफ गया था की अचानक मिर्गी का दौरा आने से दिब्यांग नाले में गिर पड़ा और गंभीर रूप से घायल हो गया और काफी देर तक नाले में पड़ा रहा उधर से गुजर रहे स्कूली बच्चो ने दिब्यांग को नाला में गिरा हुआ देखकर उसके परिजनों को सूचना दिया मौके पर पहुंचे दिब्यांग के परिजनों ने दिब्यांग को नाला से बाहर निकालकर उसके परिजनों एम्बुलेंस सेवा वाहन 108 पर सूचना दिया मौके पर पहुँचे एम्बुलेंस सेवा वाहन के ईएमटी संतोष भारतीय ने दिब्यांग को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये जंहा पर उपचार के दौरान दिब्यांग युवक की मौत हो गई दिब्यांग युवक की मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया है और उसके परिजन रोने बिलखने लगे

# असंतुलित बाइक सवार पेड़ से टकराया हुई मौत

**दैनिक समाज जागरण**

संवाददाता हलिया (मीरजापुर):स्थानीय थाना क्षेत्र के हलिया पिपरा मार्ग के मुडपेली गाँव के पास मंगलवार को दोपहर घर से हलिया बाजार जा रहा युवक असंतुलित हो कर सड़क किनारे पेड से टकरा कर गिरने से ग्रामीणों की मदद से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहाँ चिकित्सक ने मौत घोषित कर दिया। थाना क्षेत्र के मुड़पेली गाँव के सुकतरवा मजरा निवासी 22 वर्षीय किसन लाल किसी कार्य से हलिया बाजार जा रहा था कि जैसे ही मुड़पेली गाँव स्थित पंडित राजनारायण इंटर कालेज के पास पहुचा कि बाइक से असंतुलित हो कर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गया जिससे उसके सिर व पैर में चोटें आई थीं परिजनों ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां चिकित्सक ने देखते ही मौत घोषित कर दिया। मौत की जानकारी पर मृतक के पिता कमल शंकर का रो-रो कर बुरा हाल हो रहा है। इस संबंध में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी अवधेश कुमार ने बताया कि परिजन मृत अवस्था में लाए थे बिना पुलिस को सूचना दिए घर लेकर चले गए।

# बाइक सवार महिला की गिरकर हुई मौत

**दैनिक समाज जागरण**

संवाददाता हलिया (मीरजापुर):हलिया थाना क्षेत्र के महुगढ़ गांव में मंगलवार की शाम बाइक सवार महिला बाइक से नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई सूचना पर मौके पर पहुंची एम्बुलेंस सेवा वाहन 108 के कर्मियों ने महिला को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये जंहा पर चिकित्सक ने महिला को मृत घोषित कर दिया है मौके पर पहुंचे परिजनों में कोहराम मच गया है परिजनो ने पुलिस को बिना सूचना दिए शव को घर लेकर चले गये है !ड्रमण्डगंज थाना क्षेत्र के बंजारी कला गांव निवासी क्लक्टर पाल की 28 वर्षीय पत्नी सुशीला पाल अपने देवर पंचू के साथ बाइक से अपनी भांजी व दो पुत्रियों के साथ अपने मायके लालगंज थाना क्षेत्र के चरकी दुबार गांव जा रही थी की जैसे ही हलिया थाना क्षेत्र के महुगढ़ में पहुंची की अचनाक बाइक के सामने बकरी आ जाने के कारण बाइक अनियंत्रित हो गई जिससे बाइक सवार महिला बाइक से नीचे गिर पड़ी और महिला के सिर में गंभीर रूप से चोट लगने से महिला गंभीर रूप से घायल हो गई मौके पर पहुँचे ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस सेवा वाहन 108 के कर्मियों ने गंभीर रूप से घायल महिला को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आयी जंहा पर प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार ने महिला को मृत घोषित कर दिया सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे महिला के परिजनो में कोहराम मच गया है परिजनों ने पुलिस को बिना सूचना दिए शव को घर लेकर चले गये मृत महिला को दो अबोध पुत्रिया है इस संबंध में प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार ने बताया है की बाइक सवार महिला बाइक से गिरकर मृत अवस्था में एम्बुलेंस सेवा वाहन 108 से उपचार के लिए आयी थी मृत घोषित कर दिया गया परिजन पोस्टमार्टम नहीं कराना चाहते थे शव को घर लेकर चले गए है

# एनसीसी गणतंत्र दिवस कैंप-2025 में 917 बालिकाओं सहित 2,361 कैडेट भाग लेंगे

एनसीसी गणतंत्र दिवस कैंप-2025 आज 30 दिसंबर 2024 को सर्व धर्म पूजा के साथ दिल्ली कैंट के करिअप्पा परेड ग्राउंड में शुरू हुआ। इस वर्ष कैंप में 917 बालिका कैडेट भाग ले रही हैं जो सर्वाधिक है।देश के सभी 28 राज्यों और 08 केंद्र शासित प्रदेशों से कुल 2,361 कैडेट एक महीने चलने वाले एनसीसी कैंप में हिस्सा ले रहे हैं। इनमें जम्मू-कश्मीर और लद्दाख से 114 और पूर्वोत्तर क्षेत्र से 178 कैडेट शामिल हैं जो लघु भारत की झलक पेश कर रहे हैं। इसके अलावा 14 मित्र देशों के कैडेट और अधिकारी भी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के तहत शिविर में भाग लेंगे। इस अवसर पर एनसीसी महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल गुरबीरपाल सिंह ने कैडेटों का स्वागत किया और उन्हें इस सबसे प्रतिष्ठित एनसीसी शिविर के चयन के लिए बधाई दी। उन्होंने कैडेटों को राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ धर्म, भाषा, जाति से ऊपर उठकर सचरित्रता, ईमानदारी, निस्वार्थ सेवा, भाईचारे और समूह कार्य के सर्वोच्च गुण प्रदर्शित करने की सलाह दी। गणतंत्र दिवस कैंप का मूल उद्देश्य भाग लेने वाले राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) कैडेटों में गहरी देशभक्ति, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता उत्पन्न करना है।

# डॉ. जितेन्द्र सिंह ने रविवार को रामबन में दिशा बैठक की अध्यक्षता की

केन्द्रीय मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह ने आज यहां उपायुक्त कार्यालय में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें वर्तमान में चल रही परियोजनाओं एवं जन कल्याणकारी योजनाओं की स्थिति की समीक्षा की गई। इस अवसर पर डॉ. जितेन्द्र सिंह ने स्थानीय स्तर पर योजनाओं की मुख्य विशेषताओं के बारे में जागरूकता बढ़ाने का आह्वान किया, जैसे प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना,

# 15 जनवरी तक फार्मर रजिस्ट्री न कराने पर सरकार द्वारा दी जा रही सुविधाओं से वंचित होंगे किसान

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

राजगढ़ (मीरजापुर ):विकासखंड राजगढ़ क्षेत्र के ब्लॉक मुख्यालय परिसर में आज किसान सम्मन निधि के अंतर्गत किसान फार्मर रजिस्ट्री कराना अनिवार्य कर दिया गया है इसके उपलक्ष्य में यह योजना 15 जनवरी तक है जिसमें किसान अधिक से अधिक किसान सम्मन निधि का लाभ पाने के लिए किसान सहज जन सेवा केंद्र में जाकर अपनी फार्मर रजिस्ट्री जरूर कराए।

**15 जनवरी तक यादि**

किसानों ने अपना फार्मर रजिस्ट्री नहीं कराया तो सरकार द्वारा दी जा रही सुविधाओं से किसान वंचित होंगे। मंगलवार को राजगढ़ ब्लाक में कोटेदारों एवं खंड विकास अधिकारी एवं कृषि विभाग के अधिकारियों के बीच में हुई बैठक में यह बात कोटेदारों ने तय किया।
बैठक को संबोधित करते हुए खंड विकास अधिकारी राजगढ़ वीरेंद्र प्रताप वर्मा ने कहा कि आप लोग गांव की एक जिम्मेदार कड़ी है आप लोग गांव के किसानों को जागरूक करें कि सभी लोग जल्द से जल्द अपना फार्मर रजिस्ट्री करा ले जिससे उनको किसान सम्मन निधि एवं सरकार द्वारा किसानों को दी जा रही कृषि पर छूट का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि इस रजिस्ट्री को न कराने से किसान कई योजनाओं से वंचित हो सकते हैं साथ ही उन्हें खाद बीज खरीदने एवं अपने उत्पाद को बेचने में भी परेशानी आ सकती है। खंड विकास अधिकारी ने आगे बताया कि आप लोग घर-घर जाकर अधिक से अधिक किसानों को इस संबंध में जागरूक करें और उनका रजिस्ट्री कराए। जिस पर कोटेदारों ने अपनी व्यथा व्यक्त करते हुए कहा कि हम लोग तो कहते हैं सबसे लेकिन हम लोगों की बात सभी लोग नहीं मानते जिस पर यह कोटेदारों ने तय किया कि जो लोग 15 तारीख तक फार्मर रजिस्ट्री नहीं करेंगे उनको सरकार द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं को रोक दिया जाए जिससे सभी लोग तुरंत जो है रजिस्ट्री करा ले।

**इस मौके पर रे एडियो ए**

जी संतोष कुशवाहा बी ओ पीआरडी अभय कुमार सिंह कोटेदार संघ के अध्यक्ष राधेश्याम सिंह जितेंद्र कुमार सिंह उपेंद्र सिंह महेश विष्णु शंकर मौर्य अखिलेश रामसागर सिंह आज कोटेदार उपस्थित रहे

# महिला ने मारपीट का दर्ज कराया मुकदमा दर्ज।

**दैनिक समाज जागरण**

संवाददाता हलिया (मीरजापुर):स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने गांव के ही एक व्यक्ति के विरुद्ध मारपीट का आरोप लगाते हुए मंगलवार को मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मारपीट करने वाले युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल में जुटी गयी है। थाना क्षेत्र के सोनगढा गांव निवासी महिला पुन्नवासी देवी ने दी गयी तहरीर में बताया है कि बीते रविवार को घर के पास अमरुद तोड़ रही थी कि गांव निवास हृदय पाल गाली गलौज देने लगा मना करने पर मारपीट कर चोटिल कर दिया। जिससे बाएं कान व दाहिने हाथ में चोटें आई हैं।पुलिस तहरीर के अनुसार महिला को उपचार के लिये प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भेज कर मुकदमा दर्ज कर लिया इस संबन्ध में थानाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह ने बताया कि महिला के साथ मारपीट करने वाले के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

# धारा 163 के अन्तर्गत निहित निषेधाज्ञा की अवधि दिनांक 31 दिसम्बर से बढ़ाकर दिनांक 28 फरवरी तक के लिए रहेगी प्रभावी

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो मीरजापुरः**

अपर जिला मजिस्ट्रेट शिव प्रताप शुक्ल ने जारी अपने एक आदेश के तहत जनपद मीरजापुर में धरना/प्रदर्शन/सभा, महाकुम्भ मेला-2025, मकर संक्रान्ति, मौनी अमावस्या, बसंत पंचमी, माघी पूर्णिमा, महाशिवरात्रि, कंतित शरीफ उर्स, मो0 हजरत अली का जन्म दिवस, गणतंत्र दिवस, वी0वी0आई0पी0 भ्रमण, बोर्ड परीक्षा एवं विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं आदि अवसरों पर जनपद में सुरक्षा, शान्ति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के दृष्ठिगत जनपद मीरजापुर के सम्पूर्ण क्षेत्र में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 की धारा 163 दिनांक 31 दिसम्बर 2024 से दिनांक 28 फरवरी 2025 तक प्रभावी रहेगा। इस आदेश अथवा आदेश के किसी अंश का उल्लंघन भारतीय न्याय संहिता-2023 की धारा-223 के अन्तर्गत दण्डनीय अपराध होगा। अतः आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए।

# सेवा निवृत्त बाबू की ब्लॉक सभागार में की गयी विदाई।

**दैनिक समाज जागरण**




हलिया (मीरजापुर):स्थानीय ब्लॉक सभागार में मंगलवार को 3 बजे दोपहर में एकाउंटेंट सुरेश कुमार पांडेय के सेवानिवृत होने पर ब्लॉक कर्मचारियों ने सम्मान समारोह व विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें सेवानिवृत अकॉउंटेंट को ब्लाक कर्मियों ने गीता, छाता , अंगवस्त्र आदि उपहार के रूप में भेट कर सम्मानित किया गया।इस दौरान खंड विकास अधिकारी डॉ राजीव कुमार शर्मा ने अकाउंटेंट को अटैची, गीता ,छाता, अंग वस्त्र देकर सम्मान देकर विदाई किया। इस मौके पर उपस्थित एडीओ पंचायत रूपेश श्रीवास्तव, जेई सुनील खरवार, एडीओ संजय,नरेंद्र कानापुरिया, प्रधान संघ अध्यक्ष शिव बाबू सेठ, काशी मिश्रा, अरूण मिश्रा, पवन तिवारी, विजेंद्र पाण्डेय, राजेश मौर्य,सचिव कौशलेन्द्र राय, चंद्र प्रकाश श्रीवास्तव, राजेंद्र प्रसाद, शैलेन्द्र कुमार, विजय कुमार आदि उपस्थित रहे।,

# पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद के समस्त उच्चाधिकारीगण सहित विभिन्न स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल की ड्यूटी लगाकर नव वर्ष 2025 को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो रणविजय सिंह मीरजापुरः**



नव वर्ष की पूर्व संध्या पर पुलिस अधीक्षक अभिनन्दन के निर्देशन में नव वर्ष 2025 को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत अपर पुलिस अधीक्षक नगर, अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन, समस्त क्षेत्राधिकारी, समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षगण व 03 कम्पनी पीएसी सहित भारी संख्या में पुलिस बल की विभिन्न स्थानों पर ड्यूटी लगायी गयी है । जनपद के मुख्य मार्गों/चौराहों पर बैरियर लगाकर पर्याप्त पुलिस बल के साथ सघन चेकिंग चलायी जा रही है तथा शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों तथा ओवर स्पीडिंग करने वालों के विरूद्ध ब्रेथ एनालाइजर से जांच कर उनके विरूद्ध नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की जा रही है । इसी क्रम में शराब के दुकानों के आसपास गस्त/भ्रमण कर यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि कोई व्यक्ति बाहर खुले में शराब का सेवन न करे, अगर इस प्रकार से कोई खुले में शराब का सेवन करते पाया जाता है तो उनके विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही की जा रही है । मां विन्ध्यवासिनी मंदिर, अष्टभुजा व काली खोह मंदिर पर दर्शन पूजन करने आने वाले श्रद्धालुओं/दर्शनार्थियो को सुगम एवं सुरक्षित ढ़ंग से दर्शन-पूजन कराना सुनिश्चित करेंगें तथा गर्भ गृह में प्रवेश पूर्णतया प्रतिबंधित रहेगा, श्रद्धालुओं/दर्शनार्थियों से विनम्रता पूर्ण व्यवहार करते हुए अपने कर्तव्यों एवं दायित्वों का पूर्ण मनोयोग एवं निष्ठा के साथ निर्वहन करेंगें । बालिकाओं/महिलाओं की सुरक्षा पर विशेष ध्यान देते हुए महिला पुलिस अधिकारी/ कर्मचारीगण व एन्टीरोमियो टीम की ड्यूटियां लगायी गयी हैं । इसी क्रम में जनपद में स्थिति विभिन्न पर्यटक स्थलों, वाटर पार्क, झरनां आदि स्थानों पर भी पर्याप्त पुलिस बल की ड्यूटी लगाकर सुरक्षा व्यवस्था का बन्दोबस्त किया गया है । जनपद के बार्डरों पर पर्याप्त बैरियर लगाकर विशेष निगरानी रखी जा रही है तथा होटल, ढाबा व अन्य संवेदनशील स्थानों पर भी चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है ।

# ग्राम सभा पडेरी मे अंडरहैंड क्रिकेट प्रतियोगिता मे करसड़ा टीम की बड़ी जीत

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता -संतोष कुमार उर्फ गुड्डू सिंह**




मझवा /कछवा (मीरजापुर ): क्षेत्र पंचायत मझवा के ग्राम सभा मे आयोजित हैंड्रम क्रिकेट प्रतियोगिता हुई ! जिसका फाइनल मैच तिवारीपुर करसड़ा के बीच खेला गया ! और मुकाबला दोनों टीमों रोमांचक था ! जिसमे करसड़ा की टीम ने ताबतोड़ बल्लेबाजी की और सामने वाली टीम को चारो खाने चित कर ग्राम करसड़ा बड़ी जीत हासिल किया ! जिसमे ग्राम प्रधान डा नीरज कुमार सरोज के द्वारा ताबतोड़ बल्लेबाजी के दम पर 52 रन की नाबाद पारी और 4 विकेट लेने बाद करसड़ा की टीम को जीत दिलाई जिसमे मनोज कुमार गौड (कप्तान) सुनील सरोज (उपकप्तान ) मोहित अविनाश सूरज अभिषेक पासी प्रियांशु अमित नीरज कुमार मनोज कुमार राहुल सरोज प्रमोद सरोज विक्की सरोज रोहित धीरज आदि मौजूद थे !

## रात्रि भ्रमण/चेकिंग के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश

**ब्यूरो चीफ/ विजय कुमार अग्रहरी। दैनिक समाज जागरण**

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र श्री अशोक कुमार मीणा द्वारा रात्रि भ्रमण/चेकिंग के दौरान पिकेट, पीआरवी एवं बैरियर आदि स्थानों पर तैनात पुलिसकर्मियों को पूर्ण सतर्कता पूर्वक दायित्वों का निर्वहन करने हेतु निर्देशित



किया गया तथा हिदायत दी गयी कि यदि किसी के भी द्वारा किसी प्रकार के अनैतिक कार्यों में संलिप्तता पाई गई तो उसके विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी। महोदय द्वारा पुलिसकर्मियों का हौसला अफजाई करते हुए उनकी समस्याओं के बारे में भी जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए गए। उक्त भ्रमण/चेकिंग के दौरान चौकी सुकृत एवं चौकी शाहगंज का औचक निरीक्षण किया गया, थानों से रात्रि गश्त पर निकली पुलिस टीमों के सम्बन्ध में जानकारी ली गयी, कार्यालय भी चेक किया गया तथा सम्बन्धित प्रभारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

## घोरावल क्षेत्र के शिवद्वार मण्डल भाजपा के अध्यक्ष बनाये गये विमलेश चौबे

**संवाददाता/ विनोद कुमार सिंह दैनिक समाज जागरण**

सोनभद्र। घोरावल क्षेत्र के शिवद्वार मंडल भाजपा का मंडल अध्यक्ष विमलेश चौबे बनाए गए। विमलेश घोरिया के मूल निवासी हैं जो एक साधारण परिवार किसान के घर से है। भाजपा शीर्ष नेतृत्व द्वारा किसान के लाल को शिवद्वार मंडल का मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया है। विमलेश चौबे इसके पहले मंडल



महामंत्री के दायित्व पर थे। विभिन्न दायित्व का निर्वहन करते हुए भाजपा का मंडल अध्यक्ष बनाया गया। विमलेश चौबे को मंडल अध्यक्ष बनने के खुशी में क्षेत्र के लोगों में हर्ष की खुशी है। बधाइयां देने वाले में जिला महामंत्री अमरनाथ पटेल, सिद्ध नाथ दुबे, राजकुमार चौबे, श्रवण सिंह, संजय पाठक, सुनील चौबे, दुर्गा पाल, विवेक गिरी, सुनील तिवारी, इंद्रेश मिश्रा, प्रवीण त्रिपाठी, श्रीपति त्रिपाठी, रामजी सिंह, समस्त क्षेत्रवासी गण ने बधाई दी। विमलेश चौबे ने सभी लोगों का आभार व्यक्त किया कि पार्टी ने मुझ जैसे साधारण कार्यकर्ता को यह मंडल अध्यक्ष का दायित्व दिया।

## वर्षांत समीक्षा 2024: राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी उद्यमिता एवं प्रबंधन संस्थान (निफ्टेम)-के की उपलब्धियां और पहलः खाद्य नवाचार और सहयोग के लिए एक उल्लेखनीय वर्ष

राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी उद्यमिता एवं प्रबंधन संस्थान (निफ्टेम-के) ने वर्ष 2024 में खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र को आगे बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति की है। तकनीकी नवाचारों से लेकर वैश्विक सहयोग को बढ़ावा देने तक यह वर्ष संस्थान के लिए यादगार रहा है।

**वर्ल्ड फूड इंडिया 2024 में तकनीकी नवाचारों का प्रदर्शन**

वर्ल्ड फूड इंडिया (डब्ल्यूएफआई) 2024 में निफ्टेम-के की भागीदारी वर्ष का मुख्य आकर्षण रही। खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय द्वारा समर्थित इस संस्थान ने अभूतपूर्व नवाचारों का प्रदर्शन किया जो इसकी तकनीकी क्षमता और टिकाऊ खाद्य प्रसंस्करण व्यवस्थाओं के प्रति प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हैं। प्रमुख नवाचारों में शामिल हैं: सारथी प्रौद्योगिकीः सेंसर के साथ उन्नत डिजिटल प्रौद्योगिकियों के एकीकरण का प्रदर्शन। हाइब्रिड ड्राइंग और बायोडिग्रेडेबल फिल्मः हाइब्रिड ड्राइंग के लिए एक अवधारणा और प्लास्टिसाइजर के बिना शत प्रतिशत बायोडिग्रेडेबल फिल्म का विकास। त्वरित जांच किटः नैनोसेंसर और एंजाइम अवरोधन सिद्धांतों का उपयोग करके चाय में कीटनाशकों और एक्रिलामाइड्स और एफ्लाटॉक्सिन जैसे हानिकारक यौगिकों का पता लगाने के लिए किट। वर्ल्ड फूड इंडिया (डब्ल्यूएफआई) 2024 में संस्थान का मंडप नवाचारों का खजाना था जिसमें रेडी-टू-कुक और बाजरा आधारित उत्पाद, विटामिन बी2 और बी12 फोर्टिफाइड दही, कार्यात्मक खाद्य पदार्थ, घी पाउडर, विटामिन डी से भरपूर स्नैक्स, मकई के दानों से बायोचार और बूंदी बनाने वाली मशीन और 3डी प्रिंटिंग मॉडल जैसे अत्याधुनिक उपकरण शामिल थे। इन नवाचारों ने खाद्य उद्योग के हितधारकों का ध्यान आकर्षित किया। इससे तकनीकी प्रगति को आगे बढ़ाने में निफ्टेम-के की भूमिका भी सामने आई। छात्रों का रिकॉर्ड तोड़ प्रवेशइस वर्ष संस्थान में 22 राज्यों से 184 बी.टेक. छात्रों का प्रवेश हुआ। 2024 में निफ्टेम-के के लिए यह एक और उपलब्धि रही। यह अभूतपूर्व उपलब्धि युवाओं और समाज के बीच खाद्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी की क्षमता की बढ़ती मान्यता को दशार्ती है। यह शैक्षणिक उत्कृष्टता और नवाचार केंद्र के रूप में संस्थान की प्रतिष्ठा को भी रेखांकित करता है। अकादमिक-स्टार्ट-अप संबंधों को मजबूत करना निफ्टेम-के का मुख्य उद्देश्य उद्यमिता और स्टार्ट-अप संस्कृति को बढ़ावा देना रहा है। महत्वाकांक्षी नेताओं और संरक्षकों के लिए स्टार्ट-अप फोरम सुफलम 24 कार्यक्रम ने शिक्षाविदों, स्टार्ट-अप और उद्योग जगत के नेताओं के बीच सहयोग के लिए एक परिवर्तनकारी मंच तैयार किया। इस वार्षिक कार्यक्रम ने खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के भविष्य को आकार देने के लिए विविध हितधारकों को एक मंच पर लाया। निफ्टेम-के ने एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ मिलकर एनएसआईपी 4 कार्यक्रम के अंतर्गत आठ स्टार्ट-अप को अनुदान प्रदान किया। इन स्टार्ट-अप को इनक्यूबेशन सहायता, पायलट प्लांट तक पहुंच, अत्याधुनिक प्रयोगशाला सुविधाएं और मेंटरशिप से लाभ होगा। संस्थान का लक्ष्य अगले पांच वर्षों में 300 से अधिक स्टार्ट-अप को सहायता प्रदान करना है जिससे खाद्य क्षेत्र में नवाचार-संचालित विकास को बढ़ावा मिलेगा। खाद्य तंत्र में स्थिरता को आगे बढ़ाना 2024 में निफ्टेम-के के लिए स्थिरता एक प्रमुख प्राथमिकता बनी रही। संस्थान ने संभव वेबिनार का आयोजन किया जिसमें भारत के खाद्य प्रसंस्करण दृष्टिकोण को आधुनिक बनाने के लिए सतत प्रगति पर ध्यान केंद्रित किया गया। इस कार्यक्रम ने शिक्षाविदों, उद्योग जगत और शोधकताओं के बीच चर्चा को सुविधाजनक बनाया जिसमें खाद्य क्षेत्र में सतत प्रगति को आगे बढ़ाने के लिए हस्तक्षेपों पर जोर दिया गया। डब्ल्यूएफआई-2024 में, निफ्टेम-के ने शत प्रतिशत बायोडिग्रेडेबल फिल्म पेश करके चक्रीय अर्थव्यवस्था सिद्धांतों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को उजागर किया। ये प्रयास 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में योगदान देते हैं जो सरकार के दीर्घकालिक दृष्टिकोण के अनुरूप है। वैश्विक सहयोग विस्तार वर्ष 2024 में निफ्टेम-के की वैश्विक गतिविधि में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। एक उल्लेखनीय उपलब्धि ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न विश्वविद्यालय के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करना था जिसे क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में 13वां स्थान हासिल है। यह सहयोग अनुसंधान कार्यक्रमों, छात्र विनिमय पहलों और संयुक्त डिग्री कार्यक्रमों को बढ़ाएगा।

## सपा जिला कार्यालय पर लोक बंधु राज नारायण की मनाई गई पुण्यतिथि

**ब्यूरो चीफ/ विजय कुमार अग्रहरी। दैनिक समाज जागरण**

सोनभद्र। आज दिनांक 31 दिसंबर 2024 को समाजवादी पार्टी जिलाध्यक्ष राम निहोर यादव ने बताया कि भारतीय राजनीति के कबीर स्व0 लोक बंधु राज नारायण की पुण्यतिथि जिला पार्टी कार्यालय सोनभद्र पर मनाते हुए उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए शत-शत नमन किया गया। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी जिलाध्यक्ष राम निहोर यादव ने कहा कि भारतीय राजनीति के कबीर स्व0 लोक बंधु राज नारायण जी एक ऐसे राजनीतिज्ञ थे उन्होंने अपने जीवन




काल में सत्ता के लिए कभी राजनीति नहीं किया राजनारायण एक नाम नहीं इतिहास है। उदार समाजवादी नेता थे। राज नारायण जी हमेशा आम आदमी का हित चाहते थे । जनता के हित के लिए उन्होंने आजीवन संघर्ष किया ।स्वार्थी तथा सत्ता उन्मुखी सियासी धारा को जिस तरह से उन्होंने परोपकारी राजनीतिक दरिया के रूप मे परिणत करने की भगीरथ कोशिश की उसी के बल पर जम्हूरि इतिहास में उन्होंने अपना नाम स्वर्णक्षरों में अंकित कर लिया । संगोष्ठी में मुख्य रूप से अशोक पटेल अनिल प्रधान संतोष यादव विष्णु कुशवाहा शौर्य त्रिपाठी मनोज यादव के साथ दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## थाना करमा पुलिस को मिली बड़ी सफलता, चोरी की घटना का किया सफल अनावरण, 03 नफर शातिर चोर को किया गिरफ्तार

**शिव प्रताप सिंह/ दैनिक समाज जागरण।**

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र के निर्देशन में जनपद सोनभद्र में चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने व चोरी की घटनाओं का शीघ्र अनावरण व उसमें संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) सोनभद्र व क्षेत्राधिकारी घोरावल सोनभद्र के निर्देशन में आज दिनांक-31.12.2024 को थाना करमा पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर शाहगंज मेर रोड पर रानीतारा तिराहा ग्राम झकाही चेकिंग के दौरान एक



अदद पल्सर मोटरसाइकिल संख्या UP 63 Z 3499 पर सवार 03 नफर शातिर चोरों को पकड़ लिया गया। पकड़े गये अभियुक्तों के कब्जे से चोरी की पीले धातु की एक अदद थाली व एक अदद लोटा, सफेद धातु 02 अदद थाली, 04 अदद प्लेट, 04 अदद कटोरी, 04 अदद गिलास, 05 अदद सिंदुरदानी, 13 अदद पायल का घुघंरु लाक, 15 अदद 220 टफ्स लाक पिन, 15 अदद पान का पत्ता, 15 अदद कसैली, 01 अदद डीवीआर, घटना में प्रयुक्त पल्सर मोटरसाइकिल, 10 हजार रुपये व चोरी करने वाले लोहे के उपकरण बरामद किया गया।

## विधानसभा मतदाता सूची के संक्षिप्त नामावालियों का विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र। दैनिक समाज जागरण**

सोनभद्र। रोल आब्जर्वर/आयुक्त विंध्याचल मण्डल मीरजापुर डॉ मुथुकुमार स्वामी बी ने आज सर्किट हाउस सोनभद्र में विधानसभा मतदाता सूची के संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान में तृतीय भ्रमण के दौरान अर्हता तिथि 01 जनवरी,2025 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावालियों का विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत चेकलिस्ट के अनुसार निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी व सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के साथ समीक्षा बैठक किये। इस दौरान रोल आब्जर्वर ने पूर्व के बैठक/भ्रमण के मौके पर बूथों पर मतदाताओं के नाम जोड़ने, नाम घटाने व नाम में संशोधन करने के निर्देश दिए गए थे, के सम्बन्ध में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी व सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा किए गए कार्यों की गुणवत्ता व पारदर्शिता की बारी बारी से समीक्षा किये। बैठक में रोल आब्जर्वर/आयुक्त विंध्याचल मण्डल मीरजापुर ने विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के संक्षिप्त पुनरीक्षण-2025 में विधानसभा वार प्राप्त दावें और आपत्तियों, विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2024 के दौरान आलेख्य प्रकाशन और अंतिम प्रकाशन में



मतदाताओं, विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2024 के दौरान मतदाता, जेण्डर रेशियों, एवं 18-19 आयुवर्ग के मतदाताओं, विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2024 के दौरान दिव्यांग मतदाताओं एवं अति अति विशिष्ट महत्पवूर्ण व्यक्तियों (वी0आई0पी0) मतदाताओं, विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2025 के दौरान प्राप्त शिकायतों एवं उनके निस्तारण, फार्मेट 1-8 तथा मतदाता फोटो पहचान पत्र आदि बिन्दुओं पर बारी-बारी से समीक्षा किये। उन्होंने निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी व सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा बूथों पर स्थलीय निरीक्षण में प्राप्त फार्म 6, 7 व 8 पर किये गए जाँच/निरीक्षण के गुणवत्ता की जॉच किये। उन्होंने सम्बन्धितों को निर्देशित करते हुए कहा कि फार्म-7 से प्राप्त आवेदनों का स्थलीय निरीक्षण अवश्य किया जाये और निस्तारण करते समय टिप्पणी अवश्य दर्ज की जाये, जिससे पता चल सके कि किस कारण से नाम मतदाता सूची से हटाया जा रहा है। आयोग के मानक के अनुरूप जेण्डर रेशियों को बढ़ाने के निर्देश निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी व सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को दियें। इस मौके पर जिलाधिकारी श्री बी0 एन0 सिंह, मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) श्री सहदेव कुमार मिश्र, अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे) श्री रोहित यादव, उप जिलाधिकारी सदर श्री उत्कर्ष द्विवेदी, उप जिलाधिकारी घोरावल श्री राजेश सिंह, तहसीलदारगण, सहायक निर्वाचन अधिकारी श्री जगरूप सिंह पटेल, जिला पंचायत राज अधिकारी नमिता शरण, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी श्री मुकुल आनन्द पाण्डेय, जिला विद्यालय निरीक्षक श्री जय राम सिंह ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर श्री दिव्यतोष मिश्रा सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## गुजरात कमाने गए दो युवकों की मौत, शव पहुँचते ही परिजनों में मचा कोहराम।

**ब्यूरो चीफ/ विजय कुमार अग्रहरी। दैनिक समाज जागरण**

कोन/ सोनभद्र। स्थानीय थाना क्षेत्र के कोन निवासी सुचित कुमार (40वर्ष) पुत्र सुग्रीव कन्नौजिया व महेश कुमार (22वर्ष) पुत्र नंदलाल गुप्ता अपने दोस्तों के साथ कमाने गुजरात गए थे। इसी क्रम में बतातें चलें कि गुजरात के भरुच जिले के दहेज स्थित एक रासायनिक संयंत्र फ्लोरोकेमिकल्स लिमिटेड ( जीएफएल) फैक्ट्री में दोनों पिछले एक सप्ताह से काम कर रहे थे। वहीं शनिवार की रात में नाइट ड्यूटी के दौरान फैक्ट्री में हुई जहरीली गैस रिसाव से दोनों युवक बेहोश हो गए। बेहोशी की अवस्था में दोनों को कंपनी के कर्मचारियों ने अस्पताल में भर्ती कराया। जहाँ इलाज के दौरान दोनों की मौत हो गयी। मंगलवार की



सुबह एम्बुलेंस से दोनों की शव कोन स्थित उनके गाँव पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया और परिजन दहाड़े मारकर रोने लगे। गाँव में दोनों के शव आने की सुचना पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गयी। दोनों मृतक युवकों का घर एक ही गाँव में लगभग आस-पास ही है। मिली जानकारी के अनुसार गैस रिसाव में कुल चार युवकों की मौत होने की बात बताई जा रही है ।जिसमें दो कोन के व दो युवक झारखंड बॉर्डर के निवासी बताया गया। शव पहुंचते ही परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। परिजनों के अनुसार सुचित के तीन छोटे छोटे बच्चे हैं जिसमें दो लड़के व एक लड़की है। महेश का अभी शादी नहीं हुई थी। मिली जानकारी के अनुसार शव का दाह संस्कार कर दिया गया वहीं परिजनों ने बताया कि कम्पनी के तरफ से दाह संस्कार के लिए बीस हजार रुपये नगद व पंद्रह दिन में 30-30 लाख रुपये सहायता राशि देने का आश्वासन दिया है।

## राजकीय बालिका इण्टर कालेज दुद्धी में रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का किया गया आयोजन

**ब्यूरो चीफ/ विजय कुमार अग्रहरी। दैनिक समाज जागरण**

दुद्धी/ सोनभद्र। राज्य परियोजना निदेशक, उ० प्र० माध्यमिक शिक्षा अभियान लखनऊ के तत्वाधान में सोनभद्र में रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत राजकीय बालिका इण्टर कालेज दुद्धी में 3 माह के आत्मरक्षा प्रशिक्षण की शुरूआत हुई। जी०जी०आई०सी० दुद्धी विद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्या डॉ रीतिका श्रीवास्तव और डॉ प्रीति शर्मा ने किया एन आई एस कोच रवि सिंह हैं जो ताईक्वांडो दक्षिण कोरिया से ब्लॉक बेल्ट-4 डॉन, अन्तराष्ट्रीय गोल्ड मेडलिस्ट खिलाड़ी हैं एवं उत्तर प्रदेश राज्य पुरस्कार से सम्मानित हैं । कोच रवि सिंह द्वारा रानी लक्ष्मी बाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण के अन्तर्गत बालिकाओं से संवाद किया गया तथा उन्हें विभिन्न सरकारी एवं टोल-फ्री नम्बरों जैसे 1090-वूमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076 -मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइन, 102-स्वास्थ्य सेवा आदि के सम्बंध में जानकारी देते हुए जागरुक किया





गया। आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत बालिकाओं को विपरीत परिस्थितियों से सामना करने हेतु मानसिक एवं शारीरिक रूप से सशक्त बनाते हुए प्रशिक्षण के माध्यम से बालिकाओं को ताईक्वांडो आत्मरक्षा की ट्रेनिंग दी जा रही है। जिसमे पंच, किक, ब्लॉकिंग, और गले का छुड़ाना, हाथ का छुड़ाना, बाल का छुड़ाना, कन्धे का छुड़ाना आदि सुरक्षा के दॉव-पेंच बताये गये कि हमे सड़क पर अगर कोई छेड़ता है, तो उनको कैसे जवाब देना है और अपनी सुरक्षा कैसे करनी है, के बारे में बताया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्या डॉ0 रीतिका श्रीवास्तव ने बताया कि मार्शल आर्ट हमारे लिए बहुत जरूरी है। इससे हम मुसीबत में अपनी सुरक्षा कर सकते हैं। हम सब को आत्मरक्षा/सेल्फ डिफेंस की ट्रेनिंग लेनी चाहिये। आप सब भी ध्यान से सीखें और दूसरों को भी इसकी जानकारी दी विद्यालय के बालिकाओं की नोडल अधिकारी वर्षा के साथ-साथ शोभा कुमारी यादव और कुसुम सिंह संचिता श्रीवास्तव मनीष कुमार आदि लोग समारोह में उपस्थित रहे।

## बंद मकान में चोरें ने उड़ाया ज्वेलरी सहित लाखों का सामान

**दैनिक समाज जागरण। संवाददाता/ शिव प्रताप सिंह।**

ओबरा/ सोनभद्र। बीती रात सोमवार को ओबरा थाना क्षेत्र अंतर्गत अग्रवाल नगर कालोनी के एक मकान में धावा बोलकर लाखो का माल उड़ा दिया । बताते चले कि घर में रखी आलमारी तोड़कर आभूषण और नकदी उड़ा लिए। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। सूत्रों के अनुसार देवेंद्र राय खनन व्यवसायी के घर पर सोमवार रात चोरी हुई। गेट फांद कर घर में घुसे चोर लगभग तीन लाख रुपये नकदी, सोने-चांदी के आभूषण समेत करीब आठ लाख का सामान चुरा ले गए। पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हुई है। फुटेज के आधार पर पुलिस छानबीन में जुट गई है। घटना के समय घर में कोई नहीं था। देवेंद्र राय सोमवार को



परिवार के साथ बनारस गए घूमने गए थे। रात करीब एक बजे दो चोर अंदर घुस कर चोर दरवाजा तोड़कर वहां आलमारी में रखे नकदी और जेवरात ले उड़े। घटना का पता तब चला जब सुबह नौकर घर पर काम करने के लिए पहुंचा। घटना की सूचना परिजनों द्वारा देने पर पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई। घर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज में चोर साफ चोरी करते दिखाई दे रहे है। पीड़ित मकान मालिक ने बताया कि चोर पांच आलमारी का लॉकर तोड़ नकदी, समेत लगभग 8 लाख रुपए की चोरी की है । सीओ हर्ष पांडे ने बताया कि तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। बड़ा सवाल ये है कि घटना के वक्त मकान मालिक घर बंद कर के बाहर गए थे आखिर चोरी को घटना जब भी आती है तो ये सामने आता है कि ज्यादातर मकान मालिक उस वक्त घर में नहीं रहता। आखिर चोरी को ये जानकारी कैसे हो जाती है।

## केंद्रीयकृत लोक शिकायत निवारण एवं निगरानी प्रणाली से 3 वर्ष में 70 लाख शिकायतें सुलझाई गई

उन्नत भारत के लिए नागरिक-केंद्रित पहल "अमृत काल के इस दशक में हम अगली पीढ़ी के बदलाव को प्राथमिकता देंगे। हम सुनिश्चित करेंगे कि सभी नागरिक सुविधाएं अंतिम छोर तक नागरिकों को मिले; यह सुचारु रूप से बाधा या कठिनाई के बिना अंतिम व्यक्ति तक निर्बाध रूप से पहुंचें। देश के समग्र विकास के लिए लोगों के जीवन में सरकार और सरकारी प्रक्रियाओं में अनावश्यक बाधा समाप्त करना होगा।"

**प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी**

सरकार विकसित भारत के लिए नागरिक-केंद्रित दृष्टिकोण को प्राथमिकता दे रही है ताकि विकास प्रक्रिया में नागरिकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित हो। केंद्रीकृत लोक शिकायत निवारण और निगरानी प्रणाली (सीपीजीआरएएमएस) नागरिकों की परेशानियों का त्वरित समाधान कर उनके और सरकार के बीच के अंतर को पाटने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। वर्ष 2022 से 2024 तक, सीपीजीआरएएमए ने 70 लाख से अधिक शिकायतों का सफलतापूर्वक समाधान किया है जिससे अधिक उत्तरदायी और कुशल भारत बनाने में मदद मिली है।

**सीपीजीआरएएमएस के साथ कुशल शिकायत समाधान [1]**

प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग (डीएआरपीजी) द्वारा विकसित और निगरानी रखी जाने वाली केंद्रीकृत लोक शिकायत निवारण और निगरानी प्रणाली (सीपीजीआरएएमएस) हर दिन 24 घंटे उपलब्ध एक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म है जो केंद्र और राज्यों के सभी मंत्रालयों और विभागों के साथ जुड़ा हुआ है। लोग वेब पोर्टल, गूगल प्ले स्टोर पर उपलब्ध मोबाइल एप या उमंग एप के द्वारा शिकायत दर्ज कर सकते हैं। प्रत्येक शिकायत पर विशिष्ट पंजीकरण आईडी मिलती है जिससे उपयोगकर्ता अपनी शिकायत निवारण प्रगति का पता कर सकते हैं। इसके अलावा 'माई ग्रीवांस' एप शिकायत दर्ज करने और इसकी प्रगति की जांच के लिए एक स्वतंत्र प्लेटफॉर्म के तौर पर भी काम करता है। यदि कोई व्यक्ति शिकायत समाधान से असंतुष्ट है, तो वह शिकायत निपटान बंद होने के बाद फिर से अपील दायर कर सकता है। यदि प्रतिपुष्टि खराब की श्रेणी में चिह्नित किया जाए तो अपील का विकल्प सक्रिय हो जाता है। शिकायत पंजीकरण संख्या के उपयोग से अपील की स्थिति की जानकारी मिल सकती है। इसके अलावा, शिकायत निवारण की समयसीमा 30 दिन से घटाकर 21 दिन कर दी गई है।

**प्रभावी शिकायत निवारण के लिए दिशानिर्देश [2]**

सरकार ने पारदर्शिता, दक्षता और उत्तरदायित्व के साथ शिकायत निवारण व्यवस्था में सुधार के स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए हैं। ये दिशा-निर्देश शिकायतों का त्वरित और निष्पक्ष समाधान सुनिश्चित करते है। वर्ष 2024 के नीति दिशानिर्देश, शिकायतों को प्रभावी ढंग से सुलझाने की सरकार की प्रतिबद्धता के साथ ही 10 चरण की सुधार प्रक्रिया द्वारा किए गए सुधारों को प्रदर्शित करते हैं। एकीकृत प्लेटफॉर्मः सीपीजीआरएएमएस शिकायत दर्ज करने के लिए केंद्रीय प्लेटफॉर्म है जो उपयोग में काफी सुगम है। नोडल अधिकारीः प्रत्येक मंत्रालय/विभाग ने समयबद्ध और प्रभावी शिकायत समाधान के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किए हैं। नोडल अधिकारी शिकायतों का वर्गीकरण, लंबित मामलों की निगरानी, प्रतिपुष्टि विश्लेषण और निवारण अधिकारियों का अधिवीक्षण करेंगे। शिकायत प्रकोष्ठः प्रत्येक मंत्रालय/विभाग के समर्पित शिकायत प्रकोष्ठों में बेहतर सेवा के लिए जानकार कार्मिक तैनात किए गए हैं। शिकायत निवारण समय में कमीः शिकायत निवारण 21 दिनों के भीतर पूरी होनी चाहिए यदि अधिक समय की आवश्यकता हो तो अंतरिम उत्तर दी जानी चाहिए। शिकायत निवारण प्रक्रिया में तेजीः मंत्रालयों/विभागों में शिकायतों के निवारण के अधिवीक्षण के लिए अपीलीय अधिकारी और उप-नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। संपूर्ण सरकारी दृष्टिकोणः एकीकृत दृष्टिकोण सुनिश्चित करता है कि सभी सरकारी विभागों में शिकायतों को प्रभावी ढंग से सुलझाया जाए।प्रतिपुष्टि व्यवस्थाः फीडबैक या प्रतिपुष्टि एसएमएस/ईमेल के माध्यम से भेजा जाती है जिससे समाधान से असंतुष्टी की स्थिति में लोग अपील दायर कर सकते हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस युक्त उपकरण ट्री डैशबोर्ड जैसे उपकरण प्रक्रिया में सुधार के लिए फीडबैक का विश्लेषण करते हैं। शिकायत निवारण सूचकांकः शिकायत सुलझाने की प्रभावशीलता के आधार पर मंत्रालयों/विभागों की मासिक प्रदर्शन रैंकिंग दी जाती है। प्रशिक्षण और क्षमता वर्धनः शिकायत अधिकारियों को राज्य/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनिक प्रशिक्षण संस्थानों में सेवोत्तम योजना (संपूर्ण गुणवत्ता प्रबंधन के माध्यम से सेवा उत्कृष्टता) के अंतर्गत प्रशिक्षित किया जाता है। नियमित समीक्षाः वरिष्ठ अधिकारी नियमित तौर पर शिकायत सुलझाने के कार्यों की समीक्षा और लोगों को जागरूक बनाना सुनिश्चित करते हैं। इन दिशानिर्देशों का उद्देश्य शिकायत निवारण प्रणाली बेहतर बनाना, शिकायतों का त्वरित समाधान और इसमें बेहतर नागरिक सहभागिता सुनिश्चित करना है।

**सीपीजीआरएएमएस की प्रमुख उपलब्धियां [3]**

केंद्रीयकृत लोक शिकायत निवारण एवं निगरानी प्रणाली (सीपीजीआरएएमएस) अब 92 केंद्रीय मंत्रालयों, विभागों और संगठनों को 36 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों से जुड़ी है, जो 73,000 से अधिक सक्रिय अधीनस्थ उपयोगकर्ताओं द्वारा एक सुगम शिकायत निपटान मंच प्रदान करती है। इसके साथ 96,295 संगठनों के पंजीकृत होने से नागरिक जुड़ाव और सेवा वितरण में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। वर्ष 2022 से 2024 तक, इस प्रणाली से 70,03,533 शिकायतों का समाधान किया गया और 31 अक्टूबर 2024 तक 1,03,183 शिकायत निवारण अधिकारियों का डेटा या सूचना दृश्य प्रतिनिधित्व दशार्या। दिसंबर 2024 में चौथें सुशासन सप्ताह और प्रशासन गांव की ओर अभियान शिकायत निवारण में उत्प्रेरक रहा, जिसका उद्देश्य पूरे देश में सार्वजनिक शिकायतों को सुलझाना और सेवा प्रदान व्यवस्था में सुधार लाना था। 19-25 दिसंबर तक 700 से अधिक जिलों में आयोजित इस अभियान ने निम्नलिखित उपलब्धियां हासिल हुईः सेवा प्रदान किए जाने के अंतर्गत 2,99,64,200 आवेदन निपटाए गए राज्य पोर्टलों पर 14,84,990 शिकायतों का निपटारा किया गया केंद्रीयकृत लोक शिकायत निवारण एवं निगरानी प्रणाली पर 3,44,058 शिकायतों का निपटारा किया गया प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग (डीएआरपीजी) शिकायत निवारण में सुधार के लिए उन्नत नेक्स्टजेन सीपीजीआरएएमएस प्लेटफॉर्म विकसित कर रहा है। सातवें सीपीजीआरएएमएस पर आधारित यह प्लेटफॉर्म व्हाट्सएप/चैटबॉट, वॉयस-टू-टेक्स्ट लॉजिंग, तत्काल अलर्ट और ऑटो-एस्केलेशन जैसी सुविधाओं से युक्त है। शिकायत निवारण अधिकारियों को मशीन लर्निंग-आधारित ऑटो-रिप्लाई और ऑटो-पॉपुलेटेड रिपोर्ट से लाभ होगा। शिकायतों को सुलझाने पर नजर रखने वाले निकाय समूह, क्षेत्र और मंत्रालय वार शिकायतों पर नजर रख सकते हैं। नेक्स्टजेन सीपीजीआरएएमएस 1 जुलाई 2025 से आरंभ होने वाला है जिससे शिकायत समाधान प्रक्रिया और बेहतर बन जाएगी।

**सीपीजीआरएएमएसः वैश्विक मान्यता और नागरिक प्रभाव [4]**

सीपीजीआरएएमएस को प्रभावी शासन के मॉडल के रूप में वैश्विक मान्यता मिली है। अप्रैल 2024 में तीसरी द्विवार्षिक पैन-कॉमनवेल्थ हेड्स ऑफ पब्लिक सर्विस सम्मेलन में, राष्ट्रमंडल सचिवालय ने इसे भविष्य के लिए तैयार शासन उपकरण के रूप में स्वीकार किया। यह प्रणाली नागरिकों की शिकायत बेहतर सार्वजनिक सुरक्षा के साथ त्वरित समाधान में प्रभावी साबित हुई है। [5]ऐसी ही सफलता की कहानी श्री अमित कुमार की है, जिन्होंने 28 जून, 2024 को 46,530 रूपए का लंबित बिल भुगतान के बावजूद अपने बिजली मीटर फिर से लगाने में देरी की शिकायत दर्ज कराई। दो वर्ष पहले बिल चुकाने में देरी के कारण उनका बिजली कनेक्शन काट दिया गया था, और यूपीसीएल कुमाऊं जोन हल्द्वानी के उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम में कई शिकायतों के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई। सीपीजीआरएएमएस पर शिकायत दर्ज करने के बाद उनका मीटर दो दिनों के भीतर फिर से लगा दिया गया और मीटर की सीलिंग का प्रमाणपत्र प्रदान किया गया, जिससे समस्या का तुरंत समाधान हो गया।

# पूर्व सैनिकों व शहीद दिंवगत सैनिकों की पत्नीयो तथा उनके आश्रितों की समस्याओं के निराकरण हेतु जिला सैनिक बन्धुओं की मासिक बैठक आयोजित हुई

**दैनिक समाज जागरण मुस्कान खान जनपद बिजनौर**

बिजनौर जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता मे कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में पूर्व सैनिकों एवं शहीद व दिवंगत सैनिकों की पत्नियों तथा उनके आश्रितों की समस्याओं के निराकरण हेतु जिला सैनिक बन्धु की मासिक बैठक आयोजित हुई। बैठक के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक देहात, एल०डी०एम० पंजाब नेशनल बैंक, तथा लगभग 25 पूर्व सैनिक उपस्थित रहे। बैठक में भूमि एंव पुलिस सम्बन्धी समस्यायें प्राप्त हुई। सभी प्रार्थना पत्रों को जिलाधिकारी




ने बहुत ही ध्यान से सुना एवं सम्बन्धित प्रशासनिक अधिकारियों कों त्वरित निस्तारण हेतु निर्देशित किया बैठक के अंत में कहा कि हालांकि उनका प्रयास पूर्व सैनिकों की समस्याओं का निस्तारण उनकी प्राथमिकता रहती है, फिर भी यदि किसी पूर्व सैनिक की कोई समस्या होती है उनसे उनके कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में मिल सकते है। जिनका समाधान भी प्रशासन की प्राथमिकता रहेगी।

# मुस्लिम फंड नजीबाबाद के के पूर्व कर्मचारी सय्यद नजाकत अली का बीमारी के चलते 66 वर्ष की उम्र में निधन

**दैनिक समाज जागरण मुस्कान खान जनपद बिजनौर**

नजीबाबाद। मुस्लिम फंड नजीबाबाद के सेवानिवृत्त कर्मचारी व वॉलीवाल ताजवर स्पोटिंग क्लब के सीनियर खिलाड़ी सय्यद बाबर अली के बडे भाई सय्यद नजाकत अली का बीमारी के चलते 66 वर्ष की उम्र में निधन। नगर के मौहल्ला पठानपुरा निकट जामा मस्जिद निवासी मुस्लिम फंड में कार्यरत पूर्व सीनियर कर्मचारी सय्यद नजाकत अली का बीमारी के चलते सोमवार की शाम 7:30 मिनट पर लगभग 66 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। वो फेफड़ों की बीमारी से



पीडित थे। रविवार को तबीयत खराब होने पर उन्हें हरिद्वार रोड़ स्थित लाइफ लाइन हास्पिटल ले गये थे। जहाँ उन्होने आखिरी सांस ली। मरहूम बेहद खुश अखलाक और खुश मिजाज इन्सान थे। मंगलवार को उन के पैतृक कब्रिस्तान सरवरवाली में उन्हें बाद नमाज ए जोहर सुपुर्द ए खाक किया गया। उनके के जनाजे. में नगर पालिका चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम, मुस्लिम फंड नजीबाबाद के जीएम काजी. गय्यूरूल हक बिलाल, अल नजीब कंपनी के पर्सनल सैक्शन इंचार्ज सय्यद नईमुल हसन, एकाउंट सैक्शन इंचार्ज सईद अहमद, लईक चौधरी, शफीउल्ला खां, जमील अहमद, नसीम अहमद अंसारी, शसय्यद आजम अली, सय्यद फिरासत हुसैन,शादाब जफर, महताब नजमी, शहजाद्द आलम, शकील मिर्जा, विसाल अहमद, डाक्टर रईस अहमद भारती, मरगूब हुसैन नासिर, मौहम्मद कासिम, हसीन खां एडवोकेट, पूर्व प्रिंसिपल अब्दुल सत्तार, सय्यद मुजफ्फर अली, सय्यद अतीक अहमद, मौहम्मद कामिल, नौशाद अहमद सैफी, मौहम्मद शाकिर, काजी हिलाल, इकराम सैफी, अब्दुल मन्नान, मौहम्मद जावेद ड्राइवर आदि लोगो ने शिरकत की। वही उनके निधन पर सय्यद इकबाल अहसन एडवोकेट, डाक्टर सय्यद मरगूब आलम, सय्यद महताब आलम एडवोकेट, सय्यद सिकंदर एडवोकेट, मौहम्मद इरफान ताहिर, रिवाज शम्सी, इजहार सिद्दीकी, हाजी मौहम्मद हनीफ, तसलीम सैफी, फैसल तैय्यब, कमर आलम, संजीव ग्रोवर,इसारूल हक शम्सी, शहजाद खां, विकार आलम, कपिल सर्राफ वसीम अहमद एडवोकेट, राजीव ग्रोवर, अनीस विसाल अंसारी एडवोकेट, मुकेश सिन्हा, शहादत अली निजामी आदि ने रंजोगम का इजहार किया है।

# टीसीए स्कूल के मेनेजिंग डायरेक्टर इमरान सिद्दीकी का विवाह धुमधाम से हुआ फिरदौस सिद्दीकी के साथ

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी जनपद बिजनौर**

नहटौर जनपद बिजनौर के नहटौर मे स्थित इंग्लिश मीडियम टीसीए कान्वेंट स्कूल के संस्थापक व एबीएसए असिस्टेंट आफताब सिद्दीकी के भतीजे टीसीए स्कूल के मेनेजिंग डायरेक्टर इमरान सिद्दीकी पुत्र मरहूम इश्तियाक सिद्दीकी निवासी नहटौर का विवाह जुल्फुकार सिद्दीकी की पुत्री फिरदौस सिद्दीकी निवासी नूरपुर के साथ बड़े धूमधाम से हुआ विवाह समारोह मे नगर के बाल रोग विशेषज्ञ डॉक्टर नाजिम अली युवा वाहिनी के मुरादाबाद मंडल अध्यक्ष व धामपुर तहसील के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉक्टर एनपी सिंह



अशवाक सिद्दीकी समाजसेवी हल्द्वानी निवासी बब्बू भाई मास्टर फुरकान दैनिक समाज जागरण हिंदी समाचार पत्र के जिला प्रभारी शमीम सिद्दीकी लोकप्रिय सिटी न्यूज चैनल की एमडी निधि शर्मा व अमित धीमन समाजसेवी अतहर मंसूरी पत्रकार जहांगीर भारती ब्लॉक प्रमुख राकेश चौधरी नहटौर चेयरपर्सन पति जेद रशीद नहटौर पूर्व चेयरमैन नहटौर राजा अंसारी मोहम्मद आमिर खंड शिक्षा अधिकारी बागपत राशिद सिद्दीकी मास्टर नईम जाकिर एडवोकेट हाजी शमीम हाजी आफाक आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे सभी ने शादी समारोह मे तैयार तरह तरह के खाने के व्यंजन व मिठाइयों का आनंद लिया और दूल्हा दुल्हन को दुआओं से नवाजा

# बिसौली में बेकाबू डंपर ने ई - रिक्शा को मारी टक्कर, एक की मौत, चार घायल

**युधिष्ठिर यादव/दैनिक समाज जागरण**

बिसौली बदायूं। कोतवाली क्षेत्र के गांव बसई के समीप ई-रिक्शा को डंपर ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में किशोरी की मौत हो गईं। जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मंगलवार शाम को एक ई - रिक्शा बिसौली की ओर से आ रहा था। तभी बसई गांव के पास डंपर ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे ई रिक्शा सवार एक किशोरी की मौके पर ही दर्दनाक बहुत हो गई। वहीं नेमवती पत्नी ठाकुरदास निवासी बाकरपुर एवं मिथलेश पत्नी धर्मवीर निवासी मई बसई हरि सिंह पुत्र प्रेमपाल निवासी नौली हरनाथपुर



एवं ब्रह्मा देवी पत्नी सोनपाल निवासी नौली हरनाथपुर गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनको इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिसौली में भर्ती कराया गया। वहीं दो लोगों की गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस व ग्रामीणों ने ई रिक्शा में सवार ग्रामीणों को बाहर निकाला और एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। पुलिस ने डंपर चालक को अपने हिरासत में ले लिया है। अचानक हुई इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया।

# अल नजीब कंपनी से सेवानिवृत्त होने पर स्टाफ ने फूल मालाए पहनाकर व शॉल ओढाकर कर मौहम्मद आलम को भावभीनी विदाई दी

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी जनपद बिजनौर**

नजीबाबाद। अल नजीब मिल्ली म्युच्यूअल बेनिफिट निधि लिमिटेड कंपनी नजीबाबाद शाखा के कर्मचारी मौहम्मद आलम के सेवानिवृत्त हो पर स्टाफ ने दी भावभीनी विदाई। मंगलवार को अपनी 60 वर्ष की सेवा देने के बाद अल नजीब मिल्ली म्युच्यूअल बेनिफिट निधि लिमिटेड कंपनी नजीबाबाद शाखा पठानपुरा में सीनियर क्लर्क के पद से सेवानिवृत्त हुए मौहम्मद आलम को स्टाफ द्वारा शॉल ओढाकर व तोहफे देकर भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम का आगाज शहजाद आलम नौमानी ने कलाम ए पाक पढकर कार्यक्रम का आगाज किया। इस मौके पर बोलते हुए मुस्लिम फंड के जनरल मैनेजर काजी गय्यूरूल हक बिलाल ने कहा कि मौहम्मद आलम का कार्यकाल अच्छा रहा उन्होने इदारे के लिए मेहनत ईमानदारी से कार्य किया। अल नजीब कंपनी के पर्सनल सैक्शन इंचार्ज सय्यद नईमुल हसन ने उन के उज्जवल भविष्य की कामना करते



हुए कहा कि वो जिस ब्रांच में भी रहे कम तालीम के बावजूद हर काम को बेहद जिम्मेदारी से निभाया। शाखा पठानपुरा प्रबंधक इकरामुल हक सैफी ने कहा की वो मेरे बडे भाई जैसे थे वो शाखा में रहते थे तो मुझे महसूस होता था कि मेरा बड़ा भाई मेरी सरपरस्ती कर रहा है। उनके साथ रहे शादाब जफर ने कहा कि जब हम दोनों पठानपुरा में थे तो काम के साथ साथ आलम भाई के नोक झोक के काफी हंसी मजाक भी रहती थी पर आलम भाई ने कभी बुरा नहीं माना। कार्यक्रम को इनके अलावा सय्यद फिरासत हुसैन, मिर्जा शकील बेग, मौहम्मद कासिम डाक्टर फिरोज, वकील अहमद आदि ने संबोधित किया। कार्यक्रम में डाक्टर वसीम बारी,शफीउल्ला खां, समीर अहमद, मौहम्मद आरिफ, हसीन अहमद,अमीकू, नौशाद अहमद सैफी, मौहम्मद सालिम, सलमान अहमद, शमीम अहमद, सुहैल सैफी, नसीम उस्मानी, मौहम्मद कामिल, शरीफ मंसूरी, मौहम्मद राशिद, फरमान खां, तसलीम अहमद उर्फ बॉबी, हमजा, वसीम अहमद, मौहम्मद इकराम,मौहम्मद आदिल आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता वकील अहमद ने की व संचालन शहजाद आलम नौमानी ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुस्लिम फंड के जनरल मैनेजर काजी गय्यूरूल हक बिलाल व अल नजीब कंपनी के पर्सनल सैक्शन इंचार्ज सय्यद नईमुल हसन रहे।

# नगर मजिस्ट्रेट की सेवानिवृत्ति पर हुआ कार्यक्रम

**आई एम खान/दैनिक समाज जागरण ब्यूरो**

बदायूँ। जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव ने कलेक्ट्रेट स्थित अटल बिहारी वाजपेई सभागार में 31 दिसंबर को सेवानिवृत हुए नगर मजिस्ट्रेट देवेंद्र पाल सिंह को आयोजित कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ उन्हें सेवानिवृत्ति पर शुभकामनाएं दी। लंबी अवधि तक मेडिकल पर रहे नगर मजिस्ट्रेट 31 दिसंबर को



सेवानिवृत हो गए हैं। उन्हें सेवानिवृत्ति पर स्मृति चिन्ह भी भेंट किया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त वैभव शर्मा, अपर जिलाधिकारी प्रशासन अरुण कुमार, जिला राजस्व अधिकारी प्रवर्धन शर्मा सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

# शासन के निदेर्शों के तहत ठंड से बचाव के लिए सक्रिय प्रशासनः जिलाधिकारी ने किया रात्रि में निरीक्षण

**जिलाधिकारी ने शीत लहर के दृष्टिगत किया रैन बसेरे व अलाव का स्थलीय निरीक्षण**

**जरूरतमंद व असहाय वर्ग के लोगों को वितरित किया कंबल**

**आई एम खान/दैनिक समाज जागरण ब्यूरो**

बदायूं। ठंड के मौसम में रात्रि के दौरान विशेषकर बेघर, मजदूर और दूर-दराज के इलाकों से आए यात्रियों के लिए अलाव और रैन बसेरे जीवनरक्षक साबित होते हैं। शासन



का यह प्रयास है कि कोई भी व्यक्ति ठंड के कारण प्रभावित न हो और जरूरतमंदों को तुरंत राहत मिले। शासन के निदेर्शों के क्रम में यह सुनिश्चित करने के लिए कि सर्दी के मौसम में कोई भी व्यक्ति ठंड में रात्रि में न रहे, जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव ने मंगलवार की रात्रि में अलाव और रैन बसेरे का स्थलीय निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अलाव की स्थिति, रैन बसेरे की साफ-सफाई और वहां उपलब्ध सुविधाओं को परखा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि रैन बसेरों में आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं और यह ध्यान रखा जाए कि कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति ठंड में बाहर न रहे। जिलाधिकारी ने जनसामान्य से अपील की कि अगर कोई व्यक्ति ठंड में परेशान हो, तो इसकी सूचना तुरंत प्रशासन को दें, ताकि समय पर सहायता पहुंचाई जा सके। रैन बसेरे के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने आगंतुक रजिस्टर, साफ-सफाई व्यवस्था, शौचालय, बिस्तर इत्यादि सुविधाओं को देखा एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने निरीक्षण के दौरान क्षेत्र अलाव का भी निरीक्षण किया, क्षेत्र के प्रमुख स्थलों पर अलाव जलते हुए पाया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने जरूरतमंद व असहाय वर्ग के लोगों को ठंड से बचाव के लिए कंबल वितरित किया। जिलाधिकारी ने कहा कि ठंड के दृष्टिगत कोई भी व्यक्ति सड़क किनारे या खुले आसमान के नीचे ना सोए, रैन बसेरे का आश्रय ले, वहां पर सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हैं।जिलाधिकारी ने पुलिस लाइन चौराहा, इंदिरा चौक, शहबाजपुर, नवादा चौराहा, काली सड़क,चौधरी सराय, लालपुल,कचहरी आदि जगहों पर लाव का निरीक्षण किया। इस अवसर पर पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

# *प्रवेश कुमार को आरटीआई अटैक ऑन करप्शन संगठन का ब्लॉक अध्यक्ष पवांसा मनोनित किया

**दैनिक समाज जागरण**

।संभल। देश के प्रतिष्ठित आरटीआई संगठन आरटीआई अटैक ऑन करप्शन एसोसिएशन ऑफ इंडिया से जनपद संभल के विकासखंड पवांसा का ब्लॉक अध्यक्ष मनोनित किया गया है। यह मनोनयन जनपद संभल के जिला अध्यक्ष रिंकू दिवाकर के द्वारा मंडल उपाध्यक्ष, मंडल मुरादाबाद राजेश कुमार के सानिध्य में किया गया है। इस मनोनयन का



उद्देश्य यह है कि प्रवेश कुमार संगठन की नीतियों का प्रचार प्रसार जनहित में करेंगे। आरटीआई अटैक ऑन करप्शन एसोसिएशन ऑफ इंडिया संगठन का प्रमुख ध्येय है कि यह संगठन जनहित में न्याय हित में कार्य करता है। यह संगठन संपूर्ण भारतवर्ष में फैला हुआ है। समस्त राज्यों से विद्वान अधिवक्ता, दिग्गज पत्रकार और वरिष्ठ आरटीआई एक्टिविस्ट इस संगठन में निःशुल्क अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं

# *नफीस हुसैन को आरटीआई अटैक ऑन करप्शन संगठन का ब्लॉक अध्यक्ष बनियाखेड़ा मे मनोनित किया*

**दैनिक समाज जागरण**

संभल। देश के प्रतिष्ठित आरटीआई संगठन आरटीआई अटैक ऑन करप्शन एसोसिएशन ऑफ इंडिया से जनपद संभल के विकासखंड बनियाखेड़ा का ब्लॉक अध्यक्ष मनोनित किया गया है। यह मनोनयन जनपद संभल के जिला



अध्यक्ष रिंकू दिवाकर के द्वारा मंडल उपाध्यक्ष, मंडल मुरादाबाद राजेश कुमार के सानिध्य में किया गया है। इस मनोनयन का उद्देश्य यह है कि नफीस हुसैन संगठन की नीतियों का प्रचार प्रसार जनहित में करेंगे। आरटीआई अटैक ऑन करप्शन एसोसिएशन ऑफ इंडिया संगठन का प्रमुख ध्येय है कि यह संगठन जनहित में न्याय हित में कार्य करता है। यह संगठन संपूर्ण भारतवर्ष में फैला हुआ है। समस्त राज्यों से विद्वान अधिवक्ता, दिग्गज पत्रकार और वरिष्ठ आरटीआई एक्टिविस्ट इस संगठन में निःशुल्क अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं

# वूमेन कमेटी के लिए कु. अंजली को अध्यक्ष में रूप में चुना गया।

**दैनिक समाज जागरण**

बहजोई। डिवाइन फेथ फैलोशिप चर्च बहजोई में पास्ट्रेट कॉन्फ्रेंस की मीटिंग आयोजित की गई। कुल 11 सदस्य उपस्थित आये। पवित्र बाइबल से मत्ती 18 अध्याय उसके 1 पद से 10 पद तक पढ़ा गया । कु. बेबी मसीह ने प्रार्थना की। कोरम पुरा पाया गया। अध्यक्ष के अनुमोदन से मीटिंग की कार्रवाई प्रारंभ की गई। अध्यक्ष द्वारा सभी उपस्थित आए सदस्यों को बताया गया कि पुरानी कमेटी भंग की जाती है और सभी के हाथ उठाने के द्वारा पुरानी कमेटी को भंग कर दिया गया। अध्यक्ष ने नई कमेटी के लिए सभी सदस्यों से बिंदुवार अपने विचार रखने का आग्रह किया सभी सदस्यों ने अपने विचार बिंदु रखें। विचार बिन्दुओ पर गहन चिंतन मनन करने के उपरान्त सभी पदों पर पदाधिकारियों को चर्च की सेवा के लिए चुना गया। अध्यक्ष पद के लिए सभी सदस्य ने विचार विमर्श के बाद कहा कि पूर्व वर्षों की भांति अध्यक्ष पद पादरी डॉ. राहुल उठवाल बने रहेंगे। उनके दिशा निर्देश के अनुसार सभी कमेटियाँ अपना कार्य करेंगी। चर्च सेक्रेटरी पद के लिए आकांक्षा रॉबिंसन को चुना गया, कु. कोमल और मंटू रॉबिंसन को असिस्टेंट सेक्रेटरी चुना गया। ट्रेजरार पद के लिए अर्जुन को ट्रेजरार चुना गया एवं असिस्टेंट ट्रेजरार के रूप में मंटू रॉबिंसन को चुना गया। वूमेन कमेटी के लिए कु. अंजली को अध्यक्ष में रूप में चुना गया। इसके अतिरिक्त वूमेन कमेटी के सदस्य के रूप में कु. खुशी, आकांक्षा रोबिन्सन, कु. रोशनी, बेबी मसीह, कु. कोमल, कु. पूर्णिमा, अंजली, मुस्कान को चुना गया। सन्डे स्कूल का सुपरिटेंडेंट कु. कोमल को चुना गया। असिस्टेंट सुपरिटेंडेंट पद के लिए कु. खुशी और कु. अंजली को चुना गया, किसी एक की अनुपस्थिति में दूसरा इस जिम्मेदारी को संभालेगा। प्रॉपर्टी कमेटी का सेक्रेटरी कु. अंजली को चुना गया, असिस्टेंट सेक्रेटरी आकांक्षा एवं सदस्य के रूप में शैलिन, रोशनी, मुस्कान, खुशी, अमित रॉबिंसन, मोटू रॉबिंसन को चुना गया। चर्च क्वायर कमेटी के लिए रोशनी, महक, भूमि पूर्णिमा खुशी, शैलिन, मुस्कान, संजना, बेबी मसीह, कोमल को कमेटी का सदस्य चुना गया। सोशल सर्विस कमेटी का सेक्रेटरी कु. अंजली को चुना गया और सदस्य के रूप में कु. कोमल, शैलिन, खुशी, प्रिंस आदि को चुना गया। इवेंज्लिकल कमेटी का सेक्रेटरी कु. शैलिन एवं असिस्टेंट सेक्रेटरी श्रीमती आकांक्षा को चुना गया। सलाहकार कमेटी के सदस्य पद के लिए पादरी प्रवीन कुमार, गंगाराम एवं अर्जुन को चुना गया। उक्त सभी पद कमेटी के सभी सदस्यों के समर्थन में हाथ उठाने के द्वारा चुने गए। किसी भी सदस्य का किसी भी अन्य सदस्य से कोई मतभेद नहीं है सभी के हस्ताक्षर द्वारा उक्त रेजोल्यूशन की पुष्टि की घोषणा की गई और अंत में अध्यक्ष द्वारा प्रार्थना कर मीटिंग समाप्ति की घोषणा की गई।

# विकासखंड गुन्नौर में ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक सम्पन्न

**दैनिक समाज जागरण**

बहजोई/संभल। विकासखण्ड गुन्नौर में ब्लॉक बाल कल्याण एवं सरंक्षण समिति की बैठक संपन्न हुई। समिति की बैठक में बालकों को बाल संरक्षण एवं सशक्त संरक्षणात्मक परिवेश पालन पोषण करने, बाल श्रम, बाल तस्करी, बाल विवाह, परिवार की देख-रेख पाने, हिंसा व दुर्व्यवहार से बचने और सरक्षण जैसे विषय पर चर्चा की गयी। उक्त बैठक में उपस्थित बाल विकास परियोजना अधिकारी द्वारा चिकित्सा अधीक्षक एवं अन्य उपस्थित सदस्यों को किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं सरक्षण) अधिनियम 2015 एवं बाल संरक्षण एवं कल्याण से जुडी योजनाओं के सम्बन्ध में विस्तृत रूप से बताया। बैठक में सरक्षण अधिकारी तेजपाल यादव ने सरकार द्वारा बालकों एवं छात्राओं के हितार्थ





चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमगला योजना, स्पॉन्सरशिप योजना, बाल श्रम, बाल विवाह आदि एवं विभिन्न हेल्पलाइन नंबर जैसे 1098, 181, 112, 1076 आदि हेल्पलाइन नंबर जिनका प्रयोग आपातकाल स्थिति में किया जा सकता है के बारे में विस्तारपूर्वक बताया सहायक विकास अधिकारी (पंचायत)ने बैठक के माध्यम से समस्त सचिवों को निर्देश दिये कि ग्राम पंचायत स्तर की बैठक में समस्त सदस्यों की सक्रिय सहभागिता होनी चाहिए, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाशत नहीं की जाएगी। बैठक में बाल विकास परियोजना अधिकारी, खण्ड शिक्षा अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी, बाल कल्याण अधिकारी एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# अशोक कुमार को आरटीआई अटैक ऑन करप्शन संगठन का मीडिया प्रभारी तहसील चंदौसी मनोनित किया -

**दैनिक समाज जागरण**


संभल। देश के प्रतिष्ठित आरटीआई संगठन आरटीआई अटैक ऑन करप्शन एसोसिएशन ऑफ इंडिया से जनपद संभल के मीडिया प्रभारी तहसील चंदौसी मनोनित किया गया है। यह मनोनयन जनपद संभल के जिला अध्यक्ष रिंकू दिवाकर के द्वारा मंडल उपाध्यक्ष, मंडल मुरादाबाद राजेश कुमार के सानिध्य में किया गया है। इस मनोनयन का उद्देश्य यह है कि अशोक कुमार संगठन की नीतियों का प्रचार प्रसार जनहित में करेंगे। आरटीआई अटैक ऑन करप्शन एसोसिएशन ऑफ इंडिया संगठन का प्रमुख ध्येय है कि यह संगठन जनहित में न्याय हित में कार्य करता है। यह संगठन संपूर्ण भारतवर्ष में फैला हुआ है। समस्त राज्यों से विद्वान अधिवक्ता, दिग्गज पत्रकार और वरिष्ठ आरटीआई एक्टिविस्ट इस संगठन में निःशुल्क अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं



# जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया द्वारा बहजोई के पजाया स्थित बस स्टैंड के पास बनाये गये अस्थायी रैन बसेरे का निरीक्षण किया

**दैनिक समाज जागरण**

बहजोई। जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया द्वारा बहजोई के पजाया स्थित बस स्टैंड के पास बनाये गये अस्थायी रैन बसेरे का निरीक्षण किया सभी व्यवस्थाओं को चैक किया तथा वहाँ स्थित जरुरतमंद लोगों को कम्बल का वितरण भी किया तथा शीतलहर के दृष्टिगत अलाव जलाने की व्यवस्था को भी देखा। जिलाधिकारी ने बताया कि शासन की ओर से जनपद के लिए कुल 3296 कम्बल वितरण का लक्ष्य आया है जिसके अंतर्गत 2105 कम्बलों का वितरण कर दिया गया है शेष कम्बल भी शीघ्र वितरित कर दिये जाएंगे। इसके अतिरिक्त सीएसआर के माध्यम से भी लगभग 1000 कम्बलों की व्यवस्था की गयी उनका भी वितरण किया गया है तथा 92 स्थानों पर अलाव जलाने की व्यवस्था की गयी है तथा अलाव जलाने की जियो टैग फोटो भी मंगाये जा रहे है। जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित किया कि दिन में भी अलाव जलाने की व्यवस्था की जाए। इसके



उपरांत जिलाधिकारी द्वारा चंदौसी नगर पालिका के अन्तर्गत रेलवे स्टेशन के नजदीक स्थित रैन बसेरे का निरीक्षण किया एवं सभी व्यवस्थाओं को चैक किये एवं संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि महिला एवं पुरुष के लिए अलग से व्यवस्था की जाए । जरुरतमंद लोगों को कम्बल का वितरण किया तथा रेलवे स्टेशन के पास भी जरुरतमंद लोगों को कम्बल वितरण किये गए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा, तहसीलदार चंदौसी धीरेन्द्र सिंह, आपदा विशेषज्ञ ए. के यादव, एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सेल को दूसरी बार ग्रेट प्लेस टू वर्क का दर्जा मिला

स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) को जनवरी 2025 से जनवरी 2026 तक के लिए ग्रेट प्लेस टू वर्क इंस्टीट्यूट, इंडिया द्वारा प्रतिष्ठित 'ग्रेट प्लेस टू वर्क' का दर्जा दिया गया है। सेल को दूसरी बार यह प्रमाणन मिला है। इससे पहले दिसंबर 2023 से दिसंबर 2024 तक के लिए उसे यह दर्जा दिया गया था। लगातार दूसरी बार वैश्विक मान्यता प्रदान किए जाने में कंपनी के अभिनव मानव संसाधन पहल का उल्लेख किया गया है। इनमें कार्यस्थल के अलावा अन्य कार्य योजना (वर्क अदर देन वर्क प्लेस) शहरी कर्मचारियों के लिए उनके अनुकूल कार्य समय, लिंक्डइन लर्निंग हब और ई-पाठशाला के माध्यम से अपनी गति से सीखना, नेशनल एसोसिएशन ऑफ सॉफ़्टवेयर ऐंड सर्विसेज कंपनीज (नैसकॉम) के साथ उच्च-स्तरीय सूचना प्रौद्योगिकी और डिजिटल प्रशिक्षण, भारतीय प्रबंध संस्थान (आईआईएम) और भारतीय विज्ञापन मानक परिषद (एएससीआई) के सहयोग से नेतृत्व विकास कार्यक्रम, कर्मचारी सहायता कार्यक्रमों के तहत ई-परामर्श, स्वास्थ्य सेवाओं में बढ़ोतरी और वरिष्ठ अधिकारियों के लिए नेतृत्व कोचिंग कार्यक्रम शामिल हैं। इन सभी पहल का उद्देश्य कार्य उत्पादकता बढ़ाना, कर्मचारियों को भविष्य की तकनीकी प्रगति के लिए सक्षम बनाना और उनकी क्षमता का पूर्ण उपयोग करना है।

ग्रेट प्लेस टू वर्क इंस्टीट्यूट एक वैश्विक संगठन है जो कठोर मूल्यांकन प्रक्रिया अपनाकर नियोक्ताओं द्वारा उत्कृष्ट कर्मचारी तैयार करने को मान्यता प्रदान करता है। संस्थान ने व्यापक सर्वेक्षण में सेल के कर्मचारियों से सीधे फीडबैक के आधार पर सेल को यह दर्जा प्रदान किया है। सेल के अध्यक्ष श्री अमरेंदु प्रकाश ने कहा कि सेल को लगातार ग्रेट प्लेस टू वर्क का दर्जा मिलना बड़ी उपलब्धि है जो कार्यस्थल संस्कृति को बढ़ावा देने और आपसी विश्वास, सहयोग और कर्मचारी सशक्तिकरण पर आधारित सकारात्मक कर्मचारी माहौल प्रदान करने की निरंतर प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है।

